

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

TITLE CODE :UPHIN49919

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 089 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 12 जनवरी 2023 http://samajjagran.in पेज:08 मूल्य 02 रुपया


# राहुल गांधी की बढ़ेगी मुसीबत,

## हत्या का केस दर्ज कराने पहुंचे जगदगुरु परमहंसाचार्य

उत्तर प्रदेश अयोध्या : राम नगरी में अपने बयानों को लेकर हमेशा चचाओं में रहने वाले जगदगुरु परमहंसाचार्य एक बार फिर सुर्खियों में है. इस बार कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के खिलाफ उनकी ही हत्या का मामला दर्ज कराने परमहंसाचार्य अयोध्या कोतवाली पहुंच गए. जगतगुरु ने कोतवाल अयोध्या को तहरीर दी और उनके तर्कों को सुनकर कोतवाल अयोध्या ने तहरीर ले ली, लेकिन सवाल यह उठता है कि इस तरह के क्रियाकलाप को लेकर वह लगातार चर्चा में हैं क्या इस मामले पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत करेगी या नहीं?

शिकायती पत्र में जगदगुरु ने तर्क दिया है कि राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने राहुल गांधी को मार दिया है. उनके बयानों को लेकर के जगदगुरु परमहंसाचार्य कोतवाली अयोध्या पहुंच गए और इतना ही नहीं उन्होंने इस बात का दुख जाहिर किया है कि कहीं राहुल गांधी का हमशक्ल सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी को मार ना दे. इसके बाद राहुल गांधी को लेकर बयान देते हुए तर्क दिया कि राहुल गांधी से प्रियंका गांधी की मुलाकात के जो विजुअल सामने आया उसको देखकर लगता है कि राहुल गांधी नहीं उनका हमशक्ल यही है.






जगदगुरु परमहंसाचार्य ने कहा कि मुझे एक वीडियो क्लिप मिली है. राहुल गांधी की तरह एक हमशक्ल दावा कर रहा है कि उसने राहुल गांधी की हत्या कर दी है. वह कह रहा है वह राहुल गांधी नहीं है उसने राहुल गांधी को मार दिया है, तो मैं बहुत आहत हुआ पूरे राज्य में और पूरे देश में लोग आहत हैं. जगदगुरु परमहंसाचार्य ने कहा कि मुझे बड़ा आघात पहुंचा है. आज हमने कोतवाली अयोध्या में तहरीर दी है कि हमशक्ल राहुल गांधी का जो दावा कर रहा है कि इसने राहुल गांधी की हत्या कर दी है. मुझे डर है कि कहीं ये प्रियंका वाड्रा और सोनिया गांधी की भी हत्या न कर दे. इससे देश की छवि प्रभावित हुई है. इस पर कार्रवाई के लिए हमने कोतवाली में तहरीर दी है. कोतवाली अयोध्या से मैं आशा करता हूं कि विधिक कार्रवाई होगी.

उन्होंने कहा कि इसकी हरकतें भी बड़ी अजीबोगरीब है. कभी यह संघ के कार्यकताओं कौरव बताते हैं, जिस तरह से इनकी हरकत देखने को मिल रही है प्रियंका वाड्रा के साथ में और तमाम लोग के साथ में हमको भी लग गया यह राहुल गांधी का हमशक्ल है या नकली राहुल गांधी है और ना जाने कितने लोगों को मार सकता है. इस पर जांच होनी चाहिए और बहुत जल्दी यह बहुत बड़ा गंभीर मामला है, तो आज हमने तहरीर दी है.

## सिकंदरपुर में पूर्व विधायक संजय यादव के आवास पर होगा मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का रात्रि प्रवास

***मंत्री स्वतंत्र देव सिंह बलिया में,12 जनवरी को गांधी इंटर कालेज सिकंदरपुर में विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम में करेंगे सहभाग***

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, जल संसाधन, नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति मंत्री भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह का बुधवार को बलिया जिले में है। वह जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस में रूकने की बजाय सिकंदरपुर के पूर्व विधायक संजय यादव के आवास पर रात्रि प्रवास करेंगे।




जारी प्रोटोकॉल के मुताबिक मंत्री स्वतंत्र देव सिंह दिन में तीन बजे लखनऊ से प्रवास करेंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से होकर सिकंदरपुर में रात्रि पहुंचेंगे। पूर्व विधायक संजय यादव के आवास पर मंत्री का रात्रि प्रवास होगा। अगले दिन स्वामी विवेकानंद की जयंती पर गांधी इंटर कालेज सिकंदरपुर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सहभाग करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का कारवां जिला मुख्यालय पहुंचेगा। जिला मुख्यालय पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में कुछ विश्राम करने के पश्चात मंत्री कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ दो घंटा मंडलीय समीक्षा बैठक करेंगे। आगे का कार्यक्रम अभी जारी नहीं है कि मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुरुवार की शाम भी बलिया रुकेंगे की लखनऊ निकल जाएंगे।

## खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्यों से औरंगाबाद जिले में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है।

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र प्रभारी सह ब्यूरो चीफ, मगध प्रमंडल (बिहार)

मगध (बिहार) 11 जनवरी 2023: - खेलों को बढ़ावा देने के लिए सांसद खेल महोत्सव का



आयोजन औरंगाबाद जिले में किया गया है जिसमें लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा और प्रखंड स्तर पर खेल का आयोजन कराया जाएगा। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए सांसद खेल महोत्सव की पहल की है। इसके तहत खेल महोत्सव में कबड्डी, बॉली बॉल, कुश्ती, खो-खो, एथलेटिक्स, गोला फेंक,चक्का फेंक, जैवलिन थ्रो,लॉन्ग जम्प,इत्यादि खेलो की प्रतियोगिताएं कराया जाएगा ।.आगामी 14 जनवरी को रामनगर पंचायत के ग्राम सुढना (नबीनगर) के खेल मैदान में फुटबॉल एवं 15 जनवरी को औरंगाबाद गेट स्कूल के मैदान एवं इसी महीने के अंदर विधानसभा एवं प्रखंड स्तर पर विभिन्न खेलो का आयोजन कराया जाएगा ।

सांसद खेल महोत्सव का संयोजक युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह 'वसु',सह संयोजक सौरभ सिंह एवं अक्षय पांडेय को बनाया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर सभी जगहों पर बृहद रूप से तैयारी की जा रही है। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा एवं जिला महामंत्री अधिवक्ता मुकेश सिंह भाजपा जिला पदाधिकारी,समाजसेवी,बुद्धिजीवी एवं कार्यकताओं के देख रेख में कराया जाएगा। उपरोक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह ने दी है।

## लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ प्रस्तावित होगी कार्रवाई

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर । जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं मासिक स्टाफ बैठक राईफल क्लब सभागार मेंहुई। बैठक में जिलाधिकारी ने चकबन्दी, व्यापार कर, विद्युत देय, आबकारी, परिवहन, वन विभाग, स्टाम्प, नगर पालिका, आडिट आपत्ति, अंश निर्धारण, आईजीआरएस, मोटर देय, काउण्डर फाईल, की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।



जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए उन्हें निर्देश दिया कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे हैं उनके द्वारा अपने-अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह उसे पूर्ण कर अंतिम रूप प्रदान किया जाए ताकि सभी विभागों में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पूर्ण किए जा सकें। उन्होने कम राजस्व वसूली वाले विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रत्येक माह कार्य योजना बनाकर मूर्त रूप प्रदान करने का निर्देश दिया। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित विभागीय अधिकारी की होगी।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मासिक स्टाफ बैठक राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ ली। बैठक में लंबित प्रकरण एवं विवादित प्रकरण, दाखिल खारिज , विवादित वादों का निस्तारण करने को कहा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी राजस्व वसूली का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करते हुए डिमांड के अनुसार वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में समीक्षा करते हुए राजस्व वादों के निस्तारण के संबंध में सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुण एवं दोष के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में सभी अधिकारियों द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे प्रत्येक कार्यक्रम में तत्परता दिखाते हुए कार्यों का संपादन किया जाना सुनिश्चित करें ताकि सरकार की राजस्व योजनाओं का लाभ जन सामान्य को आसानी के साथ प्राप्त हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरूण कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं सम्बन्धित अधिकारी एंव पटल सहायक उपस्थित थे।

## शिक्षक को सफलता

## बेसिक शिक्षा परिषद की सहायक अध्यापक अंजली तोमर के नाम एक और कीर्तिमान

### हिन्दी दिवस पर आयोजित क्वीज प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक किया पूर्ण, मिला प्रमाण पत्र

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : बेसिक शिक्षा परिषद में कीर्तिमान स्थापित करने के क्रम में अनवरत आगे की ओर बढ़ रही प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर की सहायक अध्यापक अंजली तोमर के नाम एक और कीर्तिमान जुड़ा है। विश्व हिन्दी दिवस पर आयोजित आनलाइन क्विज प्रतियोगिता में अंजली तोमर के बेहतर प्रदर्शन का प्रमाण पत्र मिला है।






अंजली तोमर ने अपना कार्यकाल ही अलावलपुर स्कूल से प्रारंभ किया और उन्हें बेहतर प्रधानाध्यापक के रुप में प्रदीप यादव का साथ मिला। प्रदीप यादव ने विद्यालय को बेहतर बनाने के अपने अभियान में अंजली तोमर को अपना विशेष सहचर बनाया। अंजली तोमर ने अपनी मेहनत से गांव के इस विद्यालय को कांवेंट स्कूल जैसा लूक दिया। परिषदीय स्तर पर कीर्तिमानों की झड़ी लग गई। हिन्दी दिवस पर आयोजित आनलाइन क्विज प्रतियोगिता में अंजली तोमर ने सहभाग किया। क्विज में अंजली का प्रदर्शन बेहतर रहा। प्रमाण पत्र में लिखा गया कि " यह प्रमाण पत्र आपको हिंदी दिवस पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु दिया जा रहा है। आपने उत्तम अंकों के साथ क्विज को पूर्ण किया। शिक्षातक आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## 15 जनवरी को होने वाले सामूहिक विवाह के लिए 121 जोड़ों को वैवाहिक कपड़े का किया गया वितरण

### विधि विधान से विवाह स्थल गोल्फ ग्राउंड में की गई भूमि पूजन एवं पूजा अर्चन

( आर एन चौरसिया) धनबाद, बुधवार को सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति के द्वारा गल्फ ग्राउंड धनबाद में आगामी होने वाले 15 जनवरी को सामुहिक विवाह के लिए भूमि पुजन एवं सभी शादी करने वाले जोड़ों के लिए शादी का जोड़ा वितरण किया गया। भूमि पुजन में पुरोहित मनोज पांडेय के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई।जिसमें मुख्य जजमान में प्रवीण कुमार सह पत्नी अपराजिता सिंह के साथ प्रदीप कुमार सिंह और जया सिंह ने पुजा अर्चना की।समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार आर एन चौरसिया को बताया की लगातार नौवें वर्ष समिति के द्वारा इस तरह के निशुल्क विवाह कराते आ रही है।15 जनवरी को पुनः 121 जोड़ें का विवाह का लक्ष्य रखा गया है।इस कार्यक्रम में मथुरा प्रसाद महतो, विजय झा, दिपक पोद्दार, प्रकाश चौधरी, ललित कटेसरिया, दिलिप कुमार सिंह, विभूति शरण के साथ साथ समिति के सभी पदाधिकारी एवं महिला विंग की सभी सदस्या मौजूद थे।गल्फ ग्राउंड में सामुहिक विवाह के लिए झारखंड का सबसे बड़ा सामूहिक सर्वधर्म विवाह के लिए मंच तैयार किया जा रहा है।समिति के अध्यक्ष, प्रदीप कुमार सिंह ने सभी शहर वासियों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।





### बॉक्सर अजय कुमार ने अंतरराष्ट्रीय इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

## अजय कुमार के घर पर बधाई देने वालों का लगा तांता

समाज जागरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश उन्नति के पथ पर अग्रसर और इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अजय कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेले गए इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में भारत को बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीताकर भारत के साथ-साथ उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है, जो कि आज अपनी पहचान का मोहताज नहीं है ' उत्तर प्रदेश के एक छोटे से गांव सादपुर, जानसठ, जनपद मुजफ्फरनगर के निवासी अजय कुमार ने भारत का परचम लहराया है ' अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल में खेले गए इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में भारत को बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीताकर अपने माता पिता शकुंतला देवी एवं ओंकार सिंह तथा ग्रामवासियों का सपना साकार किया है ' अजय कुमार ने अभी हाल ही में पिछले वर्ष के अंतिम माह दिसंबर में राष्ट्रीय स्तर पर खेले गए हरियाणा राज्य के रोहतक में सिल्वर पदक जीता था और उसके पश्चात इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में उनका नाम




चयनित होने पर नेपाल के रहने वाले निश्चल गुरुनि को 67 किलोग्राम भार में हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया है ' अजय कुमार कोच नसीम अहमद, महरौली नई दिल्ली से निरंतर प्रशिक्षण एवं बॉक्सिंग से संबंधित गुर प्राप्त कर रहे थे ' अजय कुमार बॉक्सिंग के साथ-साथ स्नातक की भी पढ़ाई कर रहे हैं ' अजय कुमार के बड़े भाई कविंद्र कुमार, सूचना निदेशालय लखनऊ ने बताया कि "अजय कुमार अभ्यास के साथ-साथ फिटनेस एवं डाइटिंग का भी पूरा ख्याल रखे हुए थे और उनको घर वालों का भी पूरा पूरा सहयोग प्राप्त था '" अजय कुमार के घर पर इस समय बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है ' बॉक्सर अजय कुमार ने बताया कि "मैं अपने लिए सत्र की इससे बेहतर शुरूआत की उम्मीद नहीं कर सकता था उन्होंने कहा यह मेरे लिए पहला अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडल है ' इसीलिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी प्रदर्शन करके अच्छा लग रहा है ' इस जीत का श्रेय मेरे माता-पिता जिन्होंने निरंतर मेरा हौसला बढ़ाया तथा मेरे कोच हो जाता है '"

## बिना श्रीराम के राष्ट्र, संस्कृति व जीवन सुरक्षित नहीं हो सकता -शान्तनु जी महाराज

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के दिलदार नगर में रामायणम परिवार की तरफ से नगर के राधाकृष्ण गुप्ता आदर्श इंटर कालेज के खेल मैदान में आयोजित छः दिवसीय



संगीतमय श्रीराम कथा में ठंढ एवं गलन के बावजूद आस्था भारी पड़ रही है।कथा श्रवण करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

राष्ट्रीय कथा वाचक शान्तनु महाराज ने अपने मुखारबिंद से श्रीराम कथा रूपी अमृत वर्षा करते हुए राम सीता विवाह प्रसंग की कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा की बिना श्रीराम के राष्ट्र संस्कृति व जीवन सुरक्षित नहीं हो सकता क्योंकि कण कण व जन जन में राम हैं। उन्होंने कहा की शरीर अंदर व बाहर दोनों से पवित्र होना चाहिए।नेत्र सभी इन्द्रियों का प्रतिनिधित्व करता है। युवा व किशोरावस्था में जो संभल गया वह कुल का सम्मान बढ़ाता है और जो बिगड़ गया वह गड्ढे में गिर जाता है।राजा जनक ने सीता के विवाह के लिए स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी देश के राजा और महाराजाओं को निमंत्रण पत्र भेजा। स्वयंवर में उपस्थित राजाओं ने एक एक कर धनुष उठाने की कोशिश की। लेकिन सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्रीराम ने धनुष उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। महाराज जी ने विवाह प्रसंग एवं सीता बिदाई के कारूणिक प्रसंग को सुनाकर उपस्थित श्रोताओं के आंखों को अश्रुपूरित कर दिया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस



राष्ट्रीय युवा दिवस भारत में स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस पर अर्थात 12 जनवरी को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णयानुसार सन् 1985 ई. को 'अन्तर्राष्ट्रीय युवा वर्ष' घोषित किया गया। इसके महत्त्व का विचार करते हुए भारत सरकार ने घोषणा की कि सन् 1985 से 12 जनवरी यानी स्वामी विवेकानन्द जन्म दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में देशभर में सर्वत्र मनाया जाए। इन्हें भी देखें: विवेकानन्द रॉक मेमोरियल, स्वामी विवेकानन्द के अनमोल वचन एवं रामकृष्ण मिशन

**महत्त्व**

राष्ट्रीय युवा दिवस को मनाने के सन्दर्भ में भारत सरकार का विचार था कि स्वामी विवेकानन्द जी का दर्शन एवं उनके जीवन तथा कार्य के पश्चात निहित उनका आदर्श, यही भारतीय युवकों के लिए प्रेरणा का बहुत बड़ा स्त्रोत हो सकता है। इस दिन देश भर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में तरह-तरह के कार्यक्रम होते हैं, रैलियाँ निकाली जाती हैं, योगासन की स्पर्धा, पूजा-पाठ, व्याख्यान होते हैं और विवेकानन्द साहित्य की प्रदर्शनी लगती है। वास्तव में स्वामी विवेकानन्द आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि हैं। विशेषकर भारतीय युवकों के लिए स्वामी विवेकानन्द से बढ़कर दूसरा कोई नेता नहीं हो सकता। उन्होंने हमें कुछ ऐसी वस्तु दी है जो हममें अपनी उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त परम्परा के प्रति एक प्रकार का अभिमान जगा देती है। स्वामी जी ने जो कुछ भी लिखा है वह हमारे लिए हितकर है और होना ही चाहिए तथा वह आने वाले लम्बे समय तक हमें प्रभावित करता रहेगा। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में उन्होंने वर्तमान भारत को दृढ़ रूप से प्रभावित किया है।

**युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानन्द**

**मुख्य लेख : स्वामी विवेकानन्द**

स्वामी विवेकानन्द आधुनिक भारत के एक महान् चिंतक, महान् देशभक्त, दार्शनिक, युवा संन्यासी, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और एक आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। भारतीय नवजागरण का अग्रदूत यदि स्वामी विवेकानन्द को कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। 'विवेकानंद' दो शब्दों द्वारा बना है। विवेक+आनंद। 'विवेक' संस्कृत मूल का शब्द है। 'विवेक' का अर्थ होता है बुद्धि और 'आनंद' का शाब्दिक अर्थ होता है- खुशियां। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी सन् 1863 को कलकत्ता (अब कोलकाता) में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था। पिता विश्वनाथ दत्त कलकत्ता हाई कोर्ट के एक प्रसिद्ध वकील थे। विश्वनाथ दत्त पाश्चात्य सभ्यता में विश्वास रखते थे। वे अपने पुत्र नरेन्द्र को भी अंग्रेजी पढ़ाकर पाश्चात्य सभ्यता के ढर्रे पर चलाना चाहते थे, परंतु उनकी माता भुवनेश्वरी देवी धार्मिक विचारों की महिला थीं। नरेन्द्र की बुद्धि बचपन से ही बड़ी तीव्र थी और परमात्मा को पाने की लालसा भी प्रबल थी। युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद ने युवाओं का आह्वान करते हुए कठोपनिषद का एक मंत्र कहा था-

**'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।'**

**'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक कि अपने लक्ष्य तक न पहुंच जाओ।'**

भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नई जान फूंकने वाले स्वामी विवेकानंद ने भारतीय युवाओं में स्वाभिमान को जगाया और उम्मीद की नई किरण पैदा की। भारतीय युवा और देशवासी भारतीय नवजागरण के अग्रदूत स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके विचारों से प्रेरणा ले सकते हैं। 4 जुलाई 1902 को बेलूर के रामकृष्ण मठ में उन्होंने ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण कर प्राण त्याग दिए। 39 वर्ष के संक्षिप्त जीवनकाल में स्वामी विवेकानंद जो काम कर गए, वे आने वाली अनेक शताब्दियों तक पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## "स्वप्न का सौदागर"

**दैनिक समाज जागरण**

**स्वप्न के जंजीर में**
**अमीर क्या गरीब क्या।**
**ये उसे गुलाम करें,**
**जो इसे पूरा करे।**
**रह भरोसे भाग्य के,**
**जो इसे छोड़े कभी।**
**नीन्द का स्वप्न बनकर,**
**रह जाए ये सभी।**
**हर जगह हर समय**
**बदलता रहता है अर्थ कभी।**
**जंजीर ये गुलाम का**
**गुलाम ये स्वप्न का।**
**गुलाम भी बादशाह बने,**
**जो देखे स्वप्न कभी।**
**बन गए सुराग ये**
**मंजिल के रास्ते सभी।**
**जो कभी थे स्वप्न ये,**
**अब बने मंजिल सभी।**
**रुके-न-रुकेंगे.**
**पूरा करेंगे स्वप्न ये।**
**ताकि उसे भी गर्व हो,**
**की मुकम्मल किए है हम ये।**



**निकिता कुमारी**
**छात्रा स्नातक**

## गोपीनाथ साहा

गोपीनाथ साहा (जन्म- 1901, हुगली ज़िला, पश्चिम बंगाल; मृत्यु- 12 जनवरी, 1924) पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। वे 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' के सदस्य थे।[1] वे भारत के अमर क्रांतिकारियों की श्रृंखला में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उनका मुख्य कार्य क्षेत्र बंगाल रहा।

**परिचय**

गोपीनाथ साहा का जन्म पूर्वी बंगाल के हुगली ज़िले के समरपुर नामक स्थान पर सन 1901 में हुआ था। समरपुर से उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की। वे 'युगान्तर पार्टी' की ओर आकर्षित हुए। उनकी आरंभ से ही राजनीतिक कार्यकलापों में ही रुचि रही। बाद में वे क्रांतिकारी गतिविधियों से सक्रिय रूप से जुड़ गए थे। असहयोग आंदोलन में भी सक्रिय रूप से भाग लिया तथा अनेक बार जेल भी गए, किंतु आंदोलन के स्थगन से इनमें निराशा उत्पन्न हुई।

**गिरफ़्तारी**

उन दिनों कलकत्ता में पुलिस के डिटेक्टिव डिपार्टमेन्ट के मुखिया चार्ल्स टेगार्ट ने क्रान्तिकारियों के खिलाफ बहुत सख्ती से मोर्चा खोला हुआ था। देशभक्तों के ऊपर बहुत जुल्म किया जा रहा था। टेगार्ट के सख्त रवैये के चलते बहुत से क्रान्तिकारियों को फाँसी पर लटकाया जा चुका था। बहुतेरे जेलों में थे। ऐसे में ह्युगान्तर दलह्ण ने यह निर्णय लिया कि टेगार्ट का काम तमाम कर दिया जाए। इससे क्रान्तिकारियों का मनोबल बढ़ेगा और पुलिस का टूटेगा तथा शहीद क्रान्तिकारियों का बदला भी लिया जा सकेगा। उसको खत्म करने की ज़िम्मेदारी गोपीनाथ साहा को दी गई।

12 जनवरी, 1924 को चौरंगी रोड पर टेगार्ट के आने की भनक थी। घात लगाकर गोपीनाथ ने आने वाले अंग्रेज पर फॉयर किया। उनका ख़्याल था कि वह चार्ल्स टेगार्ट है। परन्तु बाद में पता चला कि मारा जाने वाला एक सिविलियन अंग्रेज था, जो किसी कम्पनी में कार्य करता था। उसका नाम अर्नेस्ट डे था। लोगों ने उनका पीछा किया और गोपीनाथ साहा पकडे गए।

**मुकदमा**

गोपीनाथ के ऊपर मुकद्दमा दर्ज. करके न्यायलय में केस चलाया गया। 21 जनवरी, 1924 को पेशी पर उन्होंने जज से मुखातिब होकर बड़ी बेबाकी और बहादुरी से कहा, ह्यकंजूसी क्यों करते हैं, दो-चार धाराएँ और भी लगाइएह्ण। बहुत ही साहस और दिलेरी से उन्होंने केस का सामना किया। उच्च अदालत में पेशी पर उन्होंने कहा- "मैं तो चार्ल्स टेगार्ट को ठिकाने लगाना चाहता था, क्योंकि उसने देश-प्रेमी क्रान्तिकारियों को काफी तंग कर रखा था। लेकिन उसकी कि स्मत अच्छी थी कि वह बच निकला और इस बात का दुःख है कि एक मासूम व्यक्ति मारा गया। परन्तु मुझे विश्वास है कि कोई न कोई क्रान्तिकारी मेरी इस इच्छा को जरूर पूरी करेगा।"

## बैठकी

# वर-बधु के चुनाव में अपेक्षायें

शाम के सात बज रहे थे ! कॉलबेल की आवाज सुनकर, दरवाजा खोला तो मुखियाजी, मास्टर साहब, पारस नेता और सुरेन्द्र भाई खड़े थे ! मैं मुस्कुरा उठा और एक ओर हट गया! मुझे किनारे करते हुए सभी सज्जन, धड़धड़ाते बैठकखाने में अपना अपना आसन हथिया लिये ! मैं भी सोफे पर एक ओर बैठ गया !

प्रोफेसर साहब! सुबह मेरे एक सम्बंधी आये थे! वे अपनी बच्ची के विवाह के संदर्भ में चर्चा करते हुए मुझसे अच्छे परिवार का लड़का बताने को कहा! तो मैंने उनकी अपेक्षाओं के सदर्न में पुछा तो बड़ा अजीब लगा!--- मास्टर साहब मेरी ओर देखे!

ऊ का मास्टर साहब!!-- मुखियाजी पुछ बैठे!

अजी, उनकी लड़की साधारण भेषभूषा की स्नातक है! उन्हें सरकारी अपर डिवीजन पर कार्यरत वर की तलाश है जो अच्छे व्यक्तित्व के साथ साथ शहरी आवास युक्त हो जबकि तिलक दहेज के नाम पर हाथ भी खड़े कर दिये! मुझे तो लग रहा है कि आजकल, वर-बधु के चुनाव की समस्या बड़ी विकराल हो चूकी है ! कन्या और वर का अभिभावक पहले से हीं माइंड सेट कर लिये होता है कि बेटी के लिए ऐसा लड़का चाहिए, वैसा लड़का चाहिए उसी तरह बेटे के लिए ऐसी बहु चाहिए,वैसी बहु चाहिए ! अगर मिलता भी है तो कई ऐसे प्रवधान सामने आ जाते हैं कि मामला बनता नहीं नतिजतन विवाह की उम्र सीमा पार करने लगती है !-- मास्टर साहब मेरी ओर देख रहे थे !

मास्टर साहेब! आप तो बुढ़ाके विआह करने का नसवे पकड़ लिये हैं ! अब देखिये मनोजवा को, कहता है कि हमको बिटिया के लिये सरकारी नौकरी वाला हीं चाहिए ! पहिले तो सरकारी नौकरी वाला जवार में लड़कवे ,अंगुरी पर हैं उपर से उसके यहाँ तिलकहरुअन के धक्कमपेल मचा है ! उन सभ में उ आपको पसंद करेगा तब न! अपने लायक समझेगा तभी न घास डालेगा! --- मुखियाजी रुके ! तभी सुरेन्द्र भाई बोल पड़े---

"इतना आसान थोड़ी है! कई मापदंड पर, खरा भी तो होना चाहिए! जाति जनेऊ, हाड़ चाम ठीक हो! फिर, ज्योतिषिय गणना ठीक बने! फिर लड़के वाले को लड़की और परिवार पसंद आवे तब बात आगे बढ़ेगी! अंत में तिलक दहेज का बेरियर पार लगेगा तब न तय- तापर होगा!!!"

बिलकुल सोलह आने बात कही है, सुरेन्द्र भाई ने! अगर लड़का ग्रुप डी में भी सरकारी नौकरी पा जाता है तो गार्जियन समझता है कि बेटा राष्ट्रपतिये हो गया है ! भले हीं सुध, घर दुआर न हो चाहे, जीवन स्तर थर्ड क्लास का हो, लेकिन 10-12 लाख से कम डिमांड नहीं है ! अगर लड़का थोड़ा अच्छा पद पर है तो 20-25-30 लाख के नीचे सुनवाई हीं नहीं है !--- पारस नेता कुरता का बांह उपर चढ़ाते हुए



!

ससुर के लइकियो चाहिए चूनके और पइसो चाहिए बीन के !---- मुखियाजी सपोर्ट किये !

इसबीच बेटा चाय का ट्रे टेबल पर रख गया और हम सभी चाय की चुस्कियों के साथ साथ बहस को आगे बढ़ाते हुए.......

नाम नहीं लेंगे, हमारे एक मित्र हैं मिश्राजी! उनकी लड़की इंग्लिश से एमए की है, एक आरा के तिवारी जी हैं, उनका तीन तीन कंपनी है, कलकत्ता में करोड़ों की प्रोपर्टी है, उनका लड़का बहुत सुंदर, स्मार्ट और एमबीए करके अपनी कंपनी का मालिक है ! बेचारे तिवारीजी लड़का वाला होकर उनको आफर किये लेकिन मिश्राजी, यह कह कर इंकार कर दिये कि उनको नौकरी वाला लड़का चाहिए मालिक नहीं! चार बरस से अभी लड़का ढुंढ़ हीं रहे हैं !--- मास्टर साहब, चाय का कप उठा कर चुस्की लेने को रुके !

आपलोग ठीक कह रहे हैं! आजकल लड़का लड़की के विवाह में ,वर और कन्या दोनों पक्षों की अपेक्षायें, इसकदर हावी हैं कि जल्दी विवाह सेट होना मुस्किल हो गया है ! कितने लड़की वाले को सरकारी वर चाहिए, कुछ लोगों को तिलक दहेज भरपूर चाहिए, कुछ को भले हीं लड़का कैसा भी हो बहु- ऐश्वर्या राय चाहिए, किसी को समतुल्य नौकरी पेशा लड़की के रूप में माहवारी बियरर चेक चाहिए, किसी को अंग्रेज की बच्ची चाहिए, किसी को विशुद्ध संस्कारी बहू चाहिए भले हीं उस परिवार का संस्कार से दूर दूर का संबंध नहीं हो, किसी को लोकल में हीं विवाह करने की मंशा है तो किसी को ज्योतिषिय गणना सही बैठना चाहिए, किसी को उंची सामाजिक प्रस्थिति चाहिए! किसी लड़की वाले को नौकरी पेशा वर के साथ साथ साउंड बैकग्राउंड चाहिए ! लड़का वाले का परिवार छोटा चाहिए, लड़की यदि नौकरी पेशा है तो उससे उंचे पैकेज का लड़का चाहिए ,शहर में लड़का का मकान चाहिए,लड़की देहात में नहीं जा सकती ! किसी को इतने फीट इतने इंच की लड़की चाहिए ! किसी को हर दृष्टिकोण से श्रेष्ठ वर की तलाश है तो किसी को सर्वगुण संपन्न बधु चाहिए !

कहने का मेरा तात्पर्य है कि हर कोई अपेक्षा पाले बैठा है और जब इन अपेक्षाओं पर खरा शख्स, मिलेगा तब न बात बनेगी! और यही देखते देखते हम अपने बच्चों के दाम्पत्य जीवन का 10-15 साल चबा जाते हैं !-- मैंने भी बहस में भागीदारी की !

एक दम सही! प्रोफेसर सहबवा, तो कपड़वे निचोड़ दिये ! पुरनियां कह गये हैं कि विआह में सब कुछ नहीं मिलता ! कहीं न कहीं समझौतवा, तो करना हीं नू पड़ता है! इहे अगर पहिलहीं कर लें तो उमिर अधिक टाठ होने से तो बचिये न जायेंगे! गार्जियनों बेचारा का करे! जब बेटा,बेटी सयाने आउर अपने पैरों पर ठाड़ हो जातें हैं तो उनकी पसंद का ख्याल रखना बाप माई की मजबूरी हो जाता है! --- मुखियाजी अपनी सोंच रखे !


ऐ मुखियाजी! कितने तो गार्जियन जान बुझकर अपनी रेस्पांसबिलिटी से भागते हैं और लड़की या लड़का पसंद करने की जिम्मेदारी बच्चों पर थोप देते हैं !-- पारस नेता बीच में अपनी बात रखें !

आपलोग मुख्य समस्या पर आइये! जब सरकारी नौकरी में अब पेंशन आदि की सुविधा समाप्त हो गयी है तो बेकार में इस मृगतृष्णा के पिछे भागकर बच्चों के दाम्पत्य जीवन से खिलवाड़ करना उचित नहीं लगता! वैसे भी सरकारी नौकरी मिलती हीं कितनी है! वैसे भी प्राइवेट सेक्टर में सरकारी क्षेत्र से अच्छी आपरच्युनिटी है ! बस अच्छे स्कील्ड वर की खोज करके विवाह निपटाने में हीं बुद्धिमानी है !--- मास्टर साहब ने अच्छा सुझाव रखा !

दुसरे को क्या समझाना है! सरजी, की हीं बात लिजीए- इन्होंने अपनी तीन बेटियों के लिए सरकारी दामाद खोजें हैं और तीसरी के लिए भी प्रयासरत हैं !---- सुरेन्द्र भाई मेरी ओर देखकर बोले !

अजी नहीं नहीं, मैंने विचार बना लिया है कि प्राइवेट सेक्टर में भी अच्छा लड़का और परिवार मिलेगा तो मैं अपनी जिम्मेवारी से निपट लूंगा ! -- मैंने अपनी मंशा प्रगट की !

चलिये ठीक है! अब हम अपने दुआर पर जायेंगे ! का मालुम, गइया को नतिया, भीतर ढ़बवा में बांध दिया है कि नहीं!!! इतना कहकर मुखियाजी खड़े हो गये और इसके साथ हीं बैठकी भी....! !!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक ( समाजशास्त्री)**

# कंगाल पाकिस्तान, शहबाज शरीफ के पास चीन,सऊदी अरेबिया के सामने शरणागत होने का प्रथम एवं अंतिम विकल्प'

भारत का पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान पूरी तरह कंगाल हो चुका है। उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो चुकी है ।जनता महंगाई से त्रस्त हो चुकी है, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। पाकिस्तान विश्व बैंक,एशियन डेवलपमेंट बैंक और सऊदी अरेबिया, तुर्किस्तान ,ईरान और सबसे बडे कर्ज दाता चाइना के कर्ज से सिर से पैर तक डूबा हुआ है। वहां की आर्थिक स्थिति ऐसी है कि वह कर्ज का ब्याज तक नहीं पटा पा रहा है' पाकिस्तानी न्यूज एजेंसीओं के अनुसार पीएम शहबाज शरीफ जल्द ही चीन की तरफ दौड़ लगा सकते हैं' पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति के चक्रव्यूह में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इस कदर उलझ गए हैं कि उन्हें चीन के सामने शरणागत होने के अलावा कोई रास्ता नहीं सुझाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि उनकी चीन यात्रा का मकसद चीन से उधारी लेने का ही है,पर ऊपरी तौर पर उनकी यात्रा दिखावे के लिए चीन और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। वस्तुस्थिति यह है कि पाकिस्तान इन दिनों तंगहाली के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह डावाडोल हो चुकी है, कि उनके दिवालिया होने के आसार नजर आ रहे हैं। पाकिस्तान सरकार के ऊपर कर्ज. इतना बढ़ गया है कि उसको अदा करने के लिए इमरान सरकार के पास कोई तरकीब नजर नहीं आ रही है और चीन के सामने शरणागत होने और हाथ फैलाने के अलावा कोई रास्ता शेष नहीं बचा है। प्रधानमंत्री की पूर्व चीन यात्रा का एलान चीन पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर के लिए प्रधानमंत्री के विशेष सहायक ने किया है। पाकिस्तान में जारी राजनीतिक बड़ी स्थिरता और चीन पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर मैं कार्यरत चीनी इंजीनियरों पर हमले से नाराज चीन ने कई परियोजनाओं को बंद कर फंडिंग देना बंद कर दिया है। पाकिस्तानी प्रवक्ता ने कहा कि की यात्रा से पाकिस्तान और चीन के रिश्ते मजबूत होने की संभावना है और पाकिस्तान चीन से अपने देश के लिए रोजमर्रा के खर्चे के लिए फंड मांगने जाएगा। उल्लेखनीय है कि ग्वादर बलूचिस्तान एरिया में चीन चीन द्वारा बनाई जा रही बेल्ट एंड रोड की पहल प्रमुख योजना के रूप में मानी जाती है, जिसमें चीन 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का खर्च करने वाला है। वहां पर चीन तथा पाकिस्तान का खुलकर आम जनता द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। शी जिनपिंग की स्वप्न दर्शी योजना में पाकिस्तान को अरबों डॉलर मिलने की संभावना है। चीन बेल्ट एंड रोड परियोजना के माध्यम से विश्व स्तर पर अपने प्रभाव को बहुत आगे बढ़ाना चाहता है ।यह भी महत्वपूर्ण है कि यह परियोजना राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सबसे पसंदीदा योजना है ।चीन पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर प्राधिकरण ने कहा इमरान खान ने पाकिस्तान में चीन पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर के कारण उद्योगों को काम से पैदा होने वाले रोजगार के अंतर को देखा है, और चीन पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर से पाकिस्तान के अंदर थार कोयला ऊर्जा योजना का सपना भी पाकिस्तान सरकार का पूरा हुआ है। चीन की यह विदेश नीति रही है कि वह पहले किसी भी देश में अपनी परियोजना तथा आर्थिक योजना को लागू करवा कर उस देश को इतना कर्जदार बना देता है कि उसकी सारी शर्तों को मानना उस देश के लिए मजबूरी हो जाती है। पाकिस्तान उसका सबसे ताजा और खराब उदाहरण है। इसके अलावा बांग्लादेश, भूटान, श्रीलंका और अन्य देश जो उसके कर्ज से दबे हुए हैं। वह उनके गुलामों की तरह उन सब से व्यवहार करता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की मजबूरी यह है की विपक्ष और पाकिस्तानी मीडिया उनका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति जर्जर हो चुकी है, पाकिस्तान सरकार के पास रोजमर्रा के खर्च चलाने के लिए अब आर्थिक आधार भी नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान सरकार के पास चीन सऊदी अरेबिया और इंटरनेशनल फंड के के सामने नतमस्तक होने के अलावा और कोई विकल्प शेष नहीं है।



**संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,**

# भगवान दास

भगवान दास (जन्म- 12 जनवरी, 1869 वाराणसी; मृत्यु- 18 सितम्बर 1958) को विभिन्न भाषाओं के प्रकांड पंडित, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सेवी और शिक्षा शास्त्री के रूप में, देश की भाषा, संस्कृति को सुदृढ़ बनने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले, स्वतंत्र और शिक्षित भारत के मुख्य संस्थापकों में गिना जाता है।

जन्म

डॉ. भगवान दास का जन्म 12 जनवरी, 1869 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में हुआ था। उनके पिता का नाम साह माधव दास था। वे वाराणसी के सर्वाधिक प्रतिष्ठित और धनी व्यक्तियों में गिने जाते थे। धन और प्रतिष्ठा से डॉ. भगवान दास का संबंध उनके पूर्वजों के समय से ही था। कहा जाता है कि डॉ. भगवान दास के पूर्वज बड़े ही दानी और देशभक्त थे। इन सभी गुणों के साथ साथ वह कुशल व्यापारी भी थे। उन्होंने अंग्रेजों के साथ मिलकर अथाह सम्पत्ति एकत्र कर ली थी। धनी और प्रतिष्ठित पतिवार में जन्म लेने के बाद भी डॉ. भगवान दास बचपन से ही भारतीय सभ्यता और संस्कृति के सांचे में ढले थे।

शिक्षा

उनकी प्रारम्भिक शिक्षा वाराणसी में ही हुई। उस समय अंग्रेजी, शिक्षा, भाषा और संस्कृति का बहुत प्रसार था किंतु डॉ. भगवान दास ने अंग्रेजी के साथ साथ हिन्दी, अरबी, उर्दू, संस्कृत, फारसी, भाषाओं का भी गहन अध्ययन किया। शेख सादी द्वारा रची गयीं 'बोस्तां' और 'गुलिस्तां' इन्हें बहुत ही प्रिय थीं। बचपन से ही डॉ. भगवान दास बहुत ही कुशाग्र बुद्धि थे। वे पढ़ने लिखने में बहुत तेज थे। डॉ. भगवान दास ने 12 वर्ष की आयु में ही हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। इसके पश्चात वाराणसी के ही 'क्वींस कॉलेज' से इण्टरमीडिएट और बी.ए. की परीक्षा संस्कृत, दर्शन शास्त्र, मनोविज्ञान और अंग्रेजी विषयों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। इसके बाद आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए उन्हें कोलकाता भेजा गया। वहाँ से उन्होंने दर्शन शास्त्र में एम.ए. किया। सन् 1887 में उन्होंने 18 वर्ष की अवस्था में ही पाश्चात्य दर्शन में एम. ए. की उपाधि प्राप्त कर ली थी। एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करके पिता के कहने से उन्होंने अनिच्छा पूर्वक डिप्टी कलेक्टर के पद पर सरकारी नौकरी की। नौकरी करते हुए भी उनका ध्यान अध्ययन और लेखन कार्य में ही लगा रहा।

कार्यक्षेत्र

23 -24 वर्ष की आयु में ही उन्होंने 'साइंस ऑफ पीस' और 'साइंस ऑफ इमोशन' नामक पुस्तकों की रचना कर ली थी। लगभग 8 -10 वर्ष तक उन्होंने सरकारी नौकरी की और पिता की मृत्यु होने पर नौकरी छोड़ दी। इस समय एक ओर देश की स्वतंत्रता के लिए आन्दोलन हो रहे थे, वहीं दूसरी ओर अंग्रेजों के शासन के कारण भारतीय भाषा, सभ्यता और संस्कृति नष्ट भ्रष्ट हो रही थी और उसे बचाने के गंभीर प्रयास किये जा रहे थे। प्रसिद्ध समाज सेविका एनी बेसेंट ऐसे ही प्रयासों के अंतर्गत वाराणसी में कॉलेज की स्थापना करना चाह रही थीं। वह ऐसा कॉलेज स्थापित करना चाहतीं थीं जो अंग्रेजी प्रभाव से पूर्णतया मुक्त हो। जैसे ही डॉ. भगवान दास को इसका पता चला उन्होंने तन मन धन से इस महान् उद्देश्य पूरा करने का प्रयत्न किया। उन्हीं के सार्थक प्रयासों के फलस्वरूप वाराणसी में 'सैंट्रल हिन्दू कॉलेज' की स्थापना की जा सकी। इसके बाद पं. मदनमोहन मालवीय ने वाराणसी में 'हिन्दू विश्वविद्यालय' स्थापित करने का विचार किया, तब डॉ. भगवान दास ने उनके साथ मिलकर 'काशी हिन्दू विद्यापीठ' की स्थापना में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया और पूर्व में स्थापित 'सैंट्रल हिन्दू कॉलेज' का उसमें विलय कर दिया। डॉ. भगवान दास काशी विद्यापीठ के संस्थापक सदस्य ही नहीं, उसके प्रथम कुलपति भी बने।

लेखन

डॉ. भगवान दास ने हिन्दी और संस्कृत भाषा में 30 से भी अधिक पुस्तकों पर लेखन किया। सन् 1953 में भारतीय दर्शन पर उनकी अंतिम पुस्तक प्रकाशित हुई।

स्वतंत्रता में भाग

डॉ. भगवान दास ने देश के प्रति अपने कर्त्तव्यों को भी उसी भाव से निभाया। 1921 के 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' में भाग लेने पर वह गिरफ्तार होकर जेल गये। इसके बाद 'असहयोग आन्दोलन' में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाकर प्रमुख कांग्रेसी नेता के रूप में उभरे। शिक्षा शास्त्री तो वह थे ही, स्वतंत्रता सेनानी के रूप में भी उभर कर सामने आये। असहयोग आन्दोलन के समय डॉ. भगवान दास काशी विश्वविद्यालय के कुलपति थे। उसी समय देश के भावी नेता श्री लालबहादुर शास्त्री भी वहां पर शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। इस समय वह कांग्रेस और गांधी जी से पूर्णतः जुड़ गये थे। 1922 में वाराणसी के म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन के चुनावों में कांग्रेस को भारी विजय दिलायी और म्यूनिसिपल कमेटी के अध्यक्ष चुने गये। इस पद पर रहते हुए उन्होंने अनेक सुधार कार्य कराये। साथ ही वह अध्ययन और अध्यापन कार्य से भी जुड़े रहे, विशेष रूप से हिन्दी भाषा के उत्थान और विकास में उनका योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने महत्त्वपूर्ण कार्य किये। इन महत्त्वपूर्ण कार्यों के कारण उन्हें अनेक विश्वविद्यालयों से डॉक्टरेट की मानद उपाधियों से अलंकृत किया गया। सन् 1935 के कौंसिल के चुनाव में वे कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। कालांतर में वे सक्रिय राजनीति से दूर रहने लगे और भारतीय दर्शन और धर्म अध्ययन और लेखन कार्य में व्यस्त रहने लगे। इन विषयों में उनकी विद्वत्ता, प्रकांडता और ज्ञान से महान भारतीय दार्शनिक श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन भी बहुत प्रभावित थे और डॉ. भगवान दास उनके लिए आदर्श व्यक्तित्व बने।

योगदान

डॉ. भगवान दास का योगदान जितना भारतीय शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और विकसित करने में मानाजाता है, उतना ही योगदान देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में महत्त्वपूर्ण माना जाता है, और जितना योगदान देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में महत्त्वपूर्ण माना जाता है, उतना ही योगदान भारतीय दर्शन और धर्मशास्त्र को विश्वस्तर पर प्रतिष्ठित करने में माना जाता है। 'वसुदैव कुटंबकम' अर्थात 'सारा विश्व एक ही परिवार है' की भावना रखने वाले डॉ. भगवान दास ने सम्पूर्ण विश्व के दर्शन और धर्म को प्राचीन और सामयिक परिस्थितियों के अनुरूप एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

22 may 2022:Layout 1 1/12/2023 2:18 AM Page 3



# जनहित में देव सीओ ने उठाया कदम,दाखिल खारिज के लिए अब देव प्रखंड की जनता को अंचल कार्यालय देव का नहीं लगाना पड़ेगा चक्कर।

## सीओ ने कहां प्रत्येक शुक्रवार को अंचल कार्यालय देव में दाखिल खारिज के लिए लगेगा शिविर, एक ही दिन में दाखिल खारीच कर दिया जायेगा शुद्धि पत्र।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता**

औरंगाबाद (बिहार) 11 जनवरी 2023 :- औरंगाबाद जिला में देव प्रखंड वासियों को ऑनलाइन दाखिल खारिज एवं पारीमार्जन के लिए अब अंचल कार्यालय देव का चक्कर काटना नहीं पड़ेगा। जी हाँ आपके दखल खारी से जुड़ी समस्याओं का निष्पादन प्रत्येक शुक्रवार को अंचल कार्यालय देव में हो जाएगा और एक ही दिन में दाखिल खारिज कर शुद्धि पत्र भी जमीन मालिक को दे दिया जाएंगे। यह कथन देव सीओ का हैं।

बताते चले कि जनहित में कदम उठाते हुए देव प्रखंड़ सह अंचल के अंचला अधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया है कि मैंने एक विचार किया है कि देव प्रखंड के ग्रामीणों को ऑनलाइन सुविधा होने के बावजूद भी दाखिल खारिज एवं परिमार्जन में काफी परेशानियों का सामना करना



पड़ रहा है, जनता के परेशानियों को ध्यान में रखते हुए एक निर्णय लिया हुँ कि दाखिल खारिज संबंधी बिहार -सरकार के प्राप्त आदेश के आलोक में जनता को दाखिल खारिज से संबंधित सुविधा यथासंभव मुहैया कराया जाए।

देव सीओ ने कहा हमने निर्णय लिया है कि प्रत्येक शुक्रवार को अंचल कार्यालय में शिविर लगाकर ऑफिस के समय हम ऑन द स्पॉट दाखिल खारिज का काम करेंगे और तुरंत ही शुद्धि पत्र राजस्व सिद्ध के साथ जमीन मालिक को दे दे। हम आशा करते हैं कि देव प्रखंड के लोगों ने अपनी दाखिल खारिज एवं परिमार्जन के कार्य के लिए जरूर पहुंचेंगे, इसके लिए हमने सभी अस्तर से प्रचार प्रसार सभी गांव में कराने का काम किया है इसमें मीडिया की सहयोग भी अपेक्षित हैं ताकि यह उपरोक्त सूचना देव प्रखंड वासियों के बीच पहुंच सके।

# सात वर्षो से लगातार बिहार की अनदेखी के खिलाफ प्रधानमंत्री का कांग्रेसी नेताओं ने गया टावर चौक के समीप फूंका पुतला

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया (बिहार) 11 जनवरी 2023-देश के पौराणिक एवम् गौरवशाली इतिहास रखने वाला बिहार राज्य की झांकी को लगातार सात वर्षो से गणतंत्र दिवस के परेड में केंद्र सरकार द्वारा शामिल नहीं करने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता एवम् गयवासी स्थानीय टावर चॉक पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया ।इस अवसर पर उपस्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह,शिव कुमार चौरसिया, रंजीत कुमार सिंह, अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह, शशिकांत सिन्हा, मो आफताब आलम खान, मो उमर हुसैन, श्रवण पासवान, सैयद असरफ इमाम, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, सहित अन्य लोगों ने कहा कि विगत सात वर्षो से गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजपथ ( कर्तव्य पथ) पर देशभर के राज्यो की प्रदर्शित होने वाले झांकी में विगत सात वर्षो से बिहार की झांकी को केंद्रीय चयन समिति द्वारा रिजेक्ट करना, बिहार एवम् बिहारवासियों का घोर अपमान है,





जिसके खिलाफ बिहार एवम् बिहारी जो देश के कोने, कोने में फैले है,महामहिम राष्ट्रपति से मांग करेंगे की हर हाल में 2023 के गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड में बिहार की झांकी को शामिल करने पर पुनः विचार करें ।नेताओ ने आगे कहा कि सन 2023 गणतंत्र दिवस परेड में अतिप्राचीन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थान रखने वाला गया शहर के फल्गु नदी पर नवनिर्मित देश के सबसे बड़े रबर डैम " गयाजी बांध " थीम पर आधारित झाकी को शामिल करने का प्रस्ताव बिहार सरकार द्वारा केंद्र सरकार को भेजा गया था, जिसे रिजेक्ट होने से गयावासियों में बहुत ज्यादा आक्रोश है 'नेताओ ने आगे कहा कि ऐसा पहली बार नहीं, बल्कि सन 2017 से लगातार बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित झांकी को रिजेक्ट किया जा रहा है, जिसमे विक्रमशिला विश्वविद्यालय, शराबबंदी, छठ पूजा , गांधी के मार्ग पर अग्रसर बिहार, जल जीवन हरियाली, आदि थीम शामिल है, जो किसी दृष्टिकोण से रिजेक्ट करने लायक नही है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार की 13 करोड़ जनता लगातार सातवें साल भी गणतंत्र दिवस समारोह में बिहार की झांकी को दिल्ली के राजपथ ( कर्तव्य पथ) पर नही देख आखिर क्या सोचेंगे ?नेताओ ने कहा कि बिहार जिसे लोकतंत्र की जननी, सभी आंदोलनों की भूमि कहे जाने साथ, साथ राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक दृष्टिकोण से सबसे उर्वरा राज्य की झांकी को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल नहीं होना बिहार के साथ अन्याय है।

# मगही भाषा के सर्वमान्य एवं ख्यातिप्राप्त सहित्यकार पंडित सतीश कुमार मिश्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

**समाज जागरण, नवीन कुमार उपाध्याय जिला संवाददाता**

गया (बिहार) 11 जनवरी 2023 :- मगही भाषा के सर्वमान्य एवं ख्यातिप्राप्त सहित्यकार पंडित सतीश कुमार मिश्र सम्मान समारोह का आयोजन समाजवादी लोक परिषद एवं मगही साहित्य संगम के संयुक्त तत्वाधान में शगुन गेस्ट हाऊस, गया में किया गया

मगही भाषा के सर्वमान्य एवं ख्यातिप्राप्त सहित्यकार पंडित सतीश कुमार मिश्र, बाबूजी की 76वी जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।बिहार के विभिन्न क्षेत्रों को आच्छादित करते हुए देश ,समाज एवं संस्थाओं को जनसंवेदनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से मनाया जाता है, क्योंकि बाबू जी सतीश जीवन पर्यंत इन्हीं के विकास हेतु प्रयासरत रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ बाबूजी सतीश के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित करते हुए उनके मगही हिंदी एवं समाज के प्रति योगदान के स्मरण के साथ किया गया ताकि उनके सुकृत के प्रति निष्ठा ज्ञापित की जा सके तत्पश्चात कार्यक्रम में आए उनके समकालीन वरिष्ठ साहित्यकारों ने उनके साथ बिताए समय अनुसार अपने अनुभव साझा कर स्मृतियाँ ताजी की, और बिहार के 10 जिलों के कुल 31 लोगों को सतीश कुमार मिश्र में सम्मान से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं पंडित सतीश रचित पुस्तक प्रदान किए गए। साथ ही मिथिला की बेटी रिचा झा



द्वारा लिखित पुस्तक 'मैं मगही हूँ' का विमोचन किया गया।

पुस्तक में मैं मगही हूँ संपूर्ण मगही भाषा के लिपि व्याकरण भाषा व साहित्य-संस्कृति के संक्षिप्त दर्शन करा सकने में समर्थ है। इस प्रकार कार्यक्रम की अगली कड़ी साहित्य समागम की रही जिसमें विभिन्न साहित्यकारों ने मगही साहित्यिक कृतियों यथा कविता पाठ, हास्य व्यंग, कथा कहानियों, नाटक आदि के संक्षिप्त वर्णन प्रस्तुत करते हुए मगही दर्शन का अद्भुत परिचय दिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं में रामकृष्ण मिश्र सच्चिदानंद प्रेमी, भरत सिंह, नरेंद्र सिंह, कन्हैयालाल मेहरवार, मनोज मिश्र, बीणा मिश्रा, सतेंद्र कुमार पाठक, राजन सिजुआर के नाम उल्लेखनीय हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्हैयालाल मेहरवार, संचालन अशोक समदर्शी, एवं समन्वय हेमांशु शेखर ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पंकज मिश्र एवं मुकेश मिश्र ने अहम भूमिका निभाया कार्यक्रम में सम्मानित होने वालों में श्रीमती वीणा मिश्रा महिला सशक्तिकरण, श्री कृष्ण मुरारी सिंह किसान, अशोक समदर्शी ,डॉ दिलीप कुमार, अवधेश कुमार सिन्हा ,उमाशंकर सिंह सुमन, राजीव रंजन, श्री अरूण हरलिवाल, श्री अभयानंद मिश्र, मनोज मिश्र, श्री पवन तनय, मणिकांत मणी, श्री आचार्य गोपाल को साहित्य,

श्री राजेश मंझवेकर, श्री चंदन कुमार, श्री अभय कुमार, श्री दीपक कुमार को पत्रकारिता, श्री राजन सिजुआर , सुरेश शर्मा, श्रीमती निशा कुमारी को कला संस्कृति, श्री तनिक सिंह, श्री उपेंद्र कुमार प्रेमी व श्री पारस सिंह को समाजसेवा, श्रीमती किरण कुमारी शर्मा, अन्तयामी कुमार, विष्णु पाठक को जनप्रतिनिधि सम्मान रहा।

# सौर पंचायत की विकास योजनाओं में धांधली की शिकायत पर मारपीट, डीएम से न्याय की गुहार

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा):- वारिसलीगंज थाना क्षेत्र की सौर पंचायत की विकास योजनाओं में धांधली की शिकायत करने पर उप मुखिया के सहयोगी के साथ मारपीट की गई। इस मामले में पीड़ित ने मुखिया के पति दिलीप राउत समेत सात लोगों को आरोपित कर 30/40 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही नवादा कलेक्ट्रेट पहुंचकर पीड़ित व वार्ड सदस्यों ने डीएम व एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। सभी ने कहा कि पूरे पंचायत में विभिन्न योजनाओं में करोड़ों का घोटाला हो रहा है, जो जांच का गंभीर विषय है।जानकारी के अनुसार, वारिसलीगंज थाना क्षेत्र की सौर पंचायत के उप मुखिया के सहयोगी सतेंद्र कुमार ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया। उसके अनुसार पीड़ित सतेंद्र ने कहा कि सौर पंचायत की विकास योजनाओं में लूट खसोट की लिखित शिकायत पंचायत के आठ वार्ड सदस्यों के साथ उन्होंने



6 जनवरी को जिलाधिकारी के जनता दरबार में की थी। बाद में मुखिया गुड़िया देवी के पति दिलीप राउत ने शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। आरोप है कि नहीं मानने पर दबंग मुखिया पति ने तीन दर्जन से अधिक लोगों को साथ लेकर 09 जनवरी की शाम सतेंद्र कुमार पर जानलेवा हमला कर मारपीट की। इसके बाद पीड़ित ने दिलीप राउत समेत सात लोगों को आरोपित कर 30/40 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। पीड़ित और अन्य वार्ड सदस्यों ने 10 जनवरी को नवादा पहुंचकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर कहा है कि वह एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। पंचायत में चल रहे कार्यों में अधिकारियों द्वारा बरती जा रही अनियमितता से संबंधित आवेदन जनता दरबार को दिया था। इस पर 09 जनवरी की शाम चार बजे के करीब मुखिया पति सहित ग्रामीण विजय कुमार, सीता रावत, दीपक कुमार, राहुल राय, कृष्णा सिंह सहित पकरीबरावां थाना के लोदीपुर निवासी दबंग रॉकी सिंह जोरावर निवासी प्रमोद रावत सहित 30/40 अज्ञात लोगों द्वारा जान मारने की नीयत से हमला कर दिया गया। तथा जेब में घरेलू कार्य के लिए रहा 51 हजार रुपया और दो भर सोने का चेन छीनकर फरार हो गए।

# अम्बे महोत्सव की रूपरेखा तैयार

**दैनिक समाज जागरण** , विजय कुमार सिंह , संवाददाता कुटुंबा प्रखंड, औरंगाबाद ( बिहार )11 जनवरी 2023 :- अम्बे महोत्सव के आयोजन के लिए बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सूचना एवं प्रौद्योगिकी भवन में बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत कुमार ने की। महोत्सव का आयोजन के लिए 18 एवं 19 जनवरी 2023 का दिन निर्धारित किया गया है। बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और न्यास समिति के सदस्यों ने आपसी सहमति से कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम के पहले दिन कलश यात्रा एवं झांकी, मंच उद्घाटन, दीप प्रज्वलन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग



प्रतियोगिता , कुश्ती, कबड्डी पुरस्कार सह सम्मान समारोह तथा संस्कृति कार्यक्रम सह सम्मान समारोह आयोजित की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने रात्रि 9:00 बजे तक कार्यक्रम के समापन का निर्देश दिया है। इस दौरान एसडीपीओ स्वीटी सेहरावत, वीडियो चंद्र भूषण गुप्ता, अंचलाधिकारी अभय कुमार, पु.अ.नि.अनंत कुमार, जिला परिषद सुबोध सिंह, सुरेंद्र यादव, प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, उपप्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, ललन राम, मुखिया मंटू सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि कंचन गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य अतुल पांडे, मां सतबहिनी न्यास समिति सदस्य सिद्धेश्वर विद्यार्थी, ओम प्रकाश शर्मा, मिथिलेश मेहता, विधायक प्रतिनिधि अजय राम , कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नीलम सिंह आदि उपस्थित थे।

# एनसीसी का यूनिटी प्लेम रन गया में पहुंचे एनसीसी एवं आर्मी की ओर से किया गया भव्य स्वागत

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया( बिहार )- 11 जनवरी 2023- एनसीसी का यूनिटी प्लेन रन गया पहुंचा एनसीसी एवं आर्मी की ओर से भव्य स्वागत किया गया ' बताते चलें कि एनसीसी का यूनिटी प्लेम रन डिब्रुगढ़ से झारखंड होते हुए बुधवार की सुबह गया पहुंची। इस मौके पर एनसीसी और आर्मी की ओर से भव्य स्वागत किया गया। यह रन ईस्टर्न रिले के तहत है। यह करीब 3000 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 18 जनवरी को दिल्ली पहुंचेगी। इस दौड़ को 60 दिनों में पूरा करना है। बताया गया है कि यह रन व्हेकिल बेसड रन है। इस रन का उद्देश्य यूनिटी कायम करना मुख्य है। इस रन में कर्नल कृष्ण सिंह बुद्धवार हर दिन 50 से 60 किलोमीटर की रन कर रहे हैं।यूनिटी प्लेम रन के बारे में मेजर जनरल एस बजाज ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि एनसीसी का यह 75 वर्ष चल





रहा है। इस मौके पर यूनिटी प्लेम रन का प्लान देश भर में किया गया है। ईस्टर्न रेंज में यह इलाका आता है। यह रन डिब्रगुढ़ से शुरू हुआ था, जो झारखंड से होते हुए गया पहुंचा है। यहां से बनारस होते हुए आगरा जाएगा। इसके बाद यह यात्रा दिल्ली में 18 को मुक्कमल होगी।उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को कहा कि देश में पहले से ही एकता में अखंडता का सिद्धांत कायम है। लेकिन झारखंड बिहार जातिवाद में फंसा है। यह एकता में अखंडता के लिए ठीक नहीं है। जातिवाद से जब तक आगे नहीं निकलेंगे देश आगे नहीं बढ़ेगा। यही संदेश लेकर यूनिटी प्लेम रन आगे बढ़ रहा है। जातिवाद से हम बाहर निकल जाएंगे तो देश काफी आगे बढ़ जाएगा। इसके अलावा उन्होंने एनसीसी कैडेट्स की हौसला अफजाई किया। इस मौके पर एनसीसी की ओर से रंगा रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी किया गया ' जिसको सभी ने सराहा '

# सिमरा बाजार से खखड़ा तक पूरी तरह से रोड खराब होने के कारण जिला मुख्यालय तक आवागमन में सैकड़ों गांव की जनता को परेशानियों का करना पड़ रहा सामना।

**दैनिक समाज जागरण, उमेश कुमार जिला संवाददाता**

औरंगाबाद ( बिहार ) 11 जनवरी 2023:- रोड जर्जर होने के कारण दो प्रखंडों के ग्रामीण जनता को जिला मुख्यालय तक आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले की सिमरा बाजार से खखड़ा तक पूरी तरह से रोड लगभग 6.से 7 वर्षों से खराब है लेकिन अभी तक सांसद विधायक कोई अधिकारी को इसकी चिंता नहीं है।

बताते चलें कि कुटुंबा प्रखंड के सिमरा बाजार से खखड़ा तक रोड को खराब रहने के कारण कुटुंबा प्रखंड तथा देव प्रखंड के सैकड़ों गांव के जनता को जिला मुख्यालय



तक आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रोड की हालात इतना देनी है कि इस रोड से गुजरने वाले अधिकांश वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं और आए दिन घटना घटते रहती है और बराबर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

यहां के ग्रामीणों का कहना है कि कई बार हम लोग अधिकारी और जनप्रतिनिधि के पास आवेदन लेकर गए लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है जब चुनाव की टाइम होता है तो जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे करके चले जाते हैं, अभी तक कोई देखने वाला नहीं है और इस मार्ग से जिला मुख्यालय तक आवागमन करने वाले जनता बहुत परेशान हैं।

# मध्य विद्यालय बल्लोपुर (हिन्दी) में बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा)। अंतरराष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को हिंदी की महत्ता बताई गई। इसी कड़ी में मध्य विद्यालय बल्लोपुर (हिन्दी) में बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सहायक शिक्षक श्रीकांत व प्रभारी प्रधानाध्यापक आभा कुमारी ने बच्चों को हिन्दी की महत्ता, लोकप्रियता एवं आवश्यकता विषय पर बिस्तार से



चर्चा किया। बच्चों को हिन्दी दिवस पर लेख लिखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा गया कि जिस छात्र छात्रा का प्रदर्शन प्रतियोगिता में अच्छा होगा। उसे आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में विद्यालय वर्ग 08 की छात्रा गुंजन, सोनम, वर्षा आदि ने भाग लिया।

# पटना एसटीएफ ने हत्या के आरोपित को वारिसलीगंज से किया गिरफ्तार वारिसलीगंज के बेगराजपुर गांव में हुई छापेमारी

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा)। पटना के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की विशेष टीम ने वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के बेगराजपुर गांव में छापेमारी कर हत्या व आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे आरोपित सुरेन्द्र चौहान को गिरफ्तार कर लिया। घटना मंगलवार की शाम की है। गिरफ्तार सुरेन्द्र चौहान ( 50 ) बेगराजपुर गांव के मंगर चौहान का बेटा है। उस पर सगे छोटे भाई योगेन्द्र चौहान (45) की हत्या का आरोप है। वह घटना के बाद करीब छह माह से फरार चल रहा था । उसके विरुद्ध 04 जुलाई 2022 को वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 334/22 दर्ज है। तकनीकी सर्विलांस के आधार पर एसटीएफ द्वारा कार्रवाई की गयी। एसटीएफ ने आरोपित को वारिसलीगंज पुलिस को हैंडओवर कर दिया। औपचारिक कार्रवाई के बाद पुलिस उसे कोर्ट में पेश करेगी।

बेटों समेत छह हैं मामले में आरोपित : इस मामले में मृतक की दूसरी पत्नी सरिता कुमारी के बयान पर वारिसलीगंज थाने में मामला दर्ज है। प्राथमिकी में मृतक योगेन्द्र की पहली पत्नी के बेटे रंजीत चौहान, मुकेश चौहान व कन्हैया चौहान के अलावा भाई सुरेन्द चौहान व उसके बेटे कारू चौहान तथा संजय चौहान आरोपित हैं। वारिसलीगंज एसएचओ आशीष कुमार मिश्रा के मुताबिक मामले में सुरेन्द्र से पूर्व दो अन्य आरोपित गिरफ्तार किये जा चुके हैं।

संपत्ति विवाद में हुई थी योगेन्द्र की हत्याः

योगेन्द्र चौहान की हत्या 04 जुलाई 2022 की शाम बेगराजपुर गांव स्थित उसके घर के बाहर कर दी गयी थी। आरोपितों द्वारा योगेन्द्र को गोली मार दी गयी थी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी थी। घटना के वक्त योगेन्द्र घर के बाहर नल पर नहा रहा था । इसी बीच आरोपितों ने उसे गोली मार दिया और बाइक पर सवार होकर भाग निकले। हत्या का कारण संपत्ति विवाद व बंटवारा का विवाद बताया जाता है। बताया जाता है कि योगेन्द्र अपनी दूसरी पत्नी के नाम से अपनी संपत्ति लिखने जा रहा था। इसी कारण भाई, बेटों व भतीजे ने मिलकर उसकी हत्या कर दी।

# शादी की नियत से नाबालिग का अपहरण

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के मंझोंपुर गांव से शादी की नीयत से एक नाबालिग युवती का अपहरण कर लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अपहता की मां रीना देवी ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के कैदपुरा गांव निवासी रंजन दास, तरैया थाना क्षेत्र के मंझोंपुर गांव निवासी बद्री दास, गायत्री देवी, तथा एक अज्ञात व्यक्ति को नामजद अभियुक्त बनाया है। पीड़िता का कहना है कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री बांध किनारे खड़ी थी। उसी समय रंजन दास जो अपने मामा के घर मंझोपुर रहता है, वह एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर उनकी पुत्री का अपहरण कर लेकर चला गया है। जब इस बात की जानकारी उन्हें हुई और वह आरोपी युवक के मामा के घर पूछताछ करने गई तो उसी समय बद्री दास और गायत्री देवी उनसे गाली गलौज करने लगी और अनाप-शनाप बोलने लगी। पीड़िता का कहना है कि उपरोक्त दोनों आरोपी रंजन दास को अपने पास रखते थे और इन्हीं सभी आरोपियों के द्वारा मिलकर एक साजिश के तहत शादी की नियत से उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया गया है। पीड़िता ने कहा है कि वह अपने स्तर से काफी खोजबीन की लेकिन उनकी पुत्री का कहीं अता-पता नहीं चला पाया है। पीड़िता ने पुलिस से कानूनी कार्यवाई की मांग की है। इधर पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

# अंबा पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच, जुमार्ना वसूल

**दैनिक समाज जागरण,** विजय कुमार सिंह, संवाददाता कुटुंबा प्रखंड, औरंगाबाद ( बिहार )11 जनवरी 2023 :- पुलिस ने बुधवार को अम्बा चौक पर गहन वाहन जांच चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल परिचालन करते हुए सात आदमी से 7000 रुपए का जुमार्ना वसूल किया। यह कार्यवाही एस आई अनंत कुमार एवं पीएसआई सुधीर कुमार ने की। अनंत कुमार ने बताया कि लोगों की लापरवाही से ही अक्सर दुर्घटनाएं होती है।कानून की अनदेखी कर वाहन परिचालन करने वालों पर प्रशासन सख्त है।



# विधायक राजेश कुमार को मिली मगध विश्वविद्यालय के सीनेट की जिम्मेदारी

**दैनिक समाज जागरण,** विजय कुमार सिंह, संवाददाता कुटुंबा प्रखंड, औरंगाबाद ( बिहार) 11 जनवरी 2023 :- विधानसभा सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह विधायक राजेश कुमार को मगध विश्वविद्यालय का अधिषद (सीनेट) बनाया गया है। इस हर्षित कार्य के लिए कुटुंबा विधानसभा के शिक्षाविदों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने बधाई दी है। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नीलम सिंह ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने राजेश कुमार के साथ विधानसभा वासियों का मान बढ़ाया है। बधाई देने वालों में जदयू प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा, प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, कांग्रेस अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष अजय राम, कांग्रेस प्रखंड प्रवक्ता रामाकांत पांडेय, अकबर अली, चुनमुन सिंह, विरेंद्र मेहता, कृष्णा यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि कंचन गुप्ता, सुरेंद्र राम , अशोक राम, महाराज मेहता, डॉ. प्रकाश वर्मा, राम लगन वर्मा, जनेश्वर यादव, मनु राम , युगल यादव , महेंद्र यादव, विनोद चंद्रवंशी, प्रताप चंद्रवंशी आदि शामिल है।



# बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले हो जाएं सावधान नहीं तो भरना पड़ेगा फाइन :- देव थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता**


औरंगाबाद जिले के देव थाना के पुलिस ने देव थाना मोड़ पर बाइक चेकिंग विशेष अभियान चलाया। इस बाइक चेकिंग में बिना हेलमेट लहरियाकट ड्राइविंग शराब पीकर बाइक चलाने वाले पर विशेष ध्यान दिया गया। देव थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे ने बताया कि बाइक चेकिंग अभियान एक सप्ताह तक लगातार चलेगा। और जिन लोग बिना हेलमेट पकड़े जाएंगे उनको फाइन लेकर थाने से छोड़ा जाएगा इस बाइक चेकिंग अभियान में देव थाना के एसआई श्वेता वर्मा के साथ-साथ पुलिस वालों मौजूद थे।



# तीन फरार वारंटी गिरफ्तार।

**समाज जागरण, सुखेन्द्र कुमार संवाददाता गोह प्रखंड**

(गोह औरंगाबाद) 11 जनवरी 2023:- उपहारा पुलिस ने समकालीन



अभियान के तहत मंगलवार की रात्रि मारपीट मामले में फरार चल रहे विभिन्न गांव से तीन वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसे बुधवार को न्यायालय में भेज दिया गया है। गिरफ्तार वारंटी की पहचान शंकरडीह गांव निवासी वृजमोहन वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा व बाजितपुर निवासी जीतू कुमार के रूप में हुई है। ये तीनों मारपीट के मामले मे फरार चल रहे थे। इनलोगों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था।

# मारपीट में पांच आरोपित नामजद , प्राथमिकी दर्ज

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के चूल्हाय बीघा निवासी सतेंद्र कुमार ने गांव के ही गोलू कुमार, दिनेश रावत सहित पांच लोगों के विरुद्ध घर पर आकर मारपीट करने की प्राथमिकी स्थानीय थाना में दर्ज कराई है। थाना में दिए आवेदन में कहा गया है , कि रविवार की शाम घर के पास बैठा हुआ था। तभी आरोपी आ कर गाली गलौज व गाली देने से मना करने पर मारपीट कर जख्मी कर दिया ।

# मैजिक गाड़ी में आग लगा देने की प्राथमिकी दर्ज

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के आजमपुर निवासी राजीव सिंह की पत्नी उगांता देवी ने घर के पास खड़ी मैजिक वाहन में आग लगा देने की प्राथमिकी के लिए स्थानीय थाना में आवेदन दिया है। थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है, कि सोमवार को करीब 12:00 बजे रात में मैजिक गाड़ी में तीन लोगो द्वारा पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी गई। आग लगने के बाद हम लोग घर से निकले तब देखे कि तीन व्यक्ति भागा जा रहा है। जिसमें एक व्यक्ति की पहचान की गई।

# दहेज में बाइक और एक लाख रुपये के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**दैनिक समाज जागरण** तरैया (सारण)। तरैया थाना क्षेत्र के गलीमापुर गांव की एक विवाहिता को दहेज में बाइक और एक लाख रुपए के लिए ससुराल वालों द्वारा मारपीट व प्रताड़ित कर उसे घर से निकाल देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में गलिमापुर गांव निवासी नजरुदीन की पुत्री इरफाक जहां ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें दरियापुर थाना क्षेत्र के हुकराहा गांव निवासी व अपने पति वसीम आलम, सास शबाना खातून, ससुर मुमताज, ननंद चांदनी प्रवीण, समेत नौ व्यक्तियों को नामजद अभियुक्त बनाया है। पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी वर्ष 2019 में मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार वसीम आलम के साथ हुई थी। शादी के बाद वह विदा होकर ससुराल गई और वहां रहने लगी। शादी के लगभग 3 महीने बाद जब उसके पेट में एक बच्चा रह गया, तो उसी समय उसके ससुराल वाले उससे दहेज में बाइक और एक लाख रुपये की मांग करने लगे। पीड़िता द्वारा आनाकानी पर ससुराल वालों ने उसे मारपीट व प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया। जिसके बाद पीड़िता अपने मायके चली आई, जब पीड़िता कुछ दिन बाद ससुराल गई तो सभी आरोपीगण एकमत हो उसे मारपीट कर भगा दिए और बोले कि जब तक तुम दहेज के रुपये और बाइक नहीं लाओगी, तुम्हें नहीं रखेंगे। पीड़िता का कहना है कि उसे अब एक पुत्री हुई है और उसकी जिंदगी काफी कष्टमय हो गई है। पुलिस मामले में आरोपी ससुराल पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

22 may 2022:Layout 1 1/12/2023 2:18 AM Page 4



# 25 लाख बाजारी मूल्य के ब्राउ सूगर के साथ दो चढे पुलिस के हत्थे

**-थाना बांसडीह रोड व एसओजी पुलिस को सफलता**
**-शंकरपुर तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को मिले अभियुक्त**
**-तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास मिला एक अवैध तमंचा और कारतूस**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण



बलिया : पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के अभियान में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ मिली। बांस-ाडीहरोड पुलिस और एसओजी टीम ने 25 लाख कीमत की ब्राउन सूगर के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
थानाध्यक्ष बासडीह रोड श्री राजकपूर सिंह मय हमराह टीम के साथ शंकरपुर तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे उसी दौरान एसओजी टीम के उ0नि0 अजय यादव मय एसओजी टीम भी पहुंचे। संयुक्त टीम आपस में अपराध व अपराधियों के बारे में चर्चा करते हुए वाहन चेकिंग कर ही रहे थे तभी बलिया की तरफ से एक मोटरसाइकिल तेज गति से आती दिखायी दी। जिसे संदेह के आधार पर रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति गाडी को रोक कर पुनः बलिया की तरफ मोड कर भागने का प्रयास किये। जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेर कर पकड़ लिया गया। पकडे गये व्यक्ति से नाम व पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो मोटरसाइकिल चालक नें अपना नाम पवन उपाध्याय पुत्र स्व0 रवीन्द्र उपाध्याय सा0 उदवन छपरा थाना हल्दी बताया जिसके पास से सफेद प्लास्टिक की पन्नी में भूरे रंग का पदार्थ प्राप्त हुआ जिसके बारे में पूछताछ में बताया कि इसमें ब्राउन सूगर है। तथा उसके पास से एक अदद तमंचा और जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम आकाश उपाध्याय पुत्र राजेश उपाध्याय सा0 हल्दी (पश्चिम टोला ) थाना हल्दी बताया। जिसके पास से सफेद रंग की पन्नी में भूरे रंग का पदार्थ प्राप्त हुआ जिसके बारे में पूछने पर उसने ब्राउन सुगर होना बताया। अभियुक्तगण उपरोक्त को उनके अपराध से अवगत कराते हुए नियमानुसार मय माल के गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण को न्यायालय के सिपुर्द किया गया।

# कुत्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद मारपीट, एक महिला की मौत आधा दर्जन घायल

अमित सिंह/नित्यानंद सिंह, समाज जागरण

रामगढ़/बैरिया (बलिया) : बैरिया थाना क्षेत्र के नई बस्ती गंगोली में कुत्ते को लेकर तू-तू मैं-मैं हो गई। बात इस कदर बड़ी की दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष की 50 वर्षीय महिला लालमुनी बिंद पत्नी दीनदयाल बिंद की मौत हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।
प्राप्त जानकारी के मुताबिक बैरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत केहरपुर के गंगौली नई बस्ती गांव में एक व्यक्ति के पालतू कुत्ते ने कई लोगों को काट कर घायल कर दिया था। मंगलवार को गांव में देर शाम लालमुनी (55) पत्नी दीनदयाल बिन्द को भी कुत्ते ने काटने के लिए दौड़ा लिया। इसकी सूचना महिला ने कुत्ते के मालिक शिवसागर बिंद के घर देने पहुंची। इसको लेकर कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ा तो एक युवक ने महिला पर ईंट से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के चलते महिला घायल हो गई। उनके सिर में रक्तस्राव होने लगा। जानकारी होने के बाद परिवार के लोग जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। सदर अस्पताल के इमरजेंसी में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। इसके बाद परिजन रोते बिलखने




लगे। घरवालों ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही इस मामले में आरोपित शिवसागर बिंद पुत्र रामेश्वर बिंद 60 वर्ष, आजाद पुत्र शिवसागर बिंद उम्र 30 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अन्य की गिरफ्तारी के लिए भिन्न-भिन्न स्थानों पर पुलिस दबिश दे रही है। इस घटना के बाद दूसरे पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

## कई हैं गंभीर भी

मारपीट में एक पक्ष की महिला लालमुनि देवी पत्नी दीनदयाल बिंद 50 वर्ष की मौत हो गयी । तो वही सोनु बिंद पुत्र दीनदयाल बिंद 35 वर्ष पिंकी देबी पत्नी सोनु बिंद 32 वर्ष तथा कुमारी प्रीति 19 वर्ष पुत्री दीनदयाल बिंद भी गम्भीर रुप से घायल हो गयी। जिसमे घायल सोनू बिंद की पत्नी पिंकी बिंद की भी स्थिति नाजुक बनी हुई है । परिजनों की माने तो पिंकी गर्भवती भी है। गम्भीर रुप से घायल पिंकी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है । वही दीनदयाल बिंद के पुत्री प्रीति 19 की शादी 29 मई 2023 को होनी है। इस घटना के बाद पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजन अब यह नहीं समझ पा रहे हैं कि बिटिया का हाथ कैसे पीला किया जाएगा। जबकि माँ की मौत की खबर से कुमारी पिंकी गम्भीर सदमें में है। बार बार वह मूर्छित हो जा रही है ।

# नगरा में डायमंड ट्राफी का आयोजन 21 जनवरी से

संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण



नगरा (बलिया) : डायमंड क्रिकेट क्लब नगरा की बैठक मंगलवार को सायंकाल पांडेय मैरेज हॉल में सम्पन्न हुई। बैठक में क्रिकेट क्लब के पूर्व एवं वर्तमान खिलाड़ियों के अलावा इलाकाई गणमान्य लोग भी शामिल रहे।
बैठक में डायमंड ट्राफी 2023 के आयोजन पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया तथा नए सिरे से आयोजक मण्डल का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ संजय सिंह को आयोजक मण्डल का अध्यक्ष, अरुण पांडेय को उपाध्यक्ष एवं पिंकू गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में जनता इंटर कालेज के मैदान में 21 जनवरी से 28 जनवरी डायमंड ट्राफी कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही टीमों को आमन्त्रित करने, मैदान को चुस्त दुरुस्त कराने, प्रसार प्रचार की जिम्मेदारियां भी अलग अलग लोगो को सौंपी गई। बैठक में डीसीसी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख निर्भय प्रकाश, संजय सिंह, चंदन सिंह,अब्दुल्लाह शाह, बशीर शाह,राज बहादुर सिंह अंशू, राजू सोनी, ओके जायसवाल, जेपी जायसवाल, इश्तेयाक आयान, मो आसिफ सहित दो दर्जन से अधिक खिलाड़ी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत जिगिरसर में अतिक्रमण के खिलाफ चला बाबा का बुल्डोजर

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकंदरपुर (बलिया) : तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिगिरसड में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन



ने संयुक्त कार्रवाई कर सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को जेसीबी से हटवाया।
नायब तहसीलदार राजेश यादव के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में ग्राम स्माज की 40 डिसमिल जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रही। उधर, प्रशासन की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। खेजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जिगिरसर की यादव बस्ती में पिछले कई वर्षों से गांव के ही कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। इसकी शिकायत ग्राम प्रधान सलाबी देवी ने एसडीएम सिकंदरपुर से की थी। शिकायत के क्रम में करीब छह माह पूर्व उक्त भूमि की पैमाईश कराई गई और संबंधित कब्जेदारों को तत्काल भूमि खाली करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन छह माह बाद भी कुछ लोगों ने अपना अवैध कब्जा नहीं हटाया। अंततः राजस्व विभाग की टीम ने उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। इस मौके पर एसएचओ खेजुरी बीपी पांडेय, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद, अजित यादव, राकेश, मुकेश, मनोज, विनोद सहित संबंधित लेखपाल और कानूनगो के अलावा काफी संख्या में पुलिस मौजूद रही। तहसीलदार राजेश यादव ने बताया कि ग्राम समाज की जमीन पर रामकृष्ण यादव, बृजा यादव, शिवजी यादव, रामगोविन्द यादव, सुदर्शन यादव, सूरज यादव व देवेंद्र यादव आदि लोगों कई सालों से कब्जा कर ट्यूबेल व नाद चरन समेत आधा दर्जन से अधिक स्थाई और अस्थाई निर्माण करा रखा था। मामला संज्ञान में आने के बाद भूमि की पैमाईश कराकर अवैध कब्जेदारों को पांच बार नोटिस दी गई थी। बावजूद इसके जमीन खाली नहीं किया जा रहा था। उच्चाधिकारियों के निर्देश के क्रम में उक्त कार्रवाई की गई।

# जनता की समस्या को सरकार तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : उपेन्द्र तिवारी

जुनेद अहमद, समाज जागरण

रतसर (बलिया) : विधानसभा फेफना के जनऊपुर गांव में बुधवार को भाजपा के बूथ कार्यकत्ताओं की बैठक हुई। पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने संगठन के विस्तार पर चर्चा की तथा केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं का आह्वान किया।
कहा कि जनता की समस्या को सरकार तक पहुंचाना व सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने वाला ही जन प्रतिनिधि होता है । कार्यकताओं ने गांव में ग्राम विकास अधिकारी को न आने की शिकायत की । इस पर मंत्री जी ने सख्त कदम उठाते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी से बात कर सख्त कदम उठाने को कहा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गांव में नई परती एवं बंजर जमीन पर किसी ने कब्जा किया है तो कार्यकर्ता इसको संज्ञान में लेकर तुरंत इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल एवं कानूनगो को दे अगर वहां से निस्तारण



नही होता है तो मेरे संज्ञान में इस बात को लाएं। निश्चित रुप से इसका समाधान होगा। सुखपुरा - रतसर मार्ग के बारे में उन्होंने बताया कि भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। जल्द ही इस पर कार्य शुरू कराया जाएगा। इस अवसर पर उपेन्द्र नाथ पाण्डेय, टुनटुन उपाध्याय,प्रेम नारायन पाण्डेय,विद्याधारी पाण्डेय,मनोज पाण्डेय,राकेश कुमार पाण्डेय,राम प्रवेश राम, मणिशंकर पाण्डेय, दिवाकर तिवारी,चन्द्रमा यादव,प्रसादी तिवारी, हरेराम मिश्रा,अखिलेश मिश्रा एवं प्रधान दद्दू मौजूद रहे।

## निशुल्क खाद्यान्न वितरण अभियान का हुआ शुभारंभ

अमित सिंह, समाज जागरण

रामगढ़ (बलिया) : ग्राम पंचायत केहरपुर के सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से कोटेदारों द्वारा सभी पात्र गृहस्ती व लाल काड धारक लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण कर भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य स-ुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण योजना का सुभारम्भ किया गया।
बुधवार को दुकानदारों ने लोगों से कहा कि इस योजना के तहत 1 जनवरी 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक हर महीने सभी को फ्री राशन दिया जाएगा । उपस्थित लोगों में एक साल तक फ्री में राशन प्राप्त करने की बात पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी । लोगों ने मोदी सरकार को बहुत दुआएं दी ।

# आशा कार्यकत्री को किया जा चुका है निष्कासित : प्रभारी चिकित्साधिकारी

समाज जागरण बलिया: जनपद के विकास खण्ड- रसड़ा के ग्राम मुंडेरा की निष्कासित आशा कार्यकत्री रागिनी सिंह द्वारा दिनांक 07 जनवरी 2023 को सीएचसी परिसर में धरना प्रदर्शन के बाबत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सराय भारती ने बताया कि रागिनी सिंह को अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन न करने तथा अपने नियंत्रक/उच्च अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किये जाने की शिकायत पर मुख्य चिकित्साधिकारी, बलिया के स्तर से त्रिसदस्यीय जाँच समिति गठित की गई। जांच समिति की आख्या के आधार पर सीएमओ के निर्देश पर श्रीमती सिंह को सेवा से निष्कासित किया जा चुका है। उच्च अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किये जाने के विरूद्ध रसड़ा कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज किया जा चुका है, जिसमें पुलिस की ओर से न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। श्रीमती रागिनी सिंह से कोई भी कार्य न लिये जाने सम्बन्धी ग्राम पंचायत मुंडेरा के ग्राम प्रधान/अध्यक्ष ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति को पत्र भेजा जा चुका है।

# सड़क लोगों के लिए मुसीबत बनी, पैदल चलना ग्रामीणों का दुश्वार

सत्यप्रकाश सिंह, समाज जागरण

रानीगंज (बलिया) : सड़क लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। आए दिन बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल होते रहते हैं। वही मार्ग पर लोग को पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। इसके बाद भी जिम्मेदार समस्या से अनजान बने हुए हैं।
बैरिया विकासखंड क्षेत्र बिशुनपुरा शनिचरा बाबा के मंदिर से चाई छपरा जाने वाली सड़क लगभग 2 वर्षों से खुदाई कर छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया की सीसी मार्ग बनाने के लिए लगभग करोड़ रूपया पास कराया गया लेकिन पैसे का बंदरबांट कर सड़क आज तक नहीं बन सकी। बिशुनपुरा निवासी पूर्व प्रधान प्रतिनिधि राजीव कुमार साह ,राजन शाह, सुदर्शन, नन्क शाह, नन्द कुमार, बबलू, जितेंद्र, त्रिलोकी, पप्पू ,रूपेश



विकेश, राकेश इत्यादि ने बताया गया कि यह सड़क बिशुनपुरा, चाई छपरा उपाध्यायपुर होते सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन को जोड़ती है। इस सड़क से दर्जनों गांवों के का मुख्य मार्ग है। लेकिन इसकी बदहाली के कारण सड़क पर चलना मुसीबत बन गई है। सड़क पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। लगभग 2 साल पहले इस सड़क की खुदाई कर तहस-नहस कर दी गई तब से गांव के लोगों को चलना दुश्वार हो गया है। यह सडक चलने लायक बिल्कुल भी नहीं रह गई है। सड़क पर बिछे कंकड़ , पत्थर के बीच बाइक सवार हमेशा गिरते रहते हैं। लेकिन जिम्मेदार लोगों का बिल्कुल ध्यान नहीं है। ग्रामीणों ने अपनी समस्या अधिकार सेना के बैरिया विधानसभा अध्यक्ष नित्यानन्द सिंह से बताया। उन्होंने मौके पर जाकर सड़क का निरीक्षण किया एवं पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर एके सिंह से बात की। बताया कि विशुनपुरा शनिचरा बाबा मंदिर से चाई छपरा जाने वाली सड़क का पेपर ऑफिस से निकालकर उसके विषय में देख रहा हूं और बहुत जल्द सड़क का निरीक्षण कर इसका कार्य कराया जाएगा।

# दोषपूर्व कार्यप्रणाली पर गिरी गाज, सीएमओ ने की सेवा समाप्त

बलिया: जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के क्रम में, सीएमओ डॉ जयंत कुमार ने एनयूएचएम के डीसीएए नीलेश वर्मा की सेवा समाप्त कर दी है।



दोषपूर्ण कार्यप्रणाली, कार्य व्यवहार, आचरण, पदीय उत्तर-दायित्वों का निर्वहन न करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है।
सीएमओ ने बताया कि श्री वर्मा के खिलाफ मिली शिकायतों की जाँच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। जाँच समिति ने भी जांच के बाद संविदा समाप्त करने की संस्तुति की। जाँच रिपोर्ट पर निर्णय लेने के पूर्व जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति ने व्यक्तिगत सुनवाई के लिए अंतिम अवसर प्रदान दिया। इसके अलावा सीएमओ की अध्यक्षता में समिति गठित की गयी, जिसमें डिप्टी कलेक्टर, वित्त एवं लेखाधिकारी एवं अर्बन के नोडल अधिकारी ने मामले को देखा और संविदा समाप्ति की संस्तुति किये जाने के निर्णय पर सहमति दी। मिशन निदेशक की ओर से भी जिला स्वास्थ्य समिति के स्तर से निर्णय लेने के लिए कहा गया। इसके बाद बुधवार को सीएमओ में नीलेश वर्मा की सेवा समाप्ति का आदेश निर्गत करते हुए सभी अभिलेख डीपीएम को हस्तगत करने का आदेश दिया है।

# व्यापारियों द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरण

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर : इस भीषण सीत लहरी में मड़ियाहूँ के व्यापारियों द्वारा जरूरत मंदों को कम्बल वितरण करना बहुत ही पुनीत कार्य है। जनपद के हर व्यापारी भाईयों को इस दिशा में आगे आकर समाज के लिए सहभागिता करना चाहिए।



उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष इन्द्रभान सिंह इन्दु ने शाही कटरे में मड़ियाहूँ व्यापारियों द्वारा आयोजित कम्बल वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा बतौर विशिष्ट अतिथि प्रभारी निरीक्षक मड़ियाहूँ ओम नारायण सिंह ने कहा कि अपने तथा अपने लोगों के लिए तो सभी जीते हैं। समाज के लोगों के लिए जो सोचता है उसकी सोच और जीवन दोनों सार्थक है। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार राधाकृष्ण शर्मा एडवोकेट ने कहा कि श्रीमद भागवत गीता में श्री कृष्णा ने दान को सरोपरि बताया है ,मानव सेवा ईश्वर सेवा । इस मौके पर व्यापार मण्डल जौनपुर के महामन्त्री मो० आरिफ हबीब,मड़ियाहूँ व्यापार मण्डल तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र जायसवाल, राजू, नगर अध्यक्ष राशिद हाशमी, व्यापार मण्डल के युवा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सेठ, महामंत्री प्रदीप कुमार जायसवाल, प्रबन्धक स्वर्ण राजेश पत्र-ाकार,नसीम अहमद, सेराज अन्सारी आदि लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन इफ्तखार अहमद अंसारी ने किया। रासिद हाशमी ने सभी लोगो को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।

# डा. काउण्ट सीजर मैटी का जन्मदिवस समारोह सम्पन्न

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर : इलेक्ट्रो होमियोपैथिक के जनक डा. काउण्ट सीजर मैटी का जन्मदिवस समारोह बुधवार को नगर के सीहीपुर-मुरादगंज स्थित आजाद हिन्द इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्स्टीच्यूट में मनाया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. मो. अयूब ने किया जहां मुख्य अतिथि ओम प्रकाश सिंह समाजसेवी एवं विशिष्ट अतिथि डा. ब्रह्मेश शुक्ला एवं डा. विजय यादव रहे। इस मौके पर सर्वप्रथम अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, कालेज के प्राचार्य सहित उपस्थित सभी लोगों ने डा. मैटी के चित्र पर माल्यार्पण किया जिसके बाद मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद छात्र–छात्राओं ने मनोरंजन कार्यक्रम करते हुये गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान डा. प्राचार्य आरपी यादव ने इलेक्ट्रोपैथी की गुणवत्ता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि पौधे से बनी औषधि हानि रहित होती है। शरीर



पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। 5 मई 2010 से इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सक सम्पूर्ण भारत में चिकित्सा कर सकता है। इसी क्रम में डा. सुनील यादव एवं डा. शैलेन्द्र ने इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा. रमाशंकर यादव, डा. गिरीश चतुवेर्दी, डा. एसके सिंह, डा. शैलेन्द्र यादव, डा. सुभेन्द्र शर्मा, डा. संजय श्रीवास्तव, डा. लालमणि विश्वकर्मा उप प्राचार्य आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुशांत पाण्डेय एवं समापन डा. मु. अयूब ने किया।

# आज युवाओं के प्रेरणास्त्रोत बने हैं ऋषि यादव

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर : इतिहास गवाह है कि जब भी युवाओं ने कुछ ठाना है, वह हर हालत में अवश्य ही पूरा



किया है। यही कारण है कि युव-ाओं ने जब भी अंगड़ाई ली है, देश की दिशा व दशा दोनों बदल गयी है। चाहे देश की आजादी हो या आजादी के बाद की शासन-सत्ता। इसी तरह की सोच वाले एक युवा जौनपुर में पिछले 3 वर्षों से कुछ ऐसा ही अलख जगा दिये हैं जो आज जौनपुर ही नहीं, बल्कि प्रदेश के अन्य जनपदों व अन्य प्रदेशों के युवाओं के लिये समाजवादी कुटिया के माध्यम से समाज सेवा के प्रेरणास्त्रोत बन गये हैं। उक्त प्रेरणस्त्रोत युवा समाज चिन्तक ऋषि यादव हैं जो जौनपुर-केराकत मार्ग पर धमार्पुर क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में समाजवादी कुटिया के संस्थापक बनकर उसका संचालन कर रहे हैं। श्री यादव ने कुटिया के माध्यम से जहां क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ पौष्टिक आहार एवं पठन-पाठन सामग्री देने का कार्य कर रहे हैं, वहीं गांव के एक दिव्यांग परिवार को गोद लेकर श्रवण कुमार बने हुये हैं।

# जौनपुर इकाई की काव्य गोष्ठी सम्पन्न

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर : शहर समता विचार मंच जौनपर की महिला




काव्य गोष्ठी डॉ मधु पाठक के संयोजन में रचना सक्सेना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। गोष्ठी की मुख्य अतिथि डॉ सुमन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ पूनम श्रीवास्तव व चेतना चितेरी रहीं।
गोष्ठी का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहीं रचना सक्सेना ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण करके किया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति डॉ सुमन सिंह ने किया। गोष्ठी का संचालन डॉ मधु पाठक ने किया। डॉ पूनम श्रीवास्तव, डॉ सुमन सिंह, डॉ नीलू सिंह, अनामिका उपाध्याय, चेतना चितेरी, डॉ मधु पाठक ने अपनी सुंदर रचनाओं की प्रस्तुति से काव्य गोष्ठी को सफल बनाया। डॉ पूनम श्रीवास्तव ने "पिता का सम्मान पहले", डॉ सुमन सिंह ने "अभिनंदन मां शत शत वंदन", अनामिका उपाध्याय ने "क्या करूं ऐसी ही हूं मैं", चेतना चितेरी ने "नयी नवेली सुबह का स्वागत करती हूं", डॉ नीलू ने "आजादी", डॉ मधु पाठक ने "पानी" कविता पढ़ी। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन डॉ मधु पाठक ने किया।

# आजादी के पहले से बसे लोगों के आशियाने को तोड़ दिया गया : श्रवण जायसवाल

## *मकानों/दुकानों को तोड़कर मुआवजा नहीं दिया गया, ठण्ड में बेघर किये गये लोग*

**-अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने डीएम को ज्ञापन सौंप की मुआवजे की मांग**

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर : आजादी के पहले से बसे नगर के मण्डी अहमद खां के निवासियों के तोड़े गये मकान/दुकान एवं मकान का उचित मुआवजा दिलाये जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन के माध्यम से श्री जायसवाल ने कहा कि उक्त मोहल्ले में तोड़े गये मकान/दुकान के मुआ-ावजे के लिये प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कहा गया लेकिन अभी तक पीड़ितों के मुआवजे की निर्धारित धनराशि उनको नहीं मिल पायी। पीड़ितों के अनुसार अधिकारियों ने यह भी कहा था कि जांच कर मुआवजे की राशि तय कर दी जायेगी लेकिन अभी तक उक्त विषय पर प्रशासन की तरु से कोई भी इस तरह के सकारात्मक संदेश नहीं मिल पाये हैं कि मुआवजा दिया ही जायेगा। व्यापारी नेता श्री जायसवाल ने कहा कि प्रशासन




के तानाशाही के बल पर जिस प्रकार बगैर मुअ-ावजे की राशि तय किये लोगों के मकानों/दुकानों को ठण्ड के इस समय मौसम में तोड़ दिया गया है, यह मानवता के विपरीत है। इस प्रकार की क्रूर मानसिकता वाले प्रशासनिक अधिकारियों को व्यापार मण्डल चेतावनी देता है कि अगर समय रहते मुआवजे की राशि तय कर पीड़ितों को उपलब्ध नहीं करायी गयी तो अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल सड़क पर उतरकर आन्दोलन करने को बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। इस अवसर पर अमरनाथ मोदनवाल, संजीव साहू, नितेश साहू, जीशान खान, धर्मेन्द्र सोनकर, सुनील चौरसिया, राजेश कुमार, नेहाल अहमद, मेंहदी हैदर, गोविन्द गुप्ता, रियाजुद्दीन, राकेश गुप्ता, कन्हैया यादव, आलोक कुमार, महेश गुप्ता, राजेश जायसवाल, विशाल, राम प्रसाद अग्रहरि सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# जनपद में आकांक्षात्मक विकास खंडों में रोजगार मेलों का हो रहा है आयोजन

मीत श्रीवास्तव, समाज जागरण

बलिया : शासन के निदेर्शानुसार जिला सेवायोजन कार्यालय बलिया द्वारा जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्डों में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में तीन कम्पनिया एल एन टी बैंगलोर,याजिकी इण्डिया अहमदाबाद,जी फोर एस सिक्योरिटी दिल्ली प्रतिभाग कर रही है।
अकांक्षात्मक विकास खण्ड कार्यालय पन्दह में रोजगार मेला का आयोजन किया गया ।इस रोजगार मेला में मुख्य अतिथि पन्दह ब्लाक के ब्लाक प्रमुख राघवेन्द्र कुमार यदुवंशी उर्फ रिंकु तथा खण्ड विकास अधिकारी, दीपक कुमार सिंह सम्मिलित रहे ।
इनके द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया ।जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद ने बताया कि तीनों कम्पनियों में 175 युवाओ ने प्रतिभाग किया , जिसमें साक्षात्कार के माध्यम से 112 का चयन किया गया। अगला रोजगार मेला 11 जनवरी को गडवार में 12 जनवरी को हनुमानगंज , तथा 13 जनवरी को सोहाव में आयोजित होगा।

22 may 2022:Layout 1 1/12/2023 2:18 AM Page 5



## जनसेवा केन्द्र पर जाकर पीएम किसान पोर्टल पर अपना इकेवाईसी अवश्य कराये

**मीत श्रीवास्तव, समाज जागरण**

बलिया : प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत जनपद में अब तक कुल 66.44 प्रतिशत कृषकों के द्वारा ही पीएम किसान पोर्टल पर मालब पूर्ण कराया गया है।

जनपद के अन्य समस्त लाभार्थी किसान भाईयों को सूचित करते हुए उप कृषि निदेशक इन्द्राज ने बताया है कि पीएम किसान पोर्टल की वेबसाइट पर जाकर अपने एण्ड्रायड मोबाईल नम्बर से अथवा अपने क्षेत्र के नजदीकी किसी भी कॉमन सर्विस सेण्टर/जन सेवा केन्द्र पर जाकर आधार कार्ड से पीएम किसान पोर्टल पर अपना इकेवाईसी अवश्य करा ले, इसके अतिरिक्त किसान भाई अपने बैंक में जाकर अपने खाते को आधार से लिंक कराये तथा एन.पी.सी.आई. से अप्रूवल भी करा लें। जिन किसान भाईयो का भूलेख अंकन पी.एम. किसान पोर्टल पर नहीं हुआ है, जिसके कारण 12वीं किश्त रूक गई है, वह भूलेख अंकन के लिये सम्बन्धित विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डार, सम्बन्धित तहसील, अथवा उप कृषि निदेशक कार्यालय में सम्पर्क कर भूलेख अंकन करा लें।

## ट्रैक्टर के चपेट में आने से सात वर्षीय मासूम की मौत

**- दोहरीघाट के कोरौली गांव में बुधवार की सुबह हुआ हादसा**
**- एक माह पहले अपने ननिहाल आई थी अंकिता**
**- पुलिस ट्रैक्टर को लेकर आई थाने, मौके से चालक फरार**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : कोरौली गांव में बुधवार की सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से सात वर्षीय बालिका की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज ट्रैक्टर को थाना लेकर आई। मृतक के स्वजन की तहरीर पर पुलिस वाहन स्वामी सहित चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी रही।



मधुबन के फतेहपुर ताल नरजा निवासी सात वर्षीय अंकिता एक माह पहले अपनी मां के साथ ननिहाल दोहरीघाट के कोरौली आई थी। बुधवार की सुबह वह घर के बाहर खड़ी थी। उसी दौरान करीब नौ बजे तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। खून से लतपथ देख स्वजन आनन फानन में उसे सीएचसी पर लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन को छोड़कर मौक से फरार हो गया। बालिका की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया सभी स्वास्थ्य केंद्र पर दहाड़े मारकर रोने लगे। मृतक की मां अंजनी देवी बदहवास हो गई थी। उधर घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी हरिशंकर सिंह भी मौके पर पहुंचे। स्वजन को समझाकर उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया कि तहरीर पर वाहन स्वामी सहित चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में लगी है।

## दो गिरफ्तार, चोरी के 4 विद्युत मोटर सहित सामान बरामद

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : घोसी पुलिस ने बुधवार को चेकिंग के दौरान बनाफा के पास तराईडीह नहर संदिग्ध दो पहिया चालक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से चाकू मिला। पूछताछ के दौरान अभियुक्त की निशानदेही पर विगत दिनों मुहम्मदपुर में हुई चोरी में शामिल एक अन्य अभियुक्त सहित चोरी का भी सामान बरामद किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों का चालान न्यायालय किया। पुलिस के मुताबिक रूटीन के चेकिंग के दौरान तराईडीह के पास बाइक के साथ खड़ा युवक पुलिस को देखकर भागने की फिराक में था। मौजूद पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने खुद को मुहम्मदपुर हसनपुर निवासी विपुल कुमार बताया। तलाशी के दौरान चाकू बरामद किया गया। बताया कि अपने दोस्त सोनू गुप्ता के साथ मिलकर तराईडीह निवासी महेंद्रनाथ राय के ट्यूबवेल का ताला तोड़कर एक विद्युत मोटर, रामभवन के खेत से एक विद्युत मोटर चोरी व मधुबन के करौंदी नरायनपुर से एक डीजल इंजन, दो विद्युत मोटर, एक टुल्लू चोरी किये थे। निशानदेही पर पुलिस ने सोनू गुप्ता को पकड़कर उसके घर से 04 विद्युत मोटर, एक डीजल इंजन व पंखी, एक टुल्लू व पंखी, हैंडपंप सेट आदि बरामद कर दोनों का चालान कर दिया।



## घाटो पर पशु तस्करी हुई तो नाविकों से निपटेगी पुलिस

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के भांवरकोल थाना परिसर में बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न गंगा घाटों पर नाव संचालन करने वाले नाविकों की बैठक थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में यदि किसी भी घाट पर पशु तस्करी की कोई भी सूचना मिली तो नाविकों के खिलाफ पुलिस पूरी शक्ति से निपटेगी। उन्होंने नाविकों को चेतावनी देते हुए कहा यदि किसी भी नाविक द्वारा जानवरों को गंगा पार करने की कवायद की तो संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ उन्हें गैंगस्टर एक्ट के तहत निरूध कर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पशु तस्करी पूरी तरह से थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित कर दी गई है। इसमें यदि किसी भी नाविक द्वारा जानवरों को गंगा पार कराने का प्रयास किया गया तो उसके खिलाफ पुलिस शक्ति से नीपटेगी उन्होंने कहा कि सामान्य रूप से गंगा पार खेती-बाड़ी करने वाले लोगों को अपने जानवर ले आने ले जाने के लिए कोई प्रतिबंध नहीं है इसी तरह गंगा पार के डेरा पर आने वाले लोगों का जानवर गंगा पार से उस पार ले आने ले जाने की छूट होगी लेकिन इसके अलावा पशु तस्करी की कोई शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर क्षेत्र के शेरपुर, फिरोजपुर ,वीरपुर, पलिया बुजुर्ग आदि गांव के नाविक मौजूद रहे।



## समाजसेविका मीरा राय ने किया जरूरतमंदों को कंबल का वितरण

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के बगेन्द गांव में जनपद की प्रमुख समाज सेविका श्रीमती मीरा राय के द्वारा हाड़ कंपकंपाने वाली सर्दी एवं ठिठूरने पर विवश करने वाली जाडे से राहत प्रदान करने के लिए गरीब असहाय मजदूरों वृद्ध एवं विकलांग लोगों में 101 कंबल का वितरण किया ।इस अवसर पर मीरा राय ने कहा की जाड़े में गरीब एवं असहाय लोगों की सेवा सभी को करनी चाहिए।यही मानवता है। ।हमें सदैव अपने आस पास के लोगों का यथासंभव सहयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य रुप से पूर्व नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश वर्मा,मां काली मंदिर के पुजारी एवं ब्यवस्थापक सत्य प्रकाश मुकेश, सुशांत राय, अशोक खरवार व गांव की जनता जनार्दन उपस्थित थी।

## प्री-मेच्योर बेबी को हाइपोथर्मिया से बचाव में कारगर है कंगारू मदर केयर

**- केएमसी कंगारु मदर केयर तकनीक कम वजन के बच्चों के लिए वरदान**
**- जिला महिला चिकित्सालय में अब तक 459 नवजात ने लिया स्वास्थ्य लाभ**

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : समय से पूर्व जन्मे नवजात यानि प्री-मेच्योर बेबी के बेहतर स्वास्थ्य और बीमारियों से बचाने के लिए सरकार ने जिला महिला चिकित्सालय को एडवांस यूनिट की निश्शुल्क सुविधा प्रदान की है। केएमसी यानि कंगारू मदर केयर के जरिए प्री-मेच्योर शिशुओं को हाइपोथर्मिया अर्थात सामान्य से शरीर का तापमान कम होना या शरीर ठंडा पड़ना, वजन कम होने जैसे आदि परेशानियों से बचाया जा सकता है। इसके प्रयास से शिशु मृत्यु-दर में कमी लाई जा सकती है।

जिला महिला चिकित्सालय में अब तक 459 समय से पूर्व जन्मे नवजात यानी प्री-मेच्योर बेबी ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किए हैं। शिशु का तय समय से पहले जन्म और जन्म के समय वजन कम होना अक्सर देखा जाता है। यह शिशु सामान्य शिशु की तुलना में ज्यादा कोमल और कमजोर होते हैं और उन्हें कई तरह की बीमारियां होने का भी खतरा बना रहता है। ऐसे शिशुओं को गहन देखभाल की जरूरत होती है, जिसे कंगारू मदर केयर विधि से देखभाल कर ठीक किया जा सकता है। इस तकनीक में नवजात शिशु (बगैर कपड़े के साथ) को मां के सीने पर कंगारू की तरह अपने से चिपकाकर लिटाया जाता है। करीब एक घंटे रोजाना इस विधि को करना चाहिए। जिससे शिशु को मां के शरीर की गर्माहट मिल सके। इसमें शिशु के हाथ-पैर व पीठ को साफ कपड़ों से ढ़क कर रखना चाहिए। इसमें शिशु को गर्माहट मिलती है और तापमान का संतुलन बन जाता है। केएमसी विधि से शिशु और मां दोनों को कई तरह के फायदे होते हैं जैसे शिशु का तापमान सही रहता है। वह इंफेक्शन से भी दूर रहता है। इससे शिशु और मां के बीच का रिश्ता मजबूत होता है। स्तनपान बेहतर होता है। कंगारू मदर की तरह देखभाल सिर्फ मां की ही नहीं बल्कि परिवार का कोई भी सदस्य दे सकता है।



जब शिशु का वजन 2.5 किलोग्राम तक हो जाए तो केएमसी बंद कर सकते हैं। इसके अलावा जब भी मां बच्चे को केएमसी देने की कोशिश करे और बच्चा रोने लगे, असुविधा महसूस करे तब समझें कि केएमसी बंद करने का समय आ गया है। इस दौरान शिशु का स्तनपान जारी रखें। केएमसी से बच्चे का वजन बढ़ता है।

**- डा. प्रवीण सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ जिला महिला अस्पताल।**

## दामाद के निधन की खबर सुन सदमे से सास के भी प्राण पखेरु

**- रतनपुरा के नगवां गांव निवासी थे मृत सहायक अध्यापक अरुण कुमार**
**- खबर सुन बलिया के रसड़ा स्थित खड़कपुरा निवासी विमला की भी मौत**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**



मऊ : विकास खंड के ग्राम पंचायत नगवां के निवासी प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक 55 वर्षीय अरुण कुमार के निधन की खबर का सदमा सास बर्दाश्त नहीं कर सकी और उसकी भी मृत्यु हो गई। मंगलवार को एक ही दिन दो मौतों से जहां दोनों परिवार में मातम रहा वहीं दूसरी तरफ पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना रहा। नगवां निवासी सहायक अध्यापक 55 वर्षीय अरुण कुमार सिंह मंगलवार को चिकित्सक से परामर्श के लिए अपने निजी चार पहिया वाहन से चालक के साथ वाराणसी जा रहे थे। अभी दोनों गाजीपुर के सैदपुर के पास पहुंचे थे कि अरुण कुमार शौच के लिए उसी दौरान वह जमीन पर गिर गए। चालक ने आनन फानन में उनको सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गया। यहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चालक ने स्वजन को जानकारी देते हुए शव को घर लेकर आए। वहीं दूसरी तरफ दामाद के मौत की खबर मिलते ही बलिया जनपद के रसड़ा थाना स्थित खड़कपुरा निवासी 75 वर्षीय विमला देवी की हालत खराब हो गई। थोड़े ही देर में उनकी भी मौत हो गई। एक ही दिन दामाद और सास की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृत अध्यापक की पत्नी बिंदा सिंह नगवा गांव की पूर्व ग्राम प्रधान थी। दिवंगत अध्यापक को चार पुत्रियां और एक पुत्र हैं। सबका रोते-रोते बुरा हाल था। दामाद के शोक में सास के निधन का समाचार संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

## आधार लिंक नहीं होने पर शासन द्वारा 7718 लाभार्थियों की रोकी गई पेंशन

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊः जिला प्रोवेशन अधिकारी समर बहादुर सरोज ने बताया कि निदेशालय महिला कल्याण द्वारा प्रथम किस्त 28 हजार 526 लाभार्थियों और द्वितीय किस्त 20 हजार 808 लाभार्थियों को ही भेजी गई। बताया कि शत-प्रतिशत आधार प्रमाणीकरण 15 जनवरी 2023 तक अवश्य करा ले अन्यथा विधवा पेंशन की तृतीय किस्त धनराशि नहीं दी जायेगी। लाभार्थियों का पासबुक, आधार नम्बर /मोबाइल नम्बर लिंक होने के उपरान्त आधार बेस्ड पेमेन्ट प्रणाली के माध्यम से आगामी किस्तों की धनराशि का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जायेगा। उक्त के क्रम में जनपद के समस्त पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि स्वयं के माध्यम से या वे अपने नजदीकी जन सेवा केन्द्र पर जाकर एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय में अपने आधार कार्ड को अनिवार्य रूप से निराश्रित महिला पेंशन के ऑनलाइन पोर्टल पर प्रमाणीकरण / आधार सीडिंग करा लें। अन्यथा पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) की धनराशि नही दी जायेगी। आधार कार्ड प्रमाणीकरण के उपरान्त ही निदेशालय महिला कल्याण द्वारा पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से पेंशन की धनराशि आधार बेस खाते में भेजी जायेगी।

## नेकी की दीवार के प्लेटफार्म पर ढाई हजार जरुरतमंदों को मिला स्वेटर, साल, कंबल व जूता

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर रेलवे स्टेशन पर लगी नेकी की दीवार से सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया गया। नेकी की दीवार पिछले 10 दिनों से शहर के विभिन्न स्थानों पर संचालित की गई तथा ढाई हजार से ऊपर जरूरतमंद लोगों को साल स्वेटर कपड़ा जूता कंबल इत्यादि वितरित करके इस भीषण ठंड में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने का काम किया जा रहा है। आज नगर के विभिन्न स्थानों से झींगुर पट्टी रजागंज बस्ती आदि नगर के विभिन्न स्थानों नवापुरा तथा सिकंदरपुर के लोगों को चिन्हित करके कंबल वितरित करने का काम किया गया। यह नेकी की दीवार जब तक ठंड का कहर जारी रहेगा तब तक अनवरत लोगों की सेवा करता रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक नगर के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता विवेक कुमार सिंह शम्मी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा जरूरतमंद लोगों को किसी भी प्रकार की सहायता इस भीषण ठंड में नहीं पहुंचाई जा रही है। अलाव भी कागज पर ही चल रहा है वास्तविकता में दो चार स्थानों को छोड़कर कहीं भी अलाव की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा नहीं की गई है ।रेन बसेरा के नाम पर सिर्फ दो या तीन जगह टेंट लगाकर छोड़ दिया गया है, जिसके अंदर ठंड से बचने की कोई भी व्यवस्था नहीं है ।उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा की लोगों की मदद करने की व्यवस्था तत्काल की जाए जिससे गरीब लोगों के इस ठंड में राहत मिल सके। इस कार्यक्रम में मौके पर इंदीवर वर्मा अनिल सिंह इमरान अंसारी अनुज यादव मनीष पांडे अवधेश साहू प्रदीप बिंद शशिकांत पांडे इत्यादि लोग मौजूद रहे।




## राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित होंगे सिद्धार्थ

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर ।युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार



द्वारा प्रति वर्ष दिए जाने वाले राष्ट्रीय युवा पुरस्कार (एनवाईए 2019-2020) के लिए जनपद गाजीपुर के होनहार,कर्मठ युवा समाजसेवी सिद्धार्थ राय को समाज सेवा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चुना गया है। आजादी के बाद से सेवा संवर्ग मे अब तक उत्तर प्रदेश राज्य को मात्र एक बार यह पुरस्कार मिला था और यह प्रदेश के लिए भी महत्वपूर्ण है जो दुसरी बार यह पुरस्कार सामाजिक भावना से किए गये सिद्धार्थ राय के उत्तम कार्यों के लिए यह प्राप्त हो रहा है।

12-16 जनवरी तक कर्नाटक राज्य के हुबली शहर मे युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित ह्ल राष्ट्रीय युवा महोत्सव ह्ल जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री करेंगे में यह पुरस्कार ग्रहण करने के लिए रवाना होने से पहले सिद्धार्थ राय ने कहा कि मेरे जीवन के लिए यह सुखद क्षण है, जो इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए हमे चुना गया है और हमे प्रसन्नता है कि इससे पुरे देश मे मेरे प्रदेश और जनपद को एक नयी उपलब्धि हासिल हुई है। सिद्धार्थ राय ह्ल राष्ट्रीय युवा महोत्सव ह्ल में शामिल होने हुबली,कर्नाटक एयरपोर्ट पर मंगलवार को पहुँचे जहाँ कर्नाटक सरकार पारंपरिक तरीके से गाजीपुर के लाल का स्वागत किया गया ।

सिद्धार्थ राय को इससे पहले भी उनके अप्रतिम सेवा कार्यों के लिए 2021 मे उत्तर प्रदेश कि राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल द्वारा शाहजहांपुर मे तथा 2022 मे केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा सेवा मित्र सम्मान से मध्यप्रदेश के उज्जैन मे सम्मानित किया जा चुका है ।इसके अलावा भी ज़िले एवं प्रदेश स्तर पर ढेरों सम्मान अपनी छोटी सी उम्र में सिद्धार्थ राय को प्राप्त हो चुके हैं ।

अपनी उम्मीद संस्था के बैनर तले सिद्धार्थ लगातार समाज सेवा के क्षेत्र मे लगकर राष्ट्रीय संकल्पों के प्रति भारत यात्रा,पर्यावरण के क्षेत्र मे वृक्षारोपण, प्रभु कि रसोई के माध्यम से विगत एक वर्षो सैकड़ों लोगों को लगातार रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भोजन वितरण तथा सेवा समर्पित विभिन्न विधाओं के स्थान खुरपी के प्रांगण मे पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र के युवा बालक एवं बालिकाओं को ताइक्वांडो प्रशिक्षण के आलावा गरीब असहाय निर्धन लोगों के लिए शौचालय निर्माण तथा मार्गो को शौच क्रिया के स्थान बनने से रोकने हेतु जनजागरण अभियान को लगातार गति प्रदान कर रहे है। सिद्धार्थ खुद एमबीए हैं , गोल्ड मेडलिस्ट हैं और एक बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनी में अपनी सेवा भी दे चुके हैं ।

सिद्धार्थ राय सामाजिक क्षेत्र कि पहचान बन चुके है और देश भर में उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने को तैयार हजारों लोग आज सामाजिक कार्यों में अपना छोटा - बड़ा योगदान दे रहे हैं ।

गाजीपुर ज़िला भी अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है , यह पुरस्कार गाजीपुर में भी किसी को पहली बार मिलने जा रहा है ।

## सनबीम स्कूल गाजीपुर में किया गया फायर माक ड्रिल का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। नगर स्थित सनबीम स्कूल महराजगंज में बुधवार को फायर माक ड्रिल का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य आपातकालीन तैयारी योजना की समीक्षा करने के साथ-साथ किसी भी स्थान पर मानक संचालन प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करना है. विशेष रूप से बड़े संगठनों, स्कूलों, स्थानों पर जहां खतरनाक सामग्री (रसायन, एसिड, एलपीजी) आदि का उपयोग किया जाता है. उन सब से अचानक घटने वाली घटनाओं से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। मॉक ड्रिल इस बात का पूरा प्रदर्शन है कि आपदा आने पर कैसे प्रतिक्रिया दी जाए । यह संभावित त्रुटियों और जोखिमों की पहचान करता है। विभिन्न आपदा नियंत्रण विभागों के बीच समन्वय में सुधार करता है। यह दिखाता है कि ऊंची मंजिलों, इमारतों में फंसे लोगों को कैसे बचाया और बचाया जाए। इस माक ड्रिल मे बच्चों को विभिन्न प्रकार से लगने वाले आग से कैसे बचा जाय तथा उससे बचने के लिए किस उपकरणों की आवश्यकता पड़ती है उसके बारे प्रशिक्षण और जानकारी दी गई।यह कार्यक्रम अग्निशमन विभाग के अधिकारी अनिरुद्ध जी के निरीक्षण में किया गया, जिसमें कक्षा 10 वीं और 12 वीं के बच्चों ने हिस्सा लिया तथा अग्निशमन उपकरणों का उपयोग कर प्रशिक्षण भी लिया। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन के पी सिंह ने बच्चों और विद्यालय के कर्मचारियों को यह संदेश दिया कि हमारा विद्यालय इस तरह के कार्यक्रम को आयोजित कर सबके लिए एक जानकारी देने और आग से बचने के लिए या जो भी प्राकृतिक या अप्राकृतिक आपदा से बचने के लिए सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। तथा जो कुछ भी उपकरणों की आवश्यकता है उसको विद्यालय में अधिक संख्या में उपलब्ध कराने के लिए भी संदेश दिये। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर नवीन सिंह ,प्रवीण सिंह विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना कुमारी , एडमिनिस्ट्रेटर सरोन जालान, उप प्रधानाचार्या तहसीन आब्दि को आर्डिनेटर सानिया, सिदरा, सुभ्दा अकाउंट मैनेजर अमित श्रीवास्तव एस्टेट इंचार्ज अभिषेक सिंह एक्टिविटी इंचार्ज आमिना खातून , ट्रांसपोर्ट इंचार्ज विनय उपाध्याय अकाउंटेंट आशीष तिवारी तथा विद्यालय के समस्त कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।



## गरीबों को ठंड से बचाने के साथ किया त्यौहार का इंतजाम

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं उनके पति पंकज सिंह द्वारा बुधवार को कौशिक उपवन सैदपुर में नववर्ष के अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों तथा वरिष्ठ कार्यकताओं के सम्मान में ह्लनया साल नया जोशह्ल कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें गरीब असहाय निर्धन लोगों में पड़ रही कड़ाके की ठंड में कम्बल और आगामी मकर संक्रांति के मद्देनजर खिचड़ी सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि कैलैंडर नव वर्ष अवसर पर आयोजित जोश और उत्साह से पूर्ण गरीब कल्याण के लिए आयोजित यह कार्यक्रम हमारे संगठन का मूल है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम पार्टी संगठन तथा आम जनता के लिए एक बड़ी उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा।

पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभुनाथ चौहान ने कहा कि देश और प्रदेश में स्थापित भाजपा नेतृत्व सरकार के कार्यों तथा कार्यकताओं के दृढ संकल्पों से आने वाले नगरपालिका, नगर पंचायत के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जनपद की सभी सीटों पर परचम लहराएगी।




पूर्व विधायक कालीचरन राजभर ने लोकगीत के माध्यम से कार्यकताओं मे संगठन के प्रति उत्साह भरा।

कार्यक्रम में उपस्थित आगन्तुकों तथा अतिथियों का स्वागत पंकज सिंह चंचल और आभार जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने जताया।

इस अवसर पर गरीब और निर्धन लोगों को समाजसेवी रमाशंकर सिंह,जिला अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह,प्रभारी अशोक मिश्रा,लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय, सपना सिंह और पंकज सिंह चंचल के कर कमलों से कम्बल तथा खिचड़ी सामग्री का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में रामनरेश कुशवाहा, डा मुराहु राजभर, रामराज बनवासी,ब्लाक प्रमुख संघ अध्यक्ष अवधेश राय, अजिताभ राय राहुल, धर्मेंद्र सिंह,लोकसभा विस्तारक रविप्रकाश पांडेय, वृजनन्दन सिंह,पूनम मौर्य,ओमकार मिश्रा,ओमप्रकाश राय,प्रवीण सिंह,दयाशंकर पांडेय, अवधेश राजभर,अच्छेलाल गुप्ता,शैलेश राम,सुरेश बिंद,चतुर्भुज चौबे,जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, किरन सिंह,नीलम दूबे,पप्पू सिंह,राजन प्रजापति,अजीत सिंह,सुनिता सिंह सहित सभी जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष आदि वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महाहर धाम के लिए पर्यटन मंत्री से गुहार

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर। जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे कुंवर रमेश सिंह पप्पू ने राज्य के पर्यटन मंत्री से लखनऊ में मुलाकात कर महाहर धाम के विकास के लिए विशेष अनुरोध किया। धार्मिक, संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत की पहचान के विकास के लिए कार्य अवश्य होना चाहिए। इससे धार्मिक आस्था की मजबूती होगी। पर्यटन का विकास होगा तो उद्योग और व्यवसाय में भी बढ़ोतरी होगी। वही विश्व के मानचित्र पर स्थापित होगा। क्षेत्र के महाहर धाम तीर्थ स्थल का विकास कराने को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता कुंवर रमेश सिंह पप्पू सक्रिय हो गए हैं। बीते दिनों लखनऊ में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को मंदिर के विकास के लिए प्रस्ताव सौंपा और इस पौराणिक स्थल के विकास के साथ ही धार्मिक पौराणिक स्थल की मान्यता को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की। भाजपा नेता ने पर्यटन राज्यमंत्री से महाहर धाम की मान्यता को लेकर बताया कि महाराजा दशरथ द्वारा स्थापित धार्मिक पौराणिक स्थल है। इस ऐतिहासिक व पौराणिक शिव मंदिर से क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी है। महाहर मंदिर पर स्थानीय लोगों के साथ साथ अन्य जनपदों से लोग भी दर्शन करने के लिए आते हैं। मंदिर पर पूरे वर्ष प्रतिदिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है और श्रावण मास में तो एक दिन में भीड़ लाखों की संख्या तक पहुंच जाती है। बताया कि इसके बावजूद उक्त स्थल पर धार्मिक विकास धर्मार्थ कार्य व पर्यटन विभाग द्वारा विशेष ध्यान नहीं देने से धाम का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के अनुरूप विकास नहीं हो सका है। उन्होंने पर्यटन राज्यमंत्री से मांग किया कि महाहर मंदिर की ऐतिहासिकता को बनाए रखने के लिए इसका विकास के साथ सुंदरीकरण कराया जाए।



### भक्तों की जुटती है भीड़

**भक्तों का उमड़ता है रेला**

महाहर धाम में प्राचीन तेरहमुखी शिवलिंग स्थापित है। जहां महाशिवरात्रि पर भक्तों का रेला उमड़ता है। इसके अलावा पूरे सावन माह मंदिर परिसर घंटों की आवाज से गुंजयमान रहता है। मंदिर पर सावन माह में बाबा भक्तों का रेला उमड़ता है। मान्यता है कि इस धाम का निर्माण राजा दशरथ ने कराया था। ऐसा माना जाता है कि महाहर धाम में राजा दशरथ का शब्दभेदी बाण गलती से श्रवण कुमार को जा लगा था। जिससे उनकी मौत हो गई थी । यही वो स्थान है जहां श्रवण कुमार के अंधे और बूढ़े मां बाप ने राजा दशरथ को श्राप दिया था। उन्होंने भी यही प्राण त्याग दिए थे। इसके बाद ब्रम्ह हत्या से बचने के लिए राजा दशरथ इस स्थान पर शिव परिवार व भगवान ब्रम्ह की स्थापना किए।

## टी-20 मैच खेलने के बाद घर लौटे क्रिकेटर शिवम मावी को किया सम्मानित-:

**आज दिनांक 10/01/22(मंगलवार) को जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था के सदस्यों ने टी-20 मैच में परचम लहरान वाले भारतीय टीम के तेज गेंदबाज शिवम मावी को उन्हें आवास सै.52 पर पहुंचकर तिरंगा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया,बातचीत के दोरान शिवम मावी ने बताया कि टी-20 मैच में शामिल होने पर हार्दिक पंड्या का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हु ओर मै इसी तरह पूर्ण विश्वास के साथ आईपीएल मैच में इससे भी अधिक अच्छा प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन करुंगा! वही दीपांशु शर्मा(संस्थापक) ने बताया कि शिवम आज हजारों युवाओं का मार्गदर्शन बन चुके हैं हमे कड़े संघर्षो के साथ अपने जीवन को सफल बनाते हुए माता-पिता का नाम समाज में रोशन करना चाहिए जिससे कि उन्हें भी खुद पर गर्व महसूस हो और उनका आशीर्वाद सदैव हमारे साथ बना रहे!**

## कड़ाके की ठंड में 108 एंबुलेंस दे रहा है अपनी सेवा

# एंबुलेंस के अंदर ही हुआ बच्चे का जन्म

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर,11 जनवरी 22 कड़ाके की ठंड हो या फिर चिलचिलाती गर्मी उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलने वाली एंबुलेंस सेवा लगातार अपनी सेवा देने को तत्पर नजर आ रही है। ऐसा ही कुछ देखने को मिला रविवार को जब ग्राम पंचायत सहेडी ब्लॉक करण्डा से एक फोन कॉल आया। और गर्भवती को प्रसव पीड़ा की बात बताई गई थी।। जिसकी जानकारी होने पर तत्काल इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन और पायलट मौके पर एंबुलेंस लेकर पहुंचे। गर्भवती को लेकर स्वास्थ्य केंद्र के लिए चले लेकिन रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ जाने के कारण एंबुलेंस को सड़क किनारे खड़ा कर एंबुलेंस के अंदर ही प्रसव कराया।



108 एंबुलेंस के ब्लॉक प्रभारी दीपक राय ने बताया कि रविवार को करंडा ब्लॉक के सहेडी ग्राम सभा से एक फोन कॉल आया। बताया गया कि आकांक्षा पत्नी अतुल को प्रसव पीड़ा है। जिसकी जानकारी पर इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन प्रदीप कुमार शुक्ला और पायलट राजकुमार के द्वारा गर्भवती को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए चलें। लेकिन रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ जाने के कारण एंबुलेंस को सड़क किनारे लगा कर एंबुलेंस के अंदर ही परिवार की महिलाओं और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन की सहयोग से प्रसव कराया गया। गर्भवती ने बच्चे को जन्म दिया जिसके बाद जच्चा और बच्चा को स्वास्थ्य केंद्र देवकली लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को स्वस्थ बताया।

## पुलिस मुठभेड़ के दौरान थाना ईकोटेक प्रथम ग्रेटर नोएडा में वांछित अपराधी शिवम यादव की मृत्यु से संबंधित प्रकरण की होगी मजिस्ट्रीयल जांच।

### *घटना के संबंध में कोई भी व्यक्ति आगामी 20 जनवरी तक अपना मौखिक/लिखित साक्ष्य/बयान कर सकता है प्रस्तुत।*

जिला मजिस्ट्रेट सुहास एल वाई के निदेशों के क्रम में उप जिला मजिस्ट्रेट सदर अंकित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 3 अक्टूबर 2022 को थाना बीटा-2 ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर क्षेत्र के अंतर्गत हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान थाना ईकोटेक प्रथम ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर में वांछित अपराधी शिवम यादव पुत्र राम औतार यादव निवासी ग्राम असफपुर थाना फजगंज बुहटा, बदायूं बिसौली उत्तर प्रदेश की पुलिस कार्रवाई के दौरान मृत्यु हो गई, जिसकी मजिस्ट्रीयल जांच के लिए जिला मजिस्ट्रेट के द्वारा अधोहस्ताक्षरी को नामित किया गया है। उन्होंने सर्व साधारण का आह्वान किया है कि यदि उक्त घटना के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी हो अथवा कोई व्यक्ति अपना मौखिक/ लिखित साक्ष्य/ बयान देना चाहता है तो वह दिनांक 20 जनवरी 2023 तक अधोहस्ताक्षरी के कलेक्ट्रेट स्थित न्यायालय कक्ष संख्या 119 में उपस्थित होकर किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## आगामी 20 जनवरी को इंदिरा गांधी कला केंद्र नोएडा में होगा जिला स्तरीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन।

### *संबंधित विभागों के द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित संचालित नीतियों एवं सुविधाओं के संबंध में प्रस्तुत किया जाएगा प्रेजेंटेशन।*

उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप प्रदेश स्तर की भांति जनपद स्तर पर भी जिला स्तरीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र गौतम बुद्ध नगर के उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 20 जनवरी 2023 को इंदिरा गांधी कला केंद्र के ऑडिटोरियम सेक्टर 6 नोएडा में दोपहर 2:00 से जिला स्तरीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले समिट में जनपद के सभी प्राधिकरणों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जनपद के विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी गण तथा जनपद के निवेशकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा एवं संबंधित विभागों के द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित निवेशको/उद्यमियों के लिए संचालित नीतियों तथा दिए जा रहे प्रोत्साहन/सुविधाओं के संबंध में प्रेजेंटेशन भी आयोजित होने वाले जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट-2023 में प्रस्तुत किए जाएंगे, ताकि निवेशकों/उद्यमियों को प्रदेश सरकार द्वारा उनके हित में चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके एवं वह उनका भरपूर लाभ उठा सकें। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## आगामी 11 फरवरी, 2023 को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन-जिला जज।

समाज जागरण

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिला जज/सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के कुशल नेतृत्व में 11 फरवरी, 2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय एवं तहसील न्यायालयों में होने जा रहा है। इस सम्बन्ध में अपर जिला जज/सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर राजीव कुमार वत्स ने जानकारी देते हुये बताया कि आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामलें, बिजली व पानी से सम्बन्धित मामलें, धारा 138 एन0आई0एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिसमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन संधि के लिए इच्छुक हो, वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि आयोजित लोक अदालत को जनपद में सफल बनाने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा अपनी विभागीय तैयारियॉ पूर्ण करने की कार्यवाही समय रहते कर ली जाये, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण संभव हो सकें। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतमबुद्धनगर।

# 18वी राष्ट्रीय जम्बूरी भारत स्काउट और गाइड में उ० प्र० बना विजेता

**दिनांक 4 जनवरी 2023 से 10 जनवरी 2023 तक रोहट, पाली,राजस्थान में**

समाज जागरण

18वीं राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन हुआ। इस जम्बूरी में भारत सहित कई देशों के लगभग 37 हजार स्काउट और गाइड ने प्रतिभाग किया। जम्बूरी का उद्घघाटन 04 जनवरी को महामहिम राष्टपति द्रोपदी मुर्मू जी के करकमलों द्वारा किया गया।




इस जम्बूरी में जनपद गौतम बुद्ध नगर से भारत स्काउट एवं गाइड की 15 सदस्यों की टीम ने श्री जयप्रकाश स्काउट मास्टर, बिहारी लाल इण्टर कॉलेज दनकौर व श्रीमती भारती श्रीवास्तव जिला बेसिक गाइड कैप्टन गौतमबुद्धनगर के नेतृत्व में, जिला स्काउट मास्टर श्रीमती ज्योतिर्मयी पाण्डेय, ब्लॉक गाइड कैप्टन श्रीमती आरती कुलश्रेष्ठ , ब्लॉक स्काउट मास्टर श्रीमती रश्मि त्रिपाठी , ट्रेनिंग काउन्सलर श्री विकास कुमार और श्री कादिर खान के साथ बिहारी लाल इण्टर कॉलेज के 4 स्काउट और 1 गाइड एवं लाला लाजपत राय कन्या इन्टर कॉलेज ,दनकौर की 04 गाइड के साथ प्रतिभाग किया। जंबूरी कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के बच्चों ने द्वार निर्माण में गाइड्स व टावर निर्माण में स्काउट्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसके अतिरिक्त एडवेंचर स्पोर्ट्स, पीजेंट शो, कैम्प-फायर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फूड प्लाजा, प्रदेश की प्रदर्शनी आदि प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग कर राज्य के लिए अंक जुटाए जिला गाइड कमिश्नर डॉ. मिथिलेश गौतम ,

जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री शिवकुमार,

जिला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती शैफाली गौतम ने जंबूरी स्थल रोहट,पाली राजस्थान पहुंचकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया और राष्ट्रीय स्तर पर विजेता टीम के सदस्य बने।

# वन विभाग ने सवा सौ बीघा जमीन फसलें जोतकर मुक्त कराई

## ग्रामीणों ने लगाया आरोप जान बूझकर अदालत में मामला होने के बाद भी किया गया उत्पीड़ित

### वन विभाग के अधिकारी मीडिया के सवालों से बचते नजर आए

(सुघर सिंह ब्यूरो इटावा)

सैफई (इटावा) तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरौली कला के गांव नगला बहादुर में करीब 125 बीघा जमीन को वन विभाग ने खड़ी फसल को जोतकर अपने कब्जे में लेकर वृक्षा-रोपण कराया। बुधवार को वन विभाग के एसडीओ संजय कुमार के नेतृत्व में कई थानों के फोर्स के साथ 10 बुलडोजर मशीनें व 25 ट्रैक्टरों के द्वारा गांव नगला बहादुर पहुंचे जहां वन विभाग की जमीन रिक्त पड़ी थी और साथ ही ग्रामीणों ने जिस जमीन पर कब्जा करके फसल बो ली थी उस पार बुलडोजर चला कर के जमीन को अपने कब्जे में लेकर तुरंत ही वृक्षारोपण करा दिया गया है। छावनी में तब्दील रहा गांव नगला बहादुर में थाना सैफई, बैदपुरा, बसरेहर, एंव वन विभाग की टीम हाथों में डंडे लेकर नजर आई। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं पुरुष व बच्चे एकत्रित होकर हंगामा करने पर उतारू हो रहे थे।पुलिस भी कई बार ग्रामीणों को खदेड़ते हुए नजर आई। तहसीलदार सैफई जगदीश सिंह, प्रभारी निरीक्षक सैफई रमेश सिंह, वैदपुरा थाना प्रभारी कौशिक पटेल,बसरेहर थाना प्रभारी अंकुश राघव के अलावा राजस्व टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। वन विभाग की टीम द्वारा जमीन को कब्जे में लिया जा रहा था वही गांव की महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल था। उन्होंने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि पहले तो वन विभाग के अधिकारियों ने हमारे घर के सदस्यों को फर्जी मुकदमा लगाकर जेल भिजवा दिया है। बाद में जमीन को भी अपने कब्जे में ले लिया है।इसके अलावा महिलाओं द्वारा वीडियो बनाए जाने पर वन विभाग की टीम पर महिलाओं ने मोबाइल फोन की छीनने का आरोप भी लगाया। नगला बहादुर निवासी आशीष पुत्र फोरम एवं समरथ सिंह,प्रमोद कुमार,आदेश कुमार, राकेश कुमार, विजेंद्र सिंह निर्मल चंद,राजवीर सिंह गुरु चरण,बलवीर सिंह ने पत्रकारों को बताया उनकी कृषि भूमि मौजा बरौली कला तहसील सैफई में स्थित है। जिसमे कुछ कृषि भूमि नॉन जेड ए की रिक्त है। जिसे हम सभी ग्रामवासी लगभग 80 वर्षों से जोत बोते चले आ रहे हैं। वर्तमान में गेहूं की फसल खड़ी थी आलू की फसल है सभी फसलों को जोत दिया गया है। और अब वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने अवैध रूप से हम ग्राम वासियों को बेदखल करना चाहते हैं। जबकि मामला सिविल जज इटावा के न्यायालय में वन विभाग के विरुद्ध विचाराधीन है। इसके



अलावा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में याचिका भी दायर की जा चुकी है एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 22 जून को यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश भी दिया है। इसके बावजूद भी वन दरोगा श्रीनिवास पांडेय सेक्शन प्रभारी सैफई रेंज बसरेहर द्वारा हम सभी ग्राम वासियों को परेशान किया जा रहा है। और आए दिन फर्जी मुकदमे लगा दिए जाते हैं। बीते दो नवंबर को उक्त दरोगा द्वारा 12 नाम दर्ज व 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया। इसके अलावा बन दरोगा हम लोगों को लगातार झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। हम मांग कर रहे हैं इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच हो जाए और जो भी दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस मामले को लेकर तहसीलदार सैफई और वन विभाग के अफसर मीडिया द्वारा घेरे जाने पर बचते नजर आये।

# सांसद-विधायकों के साथ मुख्यमंत्री ने की बरेली व देवीपाटन मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा

सांसद और विधायक गणों के साथ प्रदेशहित में संचालित विकास परियोजनाओं की पड़ताल की जारी शृंखला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली और देवीपाटन मंडल की समीक्षा की। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री जी ने एक-एक कर जनपद बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच और बलरामपुर जिलों आए सांसद व विधायक गण से उनके क्षेत्र की विकास योजनाओं की जानकारी ली। शीतलहर के बीच आम जनमानस के साथ-साथ खेती-किसानी और गोवंश आदि की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में पूछा और आवश्यकतानुसार दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने नवीन विकास कार्यों के बारे क्षेत्रीय जनाकांक्षाओं से भी अवगत कराया और इस संबंध में अपने प्रस्ताव भी दिए। मुख्यमंत्री जी सांसद और विधायक गणों के इन प्रस्तावों पर तत्काल कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को निर्देशित भी किया। मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए प्रमुख दिशा-निर्देश

आदरणीय प्रधानमंत्री जी के 'ट्रेड, टेक्नोलॉजी और टूरिज्म' मंत्र को आत्मसात कर उत्तर प्रदेश समृद्धि के नए सोपान चढ़ रहा है। बेहतर कानून-व्यवस्था तथा नीतिगत सुधारों के माध्यम से आज देश-दुनिया में निवेश का श्रेष्ठतम गंतव्य बनकर उभरा है।बरेली मंडल का हर जिला औद्योगिक विकास की अपार संभावनाओं से भरा है। बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर सहित जिलों में बहुत पोटेंशियल है। देवीपाटन मंडल के हर जिले में पर्याप्त लैंडबैंक है। इको पर्यटन की बड़ी संभावना है। जनप्रतिनिधि के रूप में आप अपने क्षेत्र के ब्रांड एम्बेसेडर हैं। इन खूबियों से देश-दुनिया को परिचय कराने के लिए आपको ठोस प्रयास करना होगा।

आगामी 10-12 फरवरी को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। समिट से पहले दुनिया भर के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण देने की हमारी कार्ययोजना को आशातीत सफलता मिली है। 16 राष्ट्रों में हुए रोड शो से 7 लाख 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है। विदेश में रोड शो की सफलता के बाद अब देश के प्रमुख महानगरों में उद्योग जगत को आमंत्रित करने रोड शो का आयोजन हो रहा है। जीआईएस-2023 ऐतिहासिक होने जा रहा है। व्यापक निवेश से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिसका सीधा लाभ हमारे युवाओं को मिलेगा।

विदेशी और घरेलू निवेशक रोड शो से प्रेरणा लेते हुए अनेक जनपदों ने जिला स्तर पर निवेशक सम्मेलन आयोजित किए और हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए। ऐसे ही प्रयास बरेली और देवीपाटन मंडल में भी किये जाने चाहिए।

जनपदीय निवेशक सम्मेलन के आयोजन के लिए सांसद के नेतृत्व में विधायक गण कमान संभालें, जिला प्रशासन, औद्योगिक अवस्थापना विभाग, इन्वेस्ट यूपी और मुख्यमंत्री कार्यालय से सहयोग लें। अपने क्षेत्र के उद्यमियों, व्यापारियों, प्रवासी जनों से संवाद-संपर्क बनाएं। उन्हें प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीतियों, सेक्टोरल पॉलिसी की जानकारी दें। अपने क्षेत्र के पोटेंशयिल का परिचय दें और निवेश के लिए प्रोत्साहित करें। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यह इन्वेस्टर्स समिट नई ऊंचाइयों को छूने वाला होगा।

सांसद-विधायक गण प्रदेश सरकार की नई औद्योगिक नीतियों का व्यापक प्रचार प्रसार करें। स्थानीय विश्वविद्यालय/ महाविद्यालयों/पॉलिटेक्निक/आईटीआई में युवाओं के बीच इन पर परिचर्चा कराई जाए। जनप्रतिनिधिगण इन कार्यक्रमों में प्रतिभाग करें।

जनप्रतिनिधि गण क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करते रहें। यह योजनाएं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की छवि निर्माण में सहायक हैं। गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने में जनप्रतिनिधियों को योगदान करना होगा।

प्रदेश में धान खरीद सुचारु रूप से चल रहा है। जब तक एक भी किसान क्रय केंद्र पर आएगा, खरीद जारी रहेगी। शीतलहर के बीच क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं का जनप्रतिनिधि भी निरीक्षण करते रहें। निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए राज्य सरकार के स्तर पर निराश्रित गो-आश्रय स्थल निर्माण, सहभागिता योजना, तथा कुपोषित परिवारों को गाय उपलब्ध कराने की तीन योजनाएं चल रही हैं। जनप्रतिनिधियों को रुचि लेकर इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना चाहिए। संभ्रांत परिवारों को भी गो-पालन के प्रति प्रेरित किया जाना चाहिए। गौ-आधारित प्राकृतिक खेती से किसानों को जोड़ने का प्रयास करें। बदायूं के वृहद गोसंरक्षण केंद्र परिसर में गाय के गोबर से पेंट निर्माण का अच्छा प्रयास किया गया है। इससे अन्य जिलों में भी गोआश्रय स्थलों को जोड़ा जाना चाहिए।

निराश्रित गोवंश प्रबंधन में हर जनप्रतिनिधि का सहयोग आवश्यक है। बरेली इस दिशा में एक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। छोटे-छोटे गो-आश्रय स्थलों के स्थान पर बड़े आश्रय स्थल का विकास किया जाना उचित होगा। प्रबंधन की दृष्टि से यह उपयोगी होगा। यहां बायो फ़्यूल प्लांट लगाए जा सकेंगे। सांसद और विधायक गण क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार इसके लिए भूमि उपलब्ध कराने में सहयोग करें। निजी संस्था/ट्रस्ट को प्रोत्साहित करें। शासन स्तर से हर संभव मदद दी जायेगी।

बलरामपुर में भारतरत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण अंतिम चरण में है। इस महाविद्यालय के बन जाने के बाद बलरामपुर जिले और नेपाल बॉर्डर से सटे लोगों को बड़ी सुविधा होगी।

तुलसीपुर में माँ पाटेश्वरी का पावनधाम है। यहां वर्ष भर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। यहां बस स्टेशन की आवश्यकता है। इस संबंध में यथाशीघ्र कार्यवाही की जाएगी।

गांवों में अंत्येष्टि स्थलों के विकास आवश्यक है। इसी प्रकार कस्बों में बस स्टेशनों के जीर्णोद्धार की भी जरूरत है। जनप्रतिनिधियों को इन कार्यों में सहयोग करना चाहिए। स्थानीय सांसद/विधायक भूमि की उपलब्धता कराएं, हमें प्रस्ताव दें, सरकार की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। लोगों की सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि सरकार की नीतियों के मूल में है।

वर्ष 2017 में गोंडा की पहचान देश के सबसे गंदे नगर के रूप में थी। जनसहयोग से बीते साढ़े पांच-छह वर्षों के भीतर इस स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है। इसे और बेहतर करना होगा। जनप्रतिनिधि पहल करें, लोगों को स्वच्छता की मुहिम से जोड़ें।

तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करें। आज सोशल मीडिया, संवाद का बेहतरीन माध्यम बन कर उभरा है। सभी सांसद/विधायकगणों को इस मंच का उपयोग करना चाहिए। केंद्र व राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं, औद्योगिक नीतियों, रोजगारपरक कार्यक्रमों के बारे में सकारात्मक भाव से सोशल मीडिया मंच पर अपनी राय रखनी चाहिए। जनता से संपर्क-संवाद बनाने में यह मंच अत्यंत उपयोगी है।

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में दिवंगत फोटो जर्नलिस्ट श्री डी0के0 गुप्ता तथा दिवंगत लोक गायक

**श्री संतराज गोरखपुरी के परिजनों को 05-05 लाख रु0 की आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रदान किये**

लखनऊः 11 जनवरी, 2023 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गोरखपुर में दिवंगत फोटो जर्नलिस्ट श्री डी0के0 गुप्ता तथा दिवंगत लोक गायक श्री संतराज गोरखपुरी के परिजनों को 05-05 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रदान किये। उन्होंने फोटो जर्नलिस्ट स्व0 श्री डी0के0 गुप्ता की पत्नी श्रीमती कुसुम गुप्ता तथा लोक गायक स्व0 श्री संतराज गोरखपुरी की पत्नी श्रीमती बिंदु देवी को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 05-05 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक दिए।



मुख्यमंत्री जी ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि दुःख और संकट की घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है।

## निवेशकों के नवीन रास्तो पर प्रदेश सरकार उनको लागू करने के बेहतर अवसर तथा भौतिक एवं वित्तीय संसाधन उपलब्ध करायेगी

लखनऊः 11 जनवरी, 2023 प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर ले जाने का संकल्प लिया है, जिसके अन्तर्गत माह फरवरी में यूपी ग्लोबल इन्वेसटर्स समिट-2023 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रत्येक विभाग अपने यहां निवेश की संभावनाओं के अनुरूप निवेशकों को निवेश करने हेतु आमंत्रित कर रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग हेतु 03 हजार करोड़ रुपए का निवेश का लक्ष्य दिया गया था। जिसके क्रम में अबतक 62 निवेशकों के माध्यम से 5,189.87 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ है तथा 33 निवेशकों के साथ 4267.83 करोड़ रुपए का एम.ओ.यू. हो गये है। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के सभागार में औद्योगिक, व्यावसायिक, कौशल प्रशिक्षण क्षेत्र में इडस्ट्री पार्टनर्स के साथ निवेश पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में निवेशकों के लिए कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा का बेहतर वातावरण विकसित किया गया है। उन्होने कहा कि उ0प्र0 में व्यापारियों को संरक्षण देने के साथ-साथ सम्मान देने का माहौल बना हुआ है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंत्रीमण्डल विदेश में जाकर उत्तर प्रदेश के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया गया है। उन्होने कहा कि विदेशों नड्ढे उत्तर प्रदेश की तारीफ हो रही है और बहुत सी कंपनियां उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिये आ रही है। उत्तर प्रदेश में निवेश को आमंत्रित करने के क्रम में विदेश के बाद देश की कंपनियों को भी उ0प्र0 में आमंत्रित किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप उ0प्र0 में उद्योग के विस्तार होने के साथ-साथ रोजगार का माहौल सृजित होगा।




कौशल विकास मंत्री ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुये कहा कि व्यावसायिक एवं कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में निवेश की अपार सम्भावनायें हैं। 150 आई0टी0आई0 को टाटा के सहयोग से उच्चीकृत करने जा रही है। उन्होने निवेशकों को नये-नये विचार के साथ आने को आमंत्रित किया है और कहा कि प्रदेश सरकार आपके विचारों को फलीभूत करने के लिये काई कसर नहीं रखेगी। उन्होने कहा कि उपस्थित उद्योगपतियों का आभारी हूं कि वे यहां आये। उन्होने विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों व संचालित योजनाओं के बारे में बताते हुये कहा कि इसके साथ-साथ उन्होने कहा कि आप निवेश के नवीन रास्ते सुझायें, प्रदेश सरकार उनको लागू करने के आपको बेहतर अवसर तथा

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती जी के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस शोभायात्रा का आयोजन

आज दिनांक 11 जनवरी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती जी के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस शोभायात्रा का आयोजन हुआ जिसमें युवाओं और छात्राओं ने मौलिक मूल्यों के उत्थान के लिए जागरूकता यात्रा मैं बढ़ चढ़कर भाग लिया शोभा यात्रा पी जी कॉलेज गेट नंबर 1 से लेकर 39 महापुरा सेक्टर घूमकर सिटी सेंटर होते हुए पीजी कॉलेज गेट नंबर 1 पर आकर ही समाप्त हुई, जिसमें अपने प्रांत सह संगठन मंत्री तरुण जी सांसद प्रतिनिधि संजय




बाली जी प्रांत सह मंत्री सचिन तुमने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सुमित जी प्रांत निजी विश्वविद्यालय प्रमुख नरदेव जी नोएडा महानगर संगठन मंत्री तेजेंद्र प्रताप जी व महानगर मंत्री हैप्पी जी एवं पीजी कॉलेज इकाई के कार्यकर्ता आंचल जी अनिकेत जी राजन जी गौरव जी वैभव जी मोनू जी आकाश जी और शंकर पब्लिक स्कूल के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया!

## कुंवर प्रणव चैंपियन का नगीना आगमन पर स्वागत

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना उत्तराखंड से चार बार भारतीय जनता पार्टी से विधायक रहे भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय नेता कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन का नगीना आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत। बुधवार दोपहर को रेलवे स्टेशन रोड नगीना पर उत्तराखंड के भाजपा नेता कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन का नगीना आगमन हुआ जहां पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर व नगीना कास्ठ कला द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।कुंवर प्रणव चैंपियन ने अपनी बातों से कार्यकताओं में जोश फूंकने का कार्य किया।



इस अवसर पर उपस्थित नगर अध्यक्ष नीरज विश्नोई, कु. कृष्ण बलदेव सिंह,रोहित रवि,अमित गुप्ता,अरुण शर्मा लवी मित्तल, धर्मेन्द्र राठी,महावीर सैनी, सचिन शर्मा,विशाल अग्रवाल,शिव शंकर सक्सेना,कयूम राइन,गोपाल शर्मा, आदि राठौर,अतुल अंदाज एवं तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अग्रवाल सभा की ओर से निशुल्क गरीब व असहाय लोगों को जैकेटों का वितरण किया गया

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना। अग्रवाल सभा रजि की ओर से भीषण ठंड में गरीब व असहाय लोगों को जैकेटो का वितरण किया गया।





मोहल्ला नालबन्दान बुधवार की दोपहर अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल सभा की ओर से करीब 60 गरीब, व असहाय लोगों को जैकेटो का वितरण किया गया। अग्रवाल सभा के प्रधान शीतल अग्रवाल ने बताया कि कड़ाके की सर्दी से लोग अपना बचाव कर सके इसके लिए अग्रवाल सभा की ओर से जैकेटों का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सचिव नीरज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल व विकास अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी**

अमेठी

तिलोई / अमेठी। मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के तिलोई सेमरौता मार्ग पर ग्राम भवानी नगर के निकट शाम लगभग पांच बजे कोतवाली जायस के अन्तर्गत ग्राम पूरे राम प्रसाद तिवारी मजरे मोहना निवासी मनोज कुमार पुत्र महराजदीन लगभग उम्र 32 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम गौरा मजरे चिलूली से अपने घर जा रहे थे जैसे भवानी नगर के निकट पहुंचे ही थे अचानक पीछे से आ रहे चार पहिया वाहन ने जोरदार ठोकर मार के मौके से फरार हो गया राहगीरों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस तथा डायल 112 पुलिस को दिया स्थानीय लोगों की मदद से 112 नम्बर से घायल मनोज को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलोई लाया गया जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष ज्ञान चंद शुक्ला ने शव को कब्जे मे लेकर पूछताछ में जुटे। वही इस संबंध में मोहनगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ज्ञानचंद शुक्ला ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक बाइक सवार की मौत हो गई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा और टक्कर मारने वाले चार पहिया वाहन की तलाश की जा रही है।

## अमेठी में महिला किसानों ने किया बिजली अर्फिस का घेराव : विरोध प्रदर्शन कर की नारेबाजी बोली शटडाउन के नाम पर हो रही कटौती

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी में बिजली कटौती से नाराज दर्जनों महिला किसानों ने विद्युत कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।



लाड़ी डंडों के साथ पहुंची महिला किसानों ने विद्युत व्यवस्था सुधारने करने की मांग की। साथ ही अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा । इस दौरान महिला किसानों ने एक सप्ताह के भीतर विद्युत व्यवस्था न सुधारने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतवानी दी।

दरअसल , आज महिला किसान नेत्री रीता सिंह की अगुवाई में लाठी डंडो से लैस होकर दर्जनों महिलाएं अधीक्षण अभियन्ता प्रथम के आर्फिस पहुंची और नारेबाजी कीं। महिलाओं का आरोप था कि विद्युत कर्मचारियों की लापरवाही और लगातार अघोषित विद्युत कटौती से जन - जीवन बदहाल हो चुका है। लगातार शटडाउन के नाम पर विद्युत कटौती की जाती है जिससे किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है ।

## ग्राम पंचायत बगाही में किया गया बाल संरक्षण जन जागरूकता का अभियान

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर में नया सवेरा योजनान्तर्गत चलायी जा रही बाल संरक्षण जागरूक अभियान के आज 20वे दिन विकास खंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत बगाही में संस्कार संस्था के द्वारा नुक्कड़ नाटक और गीत संगीत के माध्यम से लोगों को बालश्रम और बाल विवाह के प्रति जागरूक किया। जैसा कि मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी के मंशानुसार प्रदेश को अगले पाँच वर्षो में बालश्रम मुक्त किया जाना है उसी के क्रम में आज श्रम विभाग बलरामपुर, यूनिसेफ और उद्यमिता विकास संस्थान के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग किये एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट बलरामपुर के आरक्षी सलमान और महिला आरक्षी अंजलि यादव ने भी लोगो से अपील किया कि अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जरूर भेजे। अंजली यादव ने कहा कि अगर बच्चे विद्यालय नही जाएंगे और मजदूरी करेंगे तो उनका भविष्य खराब हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अगर कोई भी ब्यक्ति किसी बच्चे से मजदूरी कराता है तो उसको 2 वर्षो तक की सजा और रुपये 50000 तक का जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों राघवेंद्र,धीरेंद्र और रतिराम के द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओ की भी जानकारी दी गयी। पंचायत सहायक बगाही के द्वारा भी लोगो से अपील किया गया कि कोई भी ब्यक्ति अपने बच्चों से मजदूरी ना कराये और ना ही बाल विवाह कर।



अभियान में ग्राम प्रधान,पंचायत सहायक,आशा बहु,आंगनवाड़ी, टी आर पी नया सवेरा श्री मनोज तिवारी और ग्राम पंचायत के अन्य प्रभावशाली लोगों ने प्रतिभाग किया

## नगर निकाय चुनाव में बहुजन समाज पार्टी अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेगी

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना । नगर के बसपा कार्यकताओं ने मुरादाबाद मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचकर बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल से बसपा संगठन के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। और बसपा कार्यकताओं ने गुलदस्ता भेंट किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल न मुरादाबाद मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद बीती रात नगीना बसपा कार्यकताओं से विस्तार पूर्वक संगठन के बारे में जानकारी ली ।

प्रदेश के बसपा अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने बसपा कार्यकताओं से कहा कि आगामी नगर निकाय व लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया है। उन्होंने बसपा कार्यकताओं से कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत होना चाहिए, संगठन ही बसपा को मजबूत बनाती है। उन्होंने आगे कहा कि अगर भाजपा पिछड़ों की हितैषी होती तो आरक्षण को सही संवैधानिक तरीके से पिछड़ों को दिया होता, तो किसी को भी कोर्ट जाने की जरूरत नहीं होती। उन्होंने भाजपा को भी पिछड़ों के साथ धोखा करने वाली पार्टी बताया । उन्होंने आगे कहा आगामी नगर निकाय चुनाव में बहुजन समाज पार्टी अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेगी। जिसको भी पार्टी के द्वारा सिंबल दिया जाए उसे मेहनत के साथ चुनाव लड़ाना है।



इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के जिला महामंत्री दिलीप कुमार उर्फ पिंटू, बसपा के वरिष्ठ नेता दीपक कुमार ,विजय पाल सिंह, बसपा के पूर्व नगर अध्यक्ष मोहम्मद यामीन उस्मानी, नाजिम अल्वी, डॉ मनोज कुमार, इसरार अहमद अल्वी, बसपा युवा नेता मोहम्मद आरिफ उस्मानी, यासर सिद्दीकी, रेहान अहमद अंसारी, हाफिज मोहम्मद जाकिर सिद्दीकी, आदि मौजूद थे।

## वादकारियों को त्वरित न्याय दिलाना हमारा दायित्व-डीएम

## सेंट्रल बार एसोसिएशन का शपथ सम्पन्न

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी**

अमेठी

अमेठी जिला बार एशोसिएशन से अलग हुए अधिवक्ताओं द्वारा नव गठित सेंट्रल बार एसोसिएशन अमेठी का शपथ ग्रहण समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी. रहे। डीएम ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और सेंट्रल बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी व सदस्यों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की।

सेंट्रल बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह व कोषाध्यक्ष सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने अधिवक्ताओं से लोगों के हित के लिए कार्य करने की अपील की। डीएम राकेश कुमार मिश्र ने जिला अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई। एसपी डॉ. इलामारन जी ने सेंट्रल बार एसोसिएशन के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। डीएम ने कहा कि बार और बेंच के रूप में लोगों के न्याय के लिए कार्य करना हम सभी का दायित्व है। नेतृत्व का अधिकारी वही है जिसके भीतर कर्तव्य बोध हो। उन्होंने कहा कि हमें या आप अधिवक्ताओं को सदैव इस बात का बोध रहना चाहिए कि हम यहां पर किस लिए आते हैं। हमें वादकारियों की आशाओं को जीवित रखना है। अमेठी नया जिला है। यहां बहुत संसाधन नहीं हैं। हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम यहां ऐसी कार्य संस्कृति विकसित करें, जो न्याय प्रिय हो लोगों के लिए आशावादी हो। डीएम ने कहा कि किसी भी महत्वपूर्ण पद या दायित्व पर रहते हुए सदैव गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। जिले में 2000 खारिज दाखिल के मुकदमे ऐसे हैं। जो 5 वर्ष से ऊपर के हैं। इसी प्रकार 3000 खारिज दाखिल के मुकदमे 8 वर्ष के ऊपर के हैं। लोग अपनी जमीनों पर नामांतरण और कब्जे के लिए भटक रहे हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि लोगों को विश्वास रहे । कार्यक्रम का संचालन सेंट्रल बार एसोसिएशन के प्रवक्ता शीतला प्रसाद मिश्र ने किया श्री मिश्र ने कहा कि आत्मनः प्रतिकूलानि परेशां न समाचरेत । यदि सभी लोग इस भावना को ध्यान में रखकर कार्य करें तो बार बेंच ही नहीं किसी स्तर पर टकराव की स्थिति नहीं आएगी और सामंजस्य व सौहार्द बना रहेगा। विदित हो कि नव गठित बार का रजिस्ट्रेशन 5 जनवरी को हुआ है और 8 जनवरी को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा इसे संबद्धता प्रदान की है। इस मौके पर एडीएम ए के सिंह, तहसीलदार दिग्विजय सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, चकबंदी अधिकारी, राम प्रसाद मिश्र कोषाध्यक्ष भाजपा , केशव सिंह एडवोकेट महामंत्री भाजपा, शिक्षक नेता विवेक शुक्ला, अधिवक्ता हाई कोर्ट विवेक मिश्र समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।





## नया सवेरा योजना के अन्तर्गत नुकड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम और बाल विवाह की जागरुकता की गई

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ और उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के तकनीकी सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत बाल संरक्षण जनजागरण कार्यक्रम ब्लॉक चित्तौरा के ग्राम पंचायत में बेगमपुर अयोजित किया गया। ग्राम पंचायत बेगमपुर के मजरे भगवानपुर में कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य और किशोरी सखी ने द्वारा डोर टू डोर ग्राम वासियों को बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी पर रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य महेश वर्मा, विष्णु, अलका और वैशाली द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम और बाल विवाह के प्रति लोगो के जागरूक किया और अपने ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया।

चंद्रेश यादव टीआरपी नया सवेरा ने बाल श्रम करवाने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी और श्रम विभाग की बाल श्रमिक विद्या योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना और अटल आवासीय विद्यालय की जानकारी दी।

राकेश चौबे प्रथम संस्था ने बच्चों को बच्चों की हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया, प्रथम संस्था की पारिवारिक आर्थिक सहायता योजना और प्रथम संस्था द्वारा बाल श्रम रोकने के लिए बस स्टेशन पर चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। तारा देवी किशोरी सखी एक्शन ऐड ने ग्राम वासियों से बाल विवाह न कराने और ग्राम किशोरी को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।





कार्यक्रम में संस्कार संस्था द्वारा बच्चों ने पूछे गए सवाल के विजेता 5 बच्चों उस्मान, ज्ञानचंद्र, अविनाश, विनीता और वंदना को मेडल दिया गया

## इंसानी बस्तियों में जंगली जीव जमा रहे डेरा,चेतो मानुष अभी है सबेरा

**समाज जागरण अमेठी जितेन्द्र शर्मा**

जीवन वह अमूल्य धरोहर है जिसके लिए जीव साक्षात काल से भी टकरा सकता है यह सभी जानते हैं, परन्तु क्या ऐसा होता भी है यह संशय अधिकांश लोगों के मन में जरूर होगा,लेकिन समय आ गया है जब हम इंसानों को यह सत्य न सिर्फ स्वीकारना होगा वरन् अपनी भूल को भी सुधारना होगा, वरना हमारी भूलें न सिर्फ हमारे जीवन को दुख मयी बना देंगी अपितु हमारे अस्तित्व को भी समाप्त कर सकती हैं

अमेठी जनपद का विकास खंड भेटुआ साक्षी बन रहा है इस बात कि जब इंसान अपने स्वार्थ में प्रकृति का दोहन करता है,जंगली जीवों के आशियाने उजाड़ता है तो यह जीव भी अपने जीवन की रक्षार्थ इंसानों से न सिर्फ भिड़ने की कूवत रखते हैं बल्कि लोगों को भारी नुकसान भी पहुंचा सकते हैं

भेटुआ में इन दिनों जंगली जीव नीलगाय,जंगली सुअर और बंदर इंसानी बस्तियों में न सिर्फ अपनी पैठ जमा रहे हैं बल्कि फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, आलम यह है कि कई किसान खून पसीने से तैयार कर रहे आलू, मटर, सरसों,गेहूं जैसी फसलों की लागत भी नहीं प्राप्त सकेंगे कारण इन जंगली जीवों ने इनकी फसलों को तहस- नहस कर दिया है

जाहिर सी बात है इन किसानों के दुख की भरपाई कोई नहीं कर सकता परन्तु इन परिस्थितियों को अब भी सामान्य बनाया जा सकता है जिसके लिए सरकार के साथ-साथ हर इंसान को अपनी भूमिका का ईमानदारी से पालन करना ही होगो

विकास के नाम पर जंगली जीवों के आशियाने को उजाड़ने से हमें बचना होगा, जंगलों और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई रुकनी ही चाहिए, इंसानी आबादी पर अंकुश लगना समय की मांग है क्योंकि यह पृथ्वी सिर्फ इंसानों के लिए ही नहीं बनी,यह तय है अगर समय रहते हम न चेते तो हमें इसकी भारी कीमत चुकानी होगी,जिसको रोकने का मात्र एक उपाय यही है कि हम खुद को नियंत्रित करें

## शार्ट शर्किट से 40 हजार नकद सहित 8 लाख का सामान जलकर राख

**दैनिक समाज जागरण**

कुचायकोट (गोपालगंज)। थाना क्षेत्र के सासामुसा बाजार में मंगलवार की देर रात एक बर्तन की दुकान में लगी आग से लगभग 8 लाख का सामान जलकर राख हो गया ।कुचायकोट थाना और जिला मुख्यालय से पहुंची तीन अग्निशामक गाड़ियों ने लगभग दो घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। फायर कर्मियों के सूझबूझ से आग को बगल की दूसरी दुकानों तक पहुंचने से बचा लिया गया,वरना बाजार में भारी तबाही मच सकती थी। बताया जाता है कि मंगलवार की रात करीब 11:00 बजे सासामुसा बाजार स्थित राजेश कुमार स्वर्णकार के बर्तन की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने उग्र रूप ले लिया और आग की लपटें तेज होने लगी ।इस बात की सूचना किसी ने कुचायकोट थाने को दी ।जानकारी लगने पर कुचायकोट थाने में मौजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। लेकिन आग की तीव्रता को देखते हुए एक फायर गाड़ी नाकाफी था ।ऐसे में इस बात की सूचना जिला अग्निशमन टीम को दी गई। मौके पर पहुंची दो अन्य गाड़ियों ने लगभग 2 घंटे के प्रयास से आग पर काबू पाया ।आग इतनी तेज थी कि इसके बगल बल्कि दुकानों में भी फैलने का खतरा हो गया था ।पर फायर कर्मियों की सूझबूझ और प्रयास से आग को दूसरे दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया। इस अग्निकांड में 40 हजार नगद समेत लगभग आठ लाख के संपत्ति के नुकसान का अनुमान है।

## किसानो ने समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद राष्ट्रीय किसान यूनियन की एक बैठक का आयोजन नजीबाबाद तहसील प्रांगण में किया गया तथा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया जिसमें कहा गया कि गन्ने का मूल्य चार सौ पचास रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया जाए एवं आवारा पशुओं की व्यवस्था जल्द से जल्द कराई जाए तथा गन्ना मील वह गन्ना सैंटरो पर व केंद्र पर घटतौली रोकी जाए किसानों के निजी नलकूपों पर मीटर ना लगाया जाए जिले की सभी लिंक रोड का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए कृषि कानूनों का गठन किया जाए एवं स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट जल्द से जल्द लागू की जाए जो समस्त किसानों के हित में हो तथा गांव में बिजली की व्यवस्था सुबह 6:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक अवश्य की जाए इस मौके पर तहसील अध्यक्ष दिलबर प्रधान, मनोज शर्मा, दीपांशु त्यागी, मुस्लिम अहमद, वसीम अहमद ,मोहम्मद इसरार, शाहिद अहमद, इसराइल मलिक ,देवेंद्र , विकास ,विशाल ,मोहम्मद आरिफ ,इरफान ,आदि किसान मौजूद रहे



## किसान को नोड्यूज देने के बाद भी खाते से पैसे निकालने से बैंक ने रोका

**दैनिक समाज जागरणमौ आलम**

बढ़ापुर।स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक की शाखा बढ़ापुर में बैंक प्रबंध तंत्र द्वारा किसानों के साथ की जा रही धोखाधड़ी व घोटाले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बैंक लोन तंत्र ने एक किसान को नो ड्यूज देने के बाद भी किसान पर हजारों रुपये का बकाया बताकर किसान को गन्ने का भुगतान निकालने से रोक दिया। पीड़ित किसान द्वारा जिलाधिकारी बिजनौर सहित बैंक के आला अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक की बढ़ापुर शाखा अपने कारनामों के लगातार चर्चा में बनी हुई है। कृषि बाहुल्य इस क्षेत्र में किसानों द्वारा बैंक से कर्ज लेकर अपने कृषि कार्यों सहित कारज निपटाते हैं। जिस कारण हाल में बैंक शाखा से स्थानांतरण किये गए शाखा प्रबंधक सुखबीर सिंह पर पहले भी गबन के आरोप लगे थे। जिसकी जांच उपरांत ही तत्कालीन शाखा प्रबंधक को बढ़ापुर से नहटौर स्थानांतरित किया गया था। परन्तु इलाके के किसानों के साथ उनके द्वारा किये गए गबन व धोखाधड़ी के आरोप थमने का नाम नहीं ले रहे है।

नगर के मोहल्ला कोठी बाजार निवासी संतराम पुत्र दीवान सिंह ने बुधवार को जिलाधिकारी सहित बैंक के उच्च अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि उसने 29 सितंबर 2013 को पंजाब नेशनल बैंक की शाखा बढ़ापुर से एक लाख 97 हजार रुपये का कृषि कार्ड बनवाया था किसान संतराम का कहना है कि 30 जुलाई 2022 को एकमुश्त जमा योजना के अंतर्गत उक्त खाते में जमा करने के लिए एक लाख 35 हजार रूपए तत्कालीन बैंक प्रबंधक सुखबीर सिंह व वर्तमान उप प्रबंधक अर्चित वर्मा को दे दिए थे। दोनों बैंक अधिकारियों ने 14 सितंबर 2022 को किसान संतराम को नोड्यूज भी जारी कर दिया था किसान को इस धोखाधड़ी का उस समय पता लगा जब वह अपने गन्ने की 67 हजार रुपये की रकम निकालने के लिए बैंक में पहुंचा और वर्तमान बैंक प्रबंधक निर्मल कुमार ने किसान को बताया कि उसका कृषि कार्ड अभी बंद नहीं हो पाया है जिस कारण एक खाते से पैसे निकालने पर बंदिश की हुई है बैंक प्रबंधक निर्मल कुमार की यह बात सुनकर किसान संतराम के पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई तत्पश्चात उसने बैंक से स्टेटमेंट निकलवा या अब जाकर किसान को पता लगा कि तत्कालीन प्रबंधक सुखबीर सिंह वर्तमान प्रबंधक अर्चित वर्मा द्वारा उसके बैंक खाते में केवल एक लाख 5 हजार रुपए ही जमा किए गए थे इसके बाद किसान संतराम ने जिलाधिकारी बिजनौर सहित बैंक की लीड ऑफिसर, मंडल ऑफिसर बिजनौर को शिकायती पत्र देकर तत्कालीन बैंक प्रबंधक सुखबीर सिंह व वर्तमान उप बैंक प्रबंधक अर्चित वर्मा के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के साथ उसके बैंक खाते पर लगी हुई रोक को हटाने की मांग की है। लीड बैंक अधिकारी वी के बंसल ने बताया कि इस बाबत उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है। उनके द्वारा जानकारी करने पर बढ़ापुर शाखा ने बताया कि संतराम सिंह के नाम से दो लोन खाते हैं जिनमे उनके द्वारा एक खाते को क्लियर कर दिया गया तथा दूसरे पर बकाया है। इसी कारण खाते पर रोक लगाई गई है। इस बाबत वह जांच कर रहे जांच उपरांत विभागीय कार्यवाही अमल में लाएंगे।

## जिला मजिस्ट्रेट ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत 08 गुंडो को किया जिला बदर तथा एक का शस्त्र लाइसेंस किया निरस्त।

### आदेशित तिथि से 06 माह की अवधि के लिए किया गया जनपद की सीमा से निष्कासित।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी**

अमेठी

अमेठी जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये जिला मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मिश्र ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने जिन 08 गुंडों को जिला बदर किया है उनमें शिवम गुप्ता पुत्र रामनारायण तेली निवासी ग्राम पूरे भूपसिंह मजरे छीछा थाना मोहनगंज, शशिकांत विश्वकर्मा पुत्र ओमकार निवासी ग्राम कालिकन थाना संग्रामपुर, सूरज तिवारी पुत्र अवध राज तिवारी निवासी ग्राम तिवारीपुर मजरे बरियापुर थाना अमेठी, चंदे उर्फ अनवर पुत्र सत्तार निवासी ग्राम खारा थाना शिवरतनगंज, उदय वीर विक्रम सिंह उर्फ रवि सिंह पुत्र नंद किशोर सिंह निवासी ग्राम बाबूपुर अन्नीबैजल थाना गौरीगंज, संजय यादव पुत्र जगतपाल यादव निवासी ग्राम संभावा थाना गौरीगंज, सोनू उर्फ उत्तम पुत्र नरेंद्र प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम घाघूघार थाना अमेठी, उदय प्रताप सिंह सिंह पुत्र स्वर्गीय चंद्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम पश्चिमदुआरा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी के नाम शामिल हैं, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय अपराधिक कार्यों में संल्पित लाइसेंस धारक अवधेश नरायन तिवारी पुत्र दयाशंकर निवासी ग्राम रामसहाय मजरे ककवा थाना व जनपद अमेठी के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुंडा तत्व एवं अपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं, जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

## आपदाओं/आपातकाल के समय राहत प्रदान करना तथा गरीब, असहाय व बेसहारा लोगों की मदद करना सोसायटी का है दायित्व-जिलाधिकारी

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में संस्था की त्रैमासिक बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में गठन के उपरान्त किए गए कार्यो का प्रस्तुतीकरण किया गया। साथ ही आगामी तीन माह हेतु कार्ययोजना पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान बाढ़ से प्रभावित महिलाओं को जिलाधिकारी ने डिग्निटी किट का वितरण किया। जनपद में विगत 02 अक्टूबर, 2022 को बने हैण्डवाश के विश्व रिकार्ड के प्रमाण पत्र को संस्था के सभापति ने अरूण कुमार मिश्र ने जिलाधिकारी/अध्यक्ष को सौंपा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिलाधिकारी/अध्यक्ष का मेडल पहनाकर व बैच लगाकर स्वागत किया। "हैण्डवाश डे" में अच्छा कार्य करने के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव, पंचायती राज विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्राचार्य जगतजीत इण्टर कालेज को संस्था की अध्यक्ष/जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सदस्यता में अच्छा कार्य करने के लिए चन्द्रमौली श्रीवास्तव आशुलिपिक व अनूप तिवारी नायब नाजिर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आपदाओं/आपातकाल के समय राहत प्रदान करना तथा गरीब, असहाय व बेसहारा लोगों की मदद करना सोसायटी का दायित्व है। इसी उद्देश्य से सोसायटी गरीबों को कम्बल, डिग्निटी किट वितरण सहित अनेक कार्य किये जा रहे है। अभी जनपद में हैण्डवास का रिकार्ड बनाकर संस्था द्वारा बहुत सराहनीय कार्य किया गया है, इसके लिए संस्था के सभी पदाधिकारीगण बधाई के पात्र है। उन्होने यह भी कहा कि संस्था के सदस्यों द्वारा जो भी सुझाव दिये है, उन पर काम किया जायेगा। सोसायटी के सभी विंग के पदाधिकारी अगली बैठक तक समाज के लिए अच्छे कार्य करके उनका प्रस्तुतिकरण करें। संस्था से जुड़े जिले के सम्मानित नागरिक भी अपने प्रयासों से संस्था की ओर से मानवता की सेवा के लिए कार्य करें। संस्था द्वारा शीघ्र ही जनपद में प्रतिमाह मल्टी स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के मेडिकल परामर्श कैम्प करवाये जायेंगे। जिससे उच्च चिकित्सा के लिए जनपद के नागरिकों को बाहर न जाना पड़े। उन्होने कहा कि संस्था द्वारा सड़क सुरक्षा माह में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर व निःशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कहा कि संस्था द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। सभी अधिकारी व पदाधिकारी संस्था के अनुसार कुछ न कुछ समाज में अच्छा कार्य करके उदाहरण प्रस्तुत करें। सभी लोग सदस्यता बढ़ाने पर भी ध्यान दें। शीघ्र ही जनपद में स्वास्थ्य विभाग के अन्य योजनाओं को भी रेडक्रास के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। जिससे योजनाओं की सफलता सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर संस्था के सभापति अरूण कुमार मिश्र ने कहा कि जनपद में पहली बार रेडक्रास सोसायटी द्वारा बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्रियों का वितरण किया गया है। शीत लहर से प्रभावित परिवारों को कम्बल का वितरण किया गया है। अध्यक्ष महोदया के कुशल नेतृत्व में रेडक्रास सोसायटी लगातार मानवता की सेवा में संलग्न है। आगामी 03 माह में संस्था द्वारा अध्यक्ष महोदया के निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करवाया जायेगा। बैठक में आगामी 03 माह की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण एवं संचालन मानद सचिव विभाकर शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जूनियर विंग के चेयरमैन तुषार सत्या द्वारा अपने संस्थान के माध्यम से कैंसर जागरूकता कार्यक्रम चलाने की अनुमति मांगी गई। प्रबन्ध समिति के सदस्य सोहन लाल मिश्र ने रमनगरा गांव में बाढ़ से प्रभावित हुए नागरिकों के बीच सहायता सामग्री के वितरण की मांग रखी। प्रबन्ध समिति के अन्य सदस्य एडवोकेट राहुल पाठक द्वारा बार एसोशिऐशन के मध्य भी नेत्र जांच शिविर आयोजित करने की मांग की गई। उक्त सभी मांगो को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया व अध्यक्ष द्वारा शीघ्र ही समस्त कार्य कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। इस बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एस0पी0 तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक सन्त प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी0के0 दास, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी अभय प्रताप, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मातनहेलिया,प्रधानाचार्य अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज ज्योति प्रकाश पाण्डेय, संस्था कोषाध्यक्ष रवि मिश्र, प्रबन्ध समिति के सदस्य राहुल पाठक, राहुल शर्मा, सोहन लाल मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कानपुर में हत्या कर फेंकी गई एक और युवती की लाश

## बिल्हौर की नहर में मिली युवती की लाश छान बीन में जुटी पुलिस

सुनील बाजपेई

तीन साल के भीतर हो चुकी एक दर्जन से ज्यादा युवतियों, कइयों की शिनाख्त आजतक नहीं

कानपुर। यहां जिले में युवतियों की हत्याओं का सिलसिला लगातार जारी है । इसी क्रम में एक और युवती की हत्या करके उसकी लाश नहर में बहा दी गई ,जिसे बरामद करने के बाद पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है।

किसी युवती की हत्या की यह घटना पहली नहीं है। इसके पहले भी बीते 3 साल के अंदर एक दर्जन से ज्यादा युवतियों की इसी तरह से हत्या की जा चुकी हैं इनमें से कईयों की लाशों की शिनाख्त आज तक नहीं हो पाई

युवती की हत्या की गई यह लाश बिल्हौर ककवन के निचली गंगनहर में नहर पुल के पास मिली। सूचना पर मौके पर मौजूद पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर जांच पड़ताल की। शव की पहचान न होने पर पुलिस ने अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दयिा। इसकी जानकारी पर एसीपी आलोक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। इस बीच शव बहता हुआ नहर पुल के पास झाल में पहुंच गया। पुलिस ने शव बाहर निकलवा कर देखा तो वह युवती का निकला। शरीर पर कपड़े नहीं थे। वही गले में एक कपड़ा फंसा हुआ था।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने युवती की हत्या कर शव नहर में फेंके जाने की आशंका जाहिर की। इंस्पेक्टर बृजमोहन सिंह ने बताया कि शव दस दिन से अधिक पुराना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आयोग अध्यक्ष ने 18.40 करोड़ रुपये के कार्यों का किया भूमिपूजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(12जनवरी) मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक गौरीशंकर बिसेन ने नगरीय क्षेत्र बालाघाट में 03 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक-01 एवं 13 में बनने वाली 18 सीमेंट-कांक्रीट सड़क एवं 13 नालियों के निर्माण तथा जिला चिकित्सालय बालाघाट में 15 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 100 बिस्तरों के गहन चिकित्सा कक्ष के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, नगर पालिका के पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडेय, सिविल सर्जन डॉ संजय धबड़गांव,एसडीएम संदीप सिंह, अन्य गणमान्य नागरिक एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयोग अध्यक्ष श्री बिसेन ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि नगरीय क्षेत्र बालाघाट को विकास के मामले में प्रदेश का अग्रणी शहर बनाया जायेगा। वार्डों में सीमेंट-कांक्रीट सड़क एवं नाली निर्माण के साथ ही साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। इसमें बालाघाट के नागरिकों का भी सहयोग बहुत जरूरी है। बालाघाटनगर के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होने देंगें। सरेखा रेल्वे ओव्हर ब्रिज सहित गर्रा एवं भटेरा रोड के रेल्वे ओव्हर ब्रिज के काम भी शीघ्र ही प्रारंभ किये जायेंगें। श्री बिसेन ने कहा कि आज जिला चिकित्सालय बालाघाट को बड़ी सौगात मिली है। यहां पर 15 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से 100 बिस्तरों का गहन चिकित्सा कक्ष बनाया जायेगा। इसके बनने से जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा और आम जन को स्वास्थ्य की अच्छी सुविधा मिलने लगेगी।



# जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण में समूचे सीतापुर में हो रहा अवैध मिट्टी खननः शिव प्रकाश सिंह

**दैनिक समाज जागरण**

सीतापुर। किसान मंच राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह कैसी विडम्बना है कि समूचे जनपद सीतापुर में दिन रात अवैध मिट्टी खनन उन्हीं के संरक्षण में हो रहा जिन्हें इस पर रोक लगाने के लिए शासन द्वारा तैनात किया गया है। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि सीतापुर गोला रोड पर सीतापुर सीमा चार किलोमीटर के अंदर सड़क के दोनों तरफ सड़क के किनारे भट्ठों की खाली जमीनों व बंद भट्ठों की जमीन खरीद फरोख्त के बाद पूंजिपतियों द्वारा दिन रात दसियों ट्रैक्टर ट्रालियों से मिट्टी भरी जा रही है,आए दिन जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी वहां सड़क से गुजरते हैं,परंतु उन्हें अवैध मिट्टी खनन इसलिए नहीं दिखता क्योंकि उनका वेतन के अतिरिक्त लाखों रुपए का निर्धारित शुल्क उन तक पहले ही पहुंच चुका होता है। शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन अगर अविलंब इन भू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करता फिर किसान मंच आंदोलन के लिए बाध्य होगा,जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



# फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए एमएमडीपी किट का वितरण हुआ!

**(संवाददाता) विवेक कुमार समाज जागरण!**

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र सिसेंडी पीएचसी पर फाइलेरिया मरीजों का रुग्णता प्रबंधन व दिव्यांगता रोकथाम पर अभिमुखीकरण लखनऊ,11 जनवरी (2023)स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में बुधवार को मोहनलालगंज ब्लॉक के सिसेंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर फाइलेरिया मरीजों का रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता रोकथाम(एमएमडीपी) पर अभिमुखीकरण किया गया ।

इस मौके पर 54 फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट प्रदान की गयी इस अवसर पर मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक डा. अशोक कुमार ने कहा कि एमएमडीपी किट का वितरण फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए किया गया है । किट में टब, मग, तौलिया, एंटी फंगल क्रीम और साबुन शामिल हैं । इसका उपयोग फाइलेरिया रोगी स्वयं ही करें` फाइलेरिया बीमारी ठीक नहीं हो सकती है, इसलिए प्रबंधन से ही इसको नियंत्रित किया जा सकता है । इसके साथ ही नियमित व्यायाम करने और प्रभावित अंगों की साफ- सफाई करने के बारे में भी बताया गया । मरीजों से कहा गया कि सोते समय पैर के नीचे तकिया लगा लें और अधिक देर तक पैर लटकाकर न रखें

सिसेंडी पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. दिवाकर भारद्वाज ने कहा कि उचित देखभाल न करने से फाइलेरिया रोगी दिव्यांग हो सकता है और व्यक्ति का जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो सकता है यह बीमारी ठीक तो नहीं हो सकती है, केवल प्रबंधन ही हो सकता है` फाइलेरिया से बचाव के लिए साल में एक बार दवा खाना जरूरी है ।

उन्होंने कहा कि 10 फरवरी से फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाने का अभियान (आईडीए) चलाया जाएगा। इसके तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलाएंगी` दवा का सेवन जरूर करें और घर के सदस्यों और आस-पास के लोगों को भी दवा का सेवन करने के लिए प्रेरित करें` खाली पेट दवा का सेवन नहीं करना है` लगातार पांच साल तक साल में एक बार दवा खाने से इस बीमारी से बचा जा सकता है` दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और अतिगंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को इस दवा का सेवन नहीं करना है ।

इस अवसर पर प्रभावित अंगों की देखभाल और व्यायाम की प्रक्रिया को सीख चुके फाइलेरिया रोगी नेटवर्क सपोर्ट ग्रुप के 41 सदस्य उपस्थित रहे

इस मौके पर शीतला माता समूह की सदस्य भदेसुआ गाँव निवासी 20 वर्षीया नगमा का कहना है कि समूह से जुड़े हुए लगभग एक साल हो गया है मेरा बायाँ हाथ फाइलेरिया से प्रभावित है । समूह का सदस्य बनने के बाद हमे फाइलेरिया प्रभावित अंगों की साफ सफाई और व्यायाम के बारे में बताया गया, जिसका मैने नियमित अभ्यास किया और आज मेरा हाथ बिल्कुल सामान्य है, इसकी सूजन खत्म हो गई है` आज मुझे जो टब, मग, तौलिया, साबुन आदि मिला है इसका उपयोग मैं अपने हाथों की देखभाल करने में करूंगी । इस सामान को पाकर मैं बहुत ही खुश हूँ लोगों से मेरा यह कहना है कि आशा दीदी जब भी फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाने आएं तो जरूर खाएं ताकि यह बीमारी न हो

इस मौके पर बीसीपीएम आनंद, पीएचसी के कर्मचारी, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के प्रतिनिधि और 54 फाइलेरिया रोगी मौजूद रहे



# मां शाकंभरी जयंती में शामिल हुए विधायक बांधी, पटेल समाज के लिए तीन लाख देने की घोषणा

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर ।मस्तूरी पटेल समाज के द्वारा मां शाकंभरी की जयंती के उपलक्ष में ग्राम मचहा में कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें समाज के महिलाओं और बालिकाओं के द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी शामिल हुए इस दौरान विधायक ने समाज के भवन के लिए 3 लाख देने का घोषणा की। इस दौरान विधायक बांधी कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा ही मनुष्य को संस्कार और गुणवान बनाती है। समाज के लोग ज्यादा शिक्षित होंगे तभी समाज का सम्मान बढ़ेगा। और पटेल समाज एक मेहनतकश समाज है। कड़ी मेहनत कर धरती को हरा भरा बनाने का कार्य मरार समाज करता है। विधायक बांधी ने आगे कहा कि बड़ा सौभाग्य का दिन है कि पटेल समाज के द्वारा आयोजित मां शाकंभरी की जयंती मनाई जा रही है और पटेल समाज एक ऐसा समाज जो खाली कृषि के क्षेत्र में नही, बल्की हर क्षेत्र में काफी आगे है। समाज का हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व सहयोग लगातार मिलता आ रहा है। चाहे विकास की बात हो, राजनीति का क्षेत्र हो, सामाजिक क्षेत्र हो धार्मिक क्षेत्र हो, समाज किसी भी क्षेत्र में कहीं भी पीछे नहीं है। निश्चित रूप से हर क्षेत्र में आप सभी का सहयोग प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष रूप से हम सभी को मिलता रहता है।

# प्रशांत भाऊ की सदभावना पद यात्रा निरंतर जारी,जनता दे रही है आशीर्वाद

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(12जनवरी)सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा नेता इंजी. प्रशांत भाऊ के द्वारा क्षेत्र की खुशहाली, शांति एवं चंहुमुखी विकास, शिक्षा स्थानीय जनता की समस्याओं को करीब से जानने के उद्देश्य से जारी सदभावना पद यात्रा खैरलांजी विकास खण्ड के अंतर्गत भ्रमण करते हुये तिरोड़ी से लिंगापौनार पहुंची ।बता दें निरंतर जारी सदभावना पद यात्रा कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के करीबन 140 ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनकर प्रशासन व शासन तक पहुंचाने का आश्वासन देकर प्रशांत भाऊ का काफिला आगे बढ़ता जा रहा है जिसको जनता भरपूर समर्थन व आशीर्वाद देकर विदा करती दिख रही है और यह सब देखकर विपक्ष को हजम नही हो रहा है जिससे प्रशांत भाऊ के विपक्षी तिलमिला उठे हैं लेकिन इस सबसे बेपरवाह प्रशांत भाऊ बिना डरे,बिना रुके निरंतर आगे बढ़ते जा रहे है और जनता प्रशांत भाऊ के काफिले में शामिल होकर इस पदयात्रा को विशाल जनसमूह में परिवर्तित करती दिख रही है ।करीबन 400 किमी की पद यात्रा पठार क्षेत्र के बुथ क्रमांक एक खैरलांजी से यात्रा प्रांरभ हुई जो विभिन्न ग्रामीण अंचलों का भ्रमण करते लिंगापौनार पहुंची।

भारी जनसर्मथन से भाऊ गदगद

युवा नेता इंजीनियर प्रशांत भाऊ के नेतृत्व में आयोजित सदभावना यात्रा को सभी वर्गों का भारी जनसर्मथन मिल रहा है वही ग्रामीणों के द्वारा अपने अपने गांव में सदभावना पद यात्रा का पलक बिछाये आत्मीयता के साथ पद यात्रियों का स्वागत करते हुये हौसला बढ़ा रहे है इस प्यार व आशीर्वाद को पाकर भाऊ फूले नही समा रहे हैं ।अभी भले ही विधानसभा चुनाव दूर है पर प्रशांत भाऊ के सद्भावना यात्रा से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है जो प्रशांत भाऊ के लिए अच्छा संकेत है।

प्रशांत भाऊ अपनी इस यात्रा के दौरान खेत मे कार्य कर रहे मजदूरों एवं किसानों से भी चर्चा कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया व आश्वासन दिया कि आपकी समस्या अब हमारी समस्या है और इसको जबतक हल नही कर लेता तबतक मैं चैन से नही बैठूंगा।





# सहारा इंडिया के विरुद्ध जारी आंदोलन में विस्तार

**पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

सीतापुर। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा सहारा इंडिया के निवेशकों की धन वापसी के लिए संचालित आंदोलन का फैलाव बढ़ता जा रहा है। आज लखीमपुर खीरी से भारी संख्या में लोगों ने धरना स्थल पर पहुंच कर आंदोलन में हिस्सेदारी की और अपनी बात रखी। संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि जिस तरह उत्तर प्रदेश के एक हिस्से से शुरू हुआ किसान आंदोलन समूचे देश में फैल गया था। ठीक उसी तरह सहारा इंडिया के विरोध में शुरूआत हो चुकी है। किसान मंच राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि आजादी के बाद सबसे बड़े घोटाले में शामिल करोड़ों लोगों का दर्द अब सड़कों दिखने लगा है। जिला प्रशासन सीतापुर की मूक दर्शिता भविष्य के लिए एक बड़े आंदोलन की रुप रेखा तैयार कर रही है। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि लगभग पांच लाख करोड़ से अधिक का घोटाला आम जन मानस की गाढ़ी कमाई का हिस्सा है। सिख संगठन जिला अध्यक्ष गुरु पाल सिंह ने कहा कि भविष्य का समय सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष के जन प्रतिनिधियों में इस प्रकरण पर चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि यह सभी एक ही थैली के चट्टे बट्टे हैं ।नवल किशोर शर्मा ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा हम सभी के लिए इस भीषण सर्दी में विगत पांच दिनों से किए जा रहे संघर्ष हेतु हम आजीवन आभारी रहेंगे और अब आर पार की लड़ाई में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे ।धरना स्थल पर उपस्थित लोगों में आज लखीमपुर से शामिल संतोष कुमार ऐरा,सुशील कुमार गुप्ता खमरिया,राम निवास गुप्ता खुटार, कामता प्रसाद पलिया के साथ सीतापुर से शोभा लोधी, शिवम सिंह, रीतेश कुमार गुप्ता, अवधेश बघेल,विवेक मिश्र, के डी निषाद सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।




# दबंगों से परेशान आमरण अनशन पर बैठा अपाहिज पीड़ित

## जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

जलगांव/संवाददाता : तालुका बोदवड निवासी माणिक विश्वनाथ भिसे ने जानकारी देते हुए बताया की उन्होंने कई वर्षों से बो दवाड में ही अपनी छोटी सी दुकान चलाते है। लेकिन कई दिनों से कुछ स्थानीय निवासी दबंग लोगों ने उनका जीना दुभर कर रखा है ।उन्होंने मेरी दुकान को जबरदस्त वहां से हटा दिया है जिससे मेरा परिवार रोड पर आ चुका है। पीड़ित के अनुसार उन्होंने जिला शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार उन्होंने जलगांव जिलाधिकारी कार्यालय के सामने न्याय न मिलने तक आमरण अनशन पर बैठे है। उन्होंने बताया की उन्होंने नगर पंचायत सीईओ व जिलाधिकारी को भी अपनी समस्या से रूबरू कराया है। लेकिन अभी तक उन्हें कोई न्याय नहीं मिल पाया है ।उन्होंने मीडिया को बताया की जब तक हमें दबंगों पर कार्रवाई और जिला प्रशासन से न्याय नहीं मिल जाता तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा ।अब देखना यह है की प्रशासन एक अपाहिज पीड़ित का दुखड़ा सुनने में कितना समय लगाती है।

किया कहते है सामाजिक संगठन : आदिवासी वाल्मिक लव्य सेना के जिला अध्यक्ष योगेश बाविस्कर का कहना है की पीड़ित दोनो पैरों से अपंग है इस मामले में पीड़ित को जिला प्रशासन की तरफ से न्याय की बाबत जल्द कदम उठाने चाहिए और जल्द से जल्द पीड़ित को न्याय दिलाना चाहिए।




# ठंड में अपने स्वास्थ्य का रखें ख्याल

**(संवाददाता) विवेक कुमार समाज जागरण!**

हरदोई,(11) जनवरी 2023

इस जबरदस्त ठंड में बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए` इसके साथ ही हृदय रोगियों को अपना खास ख्याल रखना चाहिए`इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश कुमार तिवारी बताते हैं कि यदि सीने में लगातार भारीपन रहे, गैस जैसी दिक्कत लगातार हो, सीने के बीचों बीच या जबड़ों में दर्द हो, घबराहट या बेचैनी महसूस हो तो शीघ्र ही चिकित्सक को दिखाएं`

सर्दी में नसें सिकुड़ जाती हैं और यह नसें बाहरी तापमान के प्रति अति संवेदनशील होती हैं` नसें सिकुड़ने पर ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है` अचानक बीपी बढ़ने से सीने में दर्द, घबराहट, उलझन और सांस लेने में तकलीफ होने लगती है` यदि समय पर इसका उपचार नहीं किया जाये, तो ब्रेन स्ट्रोक होने की संभावना बढ़ जाती है ।उदाहरण के लिए यदि किसी व्यक्ति की नसों में कोलेस्ट्रॉल के कारण 40 फीसद रुकावट पहले से है तो उसमें हृदय रोग के लक्षण दिखाई नहीं देंगे लेकिन ठंड के कारण नसों के सिकुड़ने से यह रुकावट 70 से 80 फीसद हो सकती है जो कि एन्जाइना या हृदय रोग के रूप में प्रकट हो सकती है बीपी, शुगर और हृदय सम्बन्धी समस्या के रोगी, दवाइयों का सेवन सही समय पर करें और नियमित रूप से चिकित्सक की देखरेख में रहें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ठंड के मौसम में शरीरिक ग्रतिविधियाँ कम हो जाती हैं ऐसे में हल्का भोजन ही शरीर के लिए फायदेमंद होता है क्योंकि गरिष्ठ भोजन को पचाने के लिए पेट का रक्त संचार बढ़ जाता है और हृदय का रक्त संचार कम हो जाता है` जिससे हृदय की समस्याएं बढ़ जाती हैं` इसलिए तले भुने खाद्य पदार्थ, जंक फूड व मिठाई का सेवन कम करें` इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है` इसके अलावा प्रोसेस्ड मीट और डेयरी उत्पादों का सेवन भी कम से कम करें` एल्कोहॉल, तंबाकू या तंबाकू उत्पादों का सेवन न करें` पानी की पर्याप्त मात्रा लेनी चाहिए जिससे डिहाइड्रेशन से बचा जा सके` बासी भोजन के सेवन से बचें`

हृदय रोगियों को धूप निकलने पर ही बाहर निकलना चाहिए` कोहरे में घर से निकलना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है` नियमित व्यायाम और ध्यान करना चाहिए चिंता , तनाव और अवसाद से दूर रहें` दिन में कम से कम सात से आठ घंटे की नींद अवश्य लें`इसके अलावा एस्प्रिन की गोली अवश्य रखें` आकस्मिक परिस्थिति में चिकित्सक के परामर्श पर एक गोली चबाकर गुनगुने पानी से पी लें` यह खून को पतला करती है जिससे हृदयघात की स्थिति में मृत्यु की संभावना 25 फीसद तक कम हो जाती है और रोगी को अस्पताल तक ले जाने का समय मिल जाता है मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि शरीर को गरम रखें टोपी, मफलर, दस्ताना, मोजे और गरम कपड़े पहने` गुनगुना पानी पीयें, गरम कमरे से निकलकर अचानक ठंडे में न जाएँ



# आवारा पशुओ ने किसानों की तमाम फसलों को किया बर्वाद

हसनपुर(मुबारिजपुर) । विकास खंड गंगेश्बरी क्षेत्र के गांव खाजेपुर मे पिछले कई महिनों से तमाम किसानो की फसलों को आवारा छुट्टा पशुओ ने बर्वाद कर दिया जिसके आतंग से किसान परेशान हो चुके हैं पूर्व मे कई आवारा पशु किसानों पर हमला करने को सीधे हो गए थे जिस कारण आवारा पशुओ से किसानो मे भय भी उत्पन्न है रात के समय में अपने खेतो से आवारा पशुओ को नही निकाल पाते ज्ञानेन्द्र ने बताया है कि दस बीघे गेहूँ की फसल आवारा पशुओ ने नष्ट कर दी कैसे अन्य पैदा करे किसान गंगाराम ने भी बताया है कि दिन रात रहकर भी खेतो की रखवाली करने पर भी नहीं फसलों को नही छोड़ रहे जिससे किसान पूरी तरह परेशान है इनका जल्द प्रबंध किया जाए ।

# सहकारिता एवं उद्योग समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(12जनवरी)जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में समिति के सभापति झामसिंह नागेश्वर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में श्रम विभाग, रेशम विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग, हाथकरघा खादी ग्राम उद्यो, सहकारिता, जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, खनिज विभाग, अक्षय ऊर्जा, लीड बैंक, पशु चिकित्सा सेवाएं, मत्स्य विभाग, जिला अंतव्यवसायी, तकनीकी शिक्षा एवं सहकारी सोसायटी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और विभागीय योजनाओं की जानकारी ली गई। सभापति झामसिंह नागेश्वर द्वारा बताया गया कि सेंट्रल बैंक लालबर्रा में आ रही समस्याओ का निराकरण किया जाये। सभी विभाग हितग्राही मूलक योजनाओं का प्रचार प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं की जानकारी हो और वे उसका लाभ उठा सकें। उन्होंने अंतिम छोर के व्यक्ति को अधिक से अधिक लाभ मिल सके ऐसे प्रयास अधिकारी कर्मचारियों की ओर से किये जाने की अपेक्षा की। कैनरा बैंक खैरलांजी में आ रही समस्याओ के निराकरण के लिए अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा आस्वस्त किया गया।



# जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की गई समीक्षा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(12जनवरी) बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सांसद डॉ बिसेन द्वारा प्रधानमंत्री खनिज कल्याण प्रतिष्ठान सांसद आदर्श ग्राम योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आजीविका मिशन, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार के माध्यम से केन्द्र सरकार को भेजने को कहा। जिन स्कूलों में बिजली नहीं है या पहुंच विहीन क्षेत्र के स्कूलों में बिजली की सुविधा के लिए सोलर पैनल लगाने को कहा गया। स्मार्ट क्लास के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को जेम पोर्टल से ब्रांडेड कंपनी के ही कम्प्यूटर क्रय करने कहा गया। पीएमश्री स्कूलों के लिए शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार ही स्कूलों का चयन करने कहा गया। अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना की राशि का शीघ्रता से भुगतान करने कहा गया।



# मानव का मानवता ही धर्म होना चाहिए : सालिग्राम महाराज

**समाज जागरण संवाददाता**

जलगांव : ईश्वरी भक्ति में होती है अपार शक्ति उक्त बातें प्रसिद्ध प्रवचन परम पूज्य श्री सालिग्राम शिरसाठ कोली जी महाराज ने जलगांव स्थित वाल्मिक नगर में आयोजित संगीतमय शिवमहापुराण कथा व हरिनाम संकीर्तन सप्ताह के दौरान श्रद्धालुओं को अपने श्री मुख से प्रवचन के दौरान कही।उन्होंने कहा की मनुष्य को हमेशा अच्छे कर्म करते रहने चाहिए। जिसका फल उनको एकदिन जरूर मिलता है। उन्होंने कहा की भगवान के नाम में अपार शक्ति होती है इसलिए दिल से उस परमपिता परमात्मा का हमेशा विशेष आभार व्यक्त करते रहना चाहिए। जिन्होंने हमें मनुष्य का जीवनदान दिया है। सालिग्राम महाराज ने कहा की मनुष्यों को हमेशा बुरे कर्म से बचना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन जय श्री बिट्ठू राय बहुउद्देशीय मंडल द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ महाराज के प्रवचन सुनकर अच्छाई के रास्ते पर चलने का भी प्रण ले रहे है। जानकारी यह भी है की 15 जनवरी को महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली जा रही है। जबकि 16 जनवरी को महाप्रसाद का भी वितरण होगा।



# कांग्रेस नेता अशोक राजवाल ने जयंती समारोह किरारी में कहा महान समाज सुधारक व स्वतंत्रता सेनानी थे मोहर साय जी

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर ।मस्तूरी किरारी नहर पारा में गाँव के प्रबुद्ध जनों सरपंच व सूर्यवंशी समाज के युवाओं द्वारा समाज सुधारक मोहर साय जी के जयंती का आयोजन किया गया ।जिसमें समाज प्रमुख लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अतिथि के रूप में शामिल कांग्रेस नेता अशोक राजवाल ने आयोजकों को बधाई एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता एवं समरसता को बढ़ावा मिलता है युवाओं को सही दिशा मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित सूर्यवंशी समाज के जिला अध्यक्ष ने घोषणा किया कि अगला मोहर साय जी का जयंती जिला स्तर में भव्य रूप से मनाया जायेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक दिलीप लहरिया जी, सुर्यवंशी जिला अध्यक्ष डहरिया जी, तमेश सिंह ठाकुर जी, कांग्रेस नेता अशोक राजवाल, जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह जी , महासचिव मनिष सेंगर जी , अन्नू करियारे, राहुल सिंह जी, लखन टंडन जी, बादल खुटे आयोजन कर्ता में सरपंच कुंजराम बेन, लक्ष्मी नारायण बेन, अध्यक्ष कमलेश गढेवाल, अजय बेन, रोहित करियारे, अर्जुन लास्कर, शरद सुर्यवंशी, संत कुमार, संदीप बृजवासी, शिवकुमार, रमेश, सुरेश, जितेंद्र बेन, प्रदीप लास्कर,रवि, विनोद, राहुल उपस्तिथ रहे

